3 राजधानी
रेजीडेंट डॉक्टरों का काटा वेतन

6 अभिमत
बजट में खाद्यान्न सब्सिडी की पहेली

10 विदेश
विश्वास बहाली उपायों पर चर्चा को तैयार रूस

11 विविध
कोविड ने दिया घरेलू पर्यटन को बढ़ावा

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 101
नई दिल्ली, बुधवार, 16 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सुरेश रैना अब टीम में फिट नहीं बैठते
स्पोर्ट्स-12

# एबीजी शिपयार्ड प्रबंधन के खिलाफ लुकआउट नोटिस

● सीबीआई ने 23 हजार करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के आरोपियों को विदेश भागने से रोकने के लिए उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**केंद्रीय** जांच एजेंसी सीबीआई ने करीब 23000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोपी एबीजी शिपयार्ड कंपनी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल तथा आठ अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।


यह कदम आरोपियों को हवाईअड्डों के जरिए या सीमा पार कर विदेश भागने से रोकने के लिए उठाया जाता है। एजेंसी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) पहले ही सीबीआई द्वारा जारी किए जा चुके हैं। एजेंसी ने कहा कि आरोपी भारत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि मामले के आरोपी देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकें, इसके लिए यह निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया है कि लगभग 100 उच्च-मूल्य वाले बैंक धोखाधड़ी के मामले हैं जो राज्य सरकारों द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम की धारा 6 के तहत विशिष्ट सहमति के गैर-अनुपालन के कारण दर्ज नहीं किए जा सके, जहां सामान्य सहमति वापस ले ली गई है। संविधान के अनुसार चूंकि पुलिस और पब्लिक ऑर्डन राज्यों के विषय होते हैं, इसलिए सीबीआई को किसी केस की जांच के लिए संबंधित राज्य से आमतौर पर सहमति लेनी पड़ती है। एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड 2001 से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ कारोबार में शामिल है। एसबीआई के अनुसार, एबीजी शिपयार्ड का खाता 30 नवंबर, 2013 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में बदल गया था। शिकायत बैंक के अनुसार, एनपीए 22,842 करोड़ रुपये है।

इसमें से अधिकांश रकम का वितरण कंपनी को आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई सहित 28 बैंकों के एक संघ द्वारा 2005 और 2012 के बीच हुआ। भारतीय स्टेट बैंक ने भी 2019 में मुख्य आरोपी के खिलाफ एलओसी प्रक्रिया शुरू की थी। सीबीआई ने एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल व अन्य लोगों के खिलाफ बैंकों के एक समूह (कंसोर्टियम) के साथ करीब 22,842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया तथा एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। ये आरोप भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत लगाए गए हैं।

सीबीआई ने अपनी जांच जारी रखते हुए 12 फरवरी को 13 स्थानों पर छापेमारी की थी। अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें कई ठोस दस्तावेज मिले हैं, जिनमें कंपनी के खाते शामिल हैं और उनकी जांच की जा रही है। बैंक ने सबसे पहले आठ नवंबर, 2019 को एक शिकायत दर्ज कराई, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसी ने 12 मार्च, 2020 को कुछ स्पष्टीकरण देने को कहा था। बैंक ने उसी साल अगस्त में एक नई शिकायत दर्ज ( शेष पेज 9 )

# रूस ने कुछ सैनिकों को वापस लेने का किया ऐलान

यूक्रेन संकट सुलझने के आसार



दक्षिणी रूस से यूक्रेन की ओर टैंक ले जाती एक रेलगाड़ी

एपी। मास्को

**रूस** ने मंगलवार को कहा कि सैन्य अभ्यास में हिस्सा ले रहीं कुछ सैन्य टुकड़ियां अपने सैन्य अड्डे के लिए लौटना शुरू करेंगी। हालांकि, रूस ने वापसी का ब्योरा नहीं दिया है, लेकिन इससे यह उम्मीद जगी है कि शायद रूस की योजना यूक्रेन पर हमला करने की न हो। यह ऐलान रूसी विदेश मंत्री के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने संकेत दिए थे कि उनका देश उन सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर बातचीत जारी रखने के लिए राजी है, जिसने यूक्रेन संकट को जन्म दिया। तनाव पनपने के हफ्तों बाद रूस के रुख में यह परिवर्तन दिखा।

हालांकि अब भी पश्चिमी देशों के अधिकारी यह चेतावनी देना जारी रखे हुए हैं कि रूस किसी भी क्षण यूक्रेन पर हमला कर सकता है और वह सैन्य साजो सामान सीमा की ओर ले जा रहा है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि रूसी रक्षा मंत्रालय ने जिन सैन्य टुकड़ियों को वापस लेने की बात की है, वह कहां तैनात हैं और उसमें कितने सैनिक हैं। इस ऐलान के बाद विश्व बाजार समेत रूसी मुद्रा रूबल के भाव में उछाल देखने को मिला है। हालांकि यूक्रेन के नेता रूस की इस घोषणा पर संदेह जता रहे हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा, रूस लगातार कई तरह के बयान दे रहा है। यही वजह है कि हमने नियम बनाया है कि हम सुनी हुई बातों पर विश्वास नहीं करेंगे। हम देखने के बाद विश्वास करेंगे। यूक्रेन की सीमा पर रूस ने 1,30,000 से अधिक सैनिक तैनात कर दिए हैं, जिसने हमले की आशंका को जन्म दिया। हालांकि रूस यूक्रेन पर हमले की मंशा से इनकार करता रहा है, लेकिन यूक्रेन के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करके वह पास में ही बड़ा युद्धाभ्यास भी करता रहा है। आशा की नई किरण के साथ कूटनीतिक घटनाक्रम की झड़ी लग गई है। जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने कीव में यूक्रेन के नेताओं से बातचीत करने के एक दिन बाद मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने की योजना बनाई। उधर, रूस के सबसे कड़े यूरोपीय आलोचकों में से एक पोलैंड के विदेश मंत्री भी रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ( शेष पेज 9 )

## भारतीय छात्रों को दी गई यूक्रेन छोड़ने की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● भारतीय दूतावास ने यूक्रेन-रूस सीमा पर बढ़ते तनाव के बाद जारी किया परामर्श

**यूक्रेन** में युद्ध की आशंका और अनिश्चित हालात को को देखते हुए भारत ने मंगलवार को वहां रहने वाले अपने सभी छात्रों को अस्थायी रूप से तुरंत देश छोड़ने को कहा है। इसके अलावा भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने का परामर्श भी जारी किया है। यूक्रेन की सीमा पर रूस द्वारा सैनिकों का जमावड़ा बढ़ाने को लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और मास्को के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत ने यह कदम उठाया है।

कीव स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श में भारत के नागरिकों को यूक्रेन की और यूक्रेन के अंदर सभी गैर-जरूरी यात्रा से बचने को कहा है। इसमें कहा गया है, यूक्रेन में मौजूदा स्थिति की अनिश्चितताओं के मद्देनजर वहां भारतीय नागरिक, खास तौर पर छात्र, जिनका रहना जरूरी नहीं है, अस्थाई रूप से देश (यूक्रेन) छोड़ने पर विचार कर सकते हैं। यूक्रेन में रह रहे भारतीयों की संख्या की जानकारी अभी नहीं है। हालांकि, 2020 के एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, यूक्रेन में करीब 18,000 भारतीय छात्र अध्ययन कर रहे हैं। लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते इस आंकड़े में कमी की संभावना है।

यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने परामर्श में भारतीय नागरिकों से अपनी स्थिति के बारे में सूचित करते रहने को कहा है ताकि दूतावास जरूरत पड़ने पर उन तक पहुंच सके। इसमें कहा गया है कि दूतावास ने यूक्रेन में भारतीय नागरिकों को सभी सेवाएं मुहैया करने के लिए सामान्य रूप से कामकाज करना जारी रखा है। यूक्रेन की सीमा पर रूसी सैनिकों का जमावड़ा बढ़ने को लेकर अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने ( शेष पेज 9 )

# आप सरकार की याचिका सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली बनाम केंद्र

● दिल्ली पर प्रशासनिक अधिकार तय करने के मामले में तीन मार्च को होगी सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण के विवादित मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की याचिका पर तीन मार्च को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया है। दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर किसका नियंत्रण होगा, यह विवाद 2019 के एक खंडित फैसले के बाद पैदा हो गया था।

14 फरवरी, 2019 को न्यायमूर्ति एके सीकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की दो सदस्यीय पीठ ने प्रधान न्यायाधीश से सिफारिश की थी कि राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे पर खंडित फैसले के मद्देनजर अंतिम फैसला करने के लिए तीन-न्यायाधीशों की पीठ गठित की जाए। न्यायमूर्ति भूषण ने फैसला दिया था कि प्रशासनिक सेवाओं पर दिल्ली सरकार के पास कोई अधिकार नहीं है। हालांकि न्यायमूर्ति सीकरी ने अलग फैसला दिया था। उन्होंने कहा कि शीर्ष पदों (संयुक्त निदेशक और उससे ऊपर) पर अधिकारियों के तबादले या तैनाती केवल केंद्र सरकार द्वारा ही की जा सकती है।

दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया। सिंघवी ने कहा कि यह मामला इस सवाल से संबंधित है कि क्या दिल्ली सरकार का अपने आईएएस अधिकारियों पर कोई नियंत्रण और शक्ति है या नहीं। इसकी सुनवाई 2020 में और फिर 2021 में दिवाली की छुट्टी के बाद होनी थी। इस पर पीठ ने ( शेष पेज 9 )

# चारा घोटाले में लालू प्रसाद दोषी करार

● 139.5 करोड़ के डोरंडा कोषागार गबन मामला में 18 को सुनाई जाएगी सजा

● इससे पूर्व चारा घोटाला के चार अन्य मामलों में 14 साल की हो चुकी है सजा

भाषा। रांची



रांची की सीबीआई कोर्ट में सुनवाई के लिए जाते लालू प्रसाद यादव

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को 139.5 करोड़ रुपए के डोरंडा कोषागार गबन मामले में दोषी ठहराया। सीबीआई के एक वकील ने कहा कि सजा 18 फरवरी को सुनाई जाएगी। अदालत ने 29 जनवरी को मामले में दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रसाद को इससे पहले चारा घोटाला के चार अन्य मामलों में 14 साल जेल की सजा सुनाई जा चुकी है। सीबीआई के वकील ने कहा, लालू प्रसाद को दोषी ठहराया गया है। सजा 18 फरवरी को सुनाई जाएगी।

विशेष सीबीआई के न्यायाधीश एस के शशि की अदालत ने प्रसाद सहित 99 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई पूरी की थी, जो पिछले साल फरवरी से चल रही थी। अंतिम आरोपी डॉ शैलेंद्र कुमार की ओर से बहस 29 जनवरी को पूरी हुई। सभी आरोपियों को फैसले के दिन अदालत में प्रत्यक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया गया था। मामले के मूल 170 आरोपियों में से 55 की मौत हो चुकी है, सात सरकारी गवाह बन चुके हैं, दो ने अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार कर लिए हैं और छह फरार हैं। प्रसाद के अलावा पूर्व सांसद जगदीश शर्मा, तत्कालीन लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष ध्रुव भगत, पशुपालन सचिव बेक जूलियस और पशुपालन सहायक निदेशक डॉ के एम प्रसाद मुख्य आरोपी हैं। 950 करोड़ रुपए का यह घोटाला अविभाजित बिहार के विभिन्न जिलों में धोखाधड़ी कर सरकारी खजाने से सार्वजनिक धन की ( शेष पेज 9 )

### पहले गए जेल फिर रिम्स में भर्ती कराए गए

**रांची।** दोषी करार दिए जाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को पहले न्यायिक हिरासत में होतवार स्थित बिरसा मुंडा जेल ले जाया गया और फिर वहां से स्वास्थ्य कारणों की वजह से उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया। चारा घोटाले के रांची के पांचवें और अंतिम मामले में दोषी करार दिए गए यादव को देर शाम रिम्स के पेइंग वार्ड में कमरा संख्या ए-11 में भर्ती कराया गया जहां उनके पहुंचने से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई थी। पेइंग वार्ड के प्रथम तल के कमरा संख्या ए-11 को रिम्स प्रशासन ने पहले से ( शेष पेज 9 )

# पूर्व कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने छोड़ी कांग्रेस

● अश्विनी में पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पण का था अभावः वल्लभ



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूर्व** कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने पंजाब विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को मंगलवार सुबह इस्तीफा भेजा और कहा कि वह पार्टी से बाहर रहकर देश के लिए बेहतर तरीके से कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने अपने त्यागपत्र में कहा कि मैं 46 वर्षों के लंबे जुड़ाव के बाद पार्टी से अलग हो रहा हूं और आशा करता हूं कि ऐसे परिवर्तनकारी नेतृत्व से प्रेरित होकर जनता के लिए अतिसक्रियता से काम करता रहूंगा, जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दी गई उदारवादी लोकतंत्र की उच्च प्रतिबद्धता की परिकल्पना आधारित हो। उन्होंने अतीत में मिली जिम्मेदारियों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष का आभार प्रकट किया और उनकी अच्छी सेहत की कामना की। वरिष्ठ वकील अश्विनी कुमार मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में कानून मंत्री थे। वह 2002 से 2016 तक तीन बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वह अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल भी रह चुके हैं।

कुमार ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 20 फरवरी को होने वाले मतदान से कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा दिया है। इससे पहले, गत 25 जनवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। अश्विनी कुमार का नाम अब कांग्रेस छोड़ने वाले उन प्रमुख नेताओं की फेहरिस्त में जुड़ गया है ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,142 | ↑ | 1736 | |
| निफ्टी | 17,352 | ↑ | 509 | |
| सोना | 49,619 | ↑ | 32 | /10g |
| चांदी | 63,474 | ↓ | 440 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अंडरवर्ल्ड से जुड़े मामले में मुंबई में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली, मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों, संपत्तियों की अवैध खरीद-फरोख्त और हवाला के जरिए लेन-देन से संबंधित धन शोधन के मामले की जांच के तहत मुंबई में मंगलवार को कई स्थानों पर छापा मारा। महाराष्ट्र की राजधानी में लगभग 10 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। यह कार्वाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के अंतर्गत की जा रही है। ईडी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त कुछ खुफिया जानकारी और वर्ष 1993 में मुंबई में हुए बम धमाके के मुख्य साजिशकर्ता दाऊद इब्राहिम के विरुद्ध राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर यह कार्वाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़े कुछ नेता भी एजेंसी के रडार पर है।

# लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा जमानत पर रिहा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**लखीमपुर-खीरी** हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई गई जमानत शर्तों को पूरा करने के बाद मंगलवार शाम को यहां जेल से रिहा कर दिया गया। लखीमपुर खीरी जिला जेल के अधीक्षक पी पी सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें (आशीष मिश्रा) जेल से रिहा कर दिया गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने सोमवार को लखीमपुर में हिंसा में चार किसानों की मौत के मामले में आशीष मिश्रा के जमानत आदेश में सुधार किया, जिससे आशीष की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। उच्च न्यायालय के पहले के आदेश में कुछ धाराएं लिखने से छूट गई थी जिसके कारण आशीष की रिहाई अटक गई थी जबकि उसकी जमानत ( शेष पेज 9 )

### हम शीर्ष अदालत जाएंगेः टिकैत

**लखीमपुर-खीरी( भाषा )।** किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) आठ लोगों की मौत से जुड़े लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उच्चतम न्यायालय जाएगा। इस मामले में केंद्रीय मंत्री का बेटा आरोपी है। टिकैत के भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के एक पदाधिकारी ने कहा कि एसकेएम शीर्ष अदालत में मामले की सुनवाई दोबारा करने की अपील करेगा। इस पदाधिकारी ने कहा कि बिजली गुल होने के कारण अभियोजन पक्ष ऑनलाइन सुनवाई के दौरान अपना पक्ष नहीं रख सका था। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा ( शेष पेज 9 )

# छात्रा ने नहीं उतारा हिजाब, छोड़ी परीक्षा

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में मंगलवार को हिजाब पर विवाद जारी रहा और कुछ स्थानों पर हिजाब पहने आई लड़कियों को स्कूलों में प्रवेश नहीं दिया गया। ऐसी ही एक घटना में हिजाब पहनकर कक्षा में प्रवेश नहीं दिए जाने पर एक लड़की ने परीक्षा छोड़ दी। छात्राओं के आक्रोशित अभिभावकों को स्कूल प्रशासन और पुलिस से तीखी बहस करते देखा गया। एक जगह पर एक छात्र द्वारा भगवा स्कार्फ लहराने की घटना भी सामने आई।

गत सप्ताह कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में सभी छात्रों को भगवा शॉल, स्कार्फ, हिजाब या कोई भी अन्य धार्मिक निशान पहनकर कक्षा में आने पर रोक लगा दी थी। राज्य में सोमवार से हाई स्कूल खुल गए और स्कूलों में अधिकारियों ने, हिजाब और बुर्का पहनकर आने वाली छात्राओं को अदालत के आदेश का



चिकमंगलूर में हिजाब पहने छात्राओं को स्कूल में प्रवेश से रोके जाने पर शिक्षको और पुलिस अधिकारियों से बहस करते अभिभावक

हवाला देकर कक्षा में प्रवेश से मना किया या उन्हें हिजाब उतारने को कहा गया। मंगलवार को शिवमोगा के एक स्कूल में बुर्का पहनकर आई एक छात्रा को हिजाब हटाने को कहा गया तो उसने परीक्षा देने से इनकार कर दिया। लड़की ने संवाददाताओं से कहा, हम बचपन से हिजाब पहनते आए हैं और हम इसे नहीं छोड़ेंगे। मैं परीक्षा नहीं दूंगी और घर जाऊंगी। चिक्कमगलुरु जिले के इंदवार गांव के एक सरकारी स्कूल में हिजाब पहनकर आई मुस्लिम लड़कियों को स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया और वापस भेज दिया गया। इसके बाद उसके माता-पिता स्कूल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जबरन स्कूल परिसर में घुसकर नारेबाजी की और कहा कि उन्हें अदालत का आदेश लिखित रूप में चाहिए। विरोध प्रदर्शन तेज होने पर एक अन्य छात्र ने अपने स्कूल बैग से भगवा स्कार्फ निकाल लिया। छात्र ने शिक्षकों के ( शेष पेज 9 )

### कर्नाटक के मुस्लिम विधायक सीएम से मिले

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुस्लिम विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से मुलाकात की और राज्य में हिजाब विवाद के लिए जिम्मेदार संगठनों या ताकतों के खिलाफ निर्मम कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के आगामी बजट में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए अधिक अनुदान और आवंटन की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस विधायक - सलीम अहमद, यू टी खादेर, तनवीर सैत, जमीर अहमद खान, नजीर अहमद, रहीम खान, एन ए हरीश, रिजवान अरशद, कनीज फातिमा शामिल थे। विधान पार्षद एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सलीम अहमद ने कहा, हमने मुख्यमंत्री को कहा है कि कुछ संगठन और कुछ अदृश्य ताकतें हिजाब विवाद के पीछे हैं और उनके खिलाफ निर्मम कार्वाई की जानी चाहिए। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि मामला अदालत के समक्ष लंबित है।

अहमद के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस बारे में विचार विमर्श करने और अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन भी दिया। एमएलसी नजीर अहमद ने कहा, उन्होंने मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया है कि अदालत के अंतरिम आदेश ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 16 फरवरी 2022



# जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक दौड़ेगी मेट्रो, मिनटों में होगा सफर

## प्राधिकरण को 31 मार्च तक डीपीआर सौंपेगी डीएमआरसी

● कॉरिडोर में 13 स्टेशन बनाए जाएंगे


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए किसी भी यात्री को कोई भी दिक्कत ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक आप सिर्फ एक घंटे में पहुंच सकते हैं, इसको लेकर यमुना प्राधिकरण ने रूपरेखा तैयार की है। दरअसल, जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा।
पहले ग्रेटर नोएडा से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक मेट्रो कॉरिडोर को आपस में जोड़ने की योजना थी, लेकिन अब नया कॉरिडोर बनाना पड़ेगा। जेवर से नई दिल्ली तक के करीब 72 किलोमीटर का यह कॉरिडोर शुरू होगा। जिसमें शुरुआत में रोजाना 17 हजार यात्री सफर कर सकेंगे।

जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक करीब 59 मिनट में यात्री मेट्रो से पहुंच जाएंगे। यह कॉरिडोर दो चरणों में बनेगा। इस कॉरिडोर में 13 स्टेशन बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। यह सफर एक घंटे से कम समय में पूरा हो सकेगा। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन डीएमआरसी 31 मार्च तक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) यमुना प्राधिकरण को सौंप देगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर और आईजीआई एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ने की कवायद चल रही है।

यमुना प्राधिकरण ने डीएमआरसी से इसके लिए डीपीआर बनवा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन वाले मेट्रो स्टेशन तक यह कॉरिडोर बनाया जाएगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन वाले मेट्रो स्टेशन से आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो गुजर रही है। यहां पर इस कॉरिडोर को जोड़ दिया जाएगा।

# गाड़ी में पशु ठूंसकर ले जा रहे तस्करों ने चलाई गोली

● सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नंदग्राम थानाक्षेत्र में मंगलवार तड़के कार और ऑटो में पशु ठूंसकर ले जा रहे गोतस्करों ने गोरक्षा दल के कार्यकर्ता पर गोली चला दी। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। तस्करों ने मौके से जान बचाकर भागे कार्यकर्ता का कुछ दूर तक पीछा भी किया लेकिन बाद में रास्ते से लौट गए। कार्यकर्ता ने नंदग्राम थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि तस्करों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

गोरक्षा दल के जिला प्रधान सुमित शर्मा के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब चार बजे स्कॉर्पियो और ऑटो सवार तस्कर पशुओं को स्कॉर्पियो में ठूंसकर ले जा रहे थे। इसी दौरान गोरक्षा दल के सदस्य शिवम पंडित अपनी डेयरी पर जा रहे थे।। नंदग्राम से सिहानी की तरफजाने वाली सड़क पर परशुराम मंदिर के पास उन्होंने कार में पशुओं को देखा तो रूक गए। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से पूछा तो उन्होंने खुद को गोरक्षा दल से बताया। यह सुनते ही शिवम पंडित का माथा ठनक गया। खुद को गोरक्षा दल का सदस्य बताते हुए वह पुलिस बुलाने के लिए फोन करने लगे तो तस्करों ने उन पर तमंचा तान दिया। विरोध करने पर तस्करों ने गोली चला दी।

# निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के बेसमेंट की धंसी दीवार

## गौर सिटी-1 का गेट अस्थाई रूप से बंद, लोगों में डर का माहौल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी के बेसमेंट की धंसी दीवार।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी वैसे ही काफी परेशानी से जूझ रहे हैं और अब एक और समस्या आकर खड़ी हो गई है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गौर सिटी-1 के सिटी प्लाजा के पास एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के बेसमेंट की दीवार नीचे धंस गई। जिसकी वजह से लोगों में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने बिल्डर और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

मिली जानकारी के मुताबिक सिटी प्लाजा के पास एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट कार्य चल रहा है। यह कार्य काफी समय से चल रहा है। निर्माणधीन प्रोजेक्ट में खुदाई के बाद बेसमेंट पर सीमेंट की परत चढ़ा दी गई है। निवासियों ने बताया कि सोमवार को अचानक बेसमेंट और भी ज्यादा नीचे गया धंस गया। इसके साथ प्रोजेक्ट से सटी हुई दीवार भी नीचे जमीन में धंस गई। इस हादसे की वजह से लोगों में हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी पुलिस व बिल्डर को दी गई। बताया जा रहा है कि इस मामले के बाद पुलिस और बिल्डर ने गौर सिटी.1 गेट को असुरक्षित महसूस करते हुए बंद कर दिया है। अस्थाई समय तक गौर सिटी.1 गेट बंद रहेगा, जिसकी वजह से कोई अनहोनी न हो सके।

# कल से भरे जाएंगे एनईपी कोर्स के परीक्षा फॉर्म

## बीए, बीकॉम, बीएससी के लिए विवि ने जारी किए पेपर कोड व नियम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कॉलेजों में एनईपी के तहत बीए, बीकॉम, बीएससी में पहली बार लागू सेमेस्टर सिस्टम में प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 17 फरवरी से भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय ने प्रथम सेमेस्टर के उक्त कोर्स में फॉर्म भरवाने के साथ ही पेपर कोड और नियम भी जारी कर दिए हैं।

वहीं, यूपी बोर्ड को छोड़कर अन्य सभी बोर्ड के छात्रों को फॉर्म के साथ माइग्रेशन जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बिना छात्र परीक्षा नहीं दे सकेंगे। विश्वविद्यालय ने फॉर्म भरने से पहले नियमों को पढ़ने के निर्देश दिए हैं।

विश्वविद्यालय के अनुसार उक्त कोर्स में प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 17 फरवरी से तीन मार्च तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित फॉर्म पांच मार्च तक कॉलेजों में जमा करा सकेंगे। कॉलेज ये फॉर्म सात मार्च तक कैंपस में जमा कराएंगे। विवि के अनुसार छात्र व कॉलेज एनईपी टैब में रेगुलेशन एंड ऑर्डिनेंस फॉर बीए, बीकॉम, बीएससी अंडर नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पढ़ लें। विवि ने मेजर विषयों की कोड बुक भी जारी कर दी है। विवि के अनुसार मेजर विषयों में केवल वही पेपर भरे जाएंगे जिसमें प्रवेश कंफर्म हुआ है।

# डेबिट कार्ड बंद करने के नाम पर 38 हजार रुपए की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वैशाली के एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बंद करने के नाम पर ठगों ने 38 हजार की ठगी कर ली। पीड़ित सतेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने अपना डेबिट कार्ड बंद कराने के लिए बैंक सहायता केंद्र पर संपर्क किया था। इसके चार दिन बाद एक अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को संबंधित बैंक का अधिकारी बताया। उनसे डेबिट कार्ड बंद कराने के बारे में जानकारी हासिल की। ठग ने पीड़ित को झांसे में लेकर डेबिट कार्ड बंद करने के नाम पर ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद उनके खाते से 38,400 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की कौशांबी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


# कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली–110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई–मेल : mail@cosco.in
फोन : 91–11–23843000 फैक्स : 91–11–23846000

31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत
अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2021 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,460.82 | 3,317.99 | 3,985.87 | 9,489.45 | 10,049.95 | 14,890.68 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पूर्व | 104.73 | 37.29 | 177.92 | 151.64 | 330.28 | 632.02 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात | 64.60 | 31.74 | 149.90 | 95.69 | 251.08 | 450.80 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 64.07 | 31.85 | 149.90 | 95.37 | 251.08 | 451.24 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 |
| 6 | अन्य इक्विटी | | | | | | 3,956.08 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक) | | | | | | |
| (a) | मूल (रू.) | 1.55 | 0.76 | 3.60 | 2.30 | 6.03 | 10.83 |
| (b) | तनुकृत (रू.) | 1.55 | 0.76 | 3.60 | 2.30 | 6.03 | 10.83 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com/corporates तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन



# सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शफकात अहमद कादरी/ अत्फा कादरी/ LBDEL00001056903 | फ्लैट नंबर II– एफ–/95, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर–2, दिल्ली/ 10 फरवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021/ ₹ 18,62,664/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: फरवरी 16, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



# ADDI INDUSTRIES LIMITED

CIN:- L51109DL1980PLC256335
Regd Office: 23, Eastern Avenue, Maharani Bagh, New Delhi - 110065
E-mail: atul.addi@gmail.com, Ph.: 0120-2529335
EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2021

(Amount in ` lakh)

| Sr No. | Particulars | Standalone Quarter Ended 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 61.00 | 53.85 | 8.45 | 143.49 | 18.27 |
| 2. | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 39.88 | (170.39) | (29.07) | (122.97) | (38.10) |
| 3. | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 1,273.79 | 1,038.02 | (29.07) | 4,528.25 | (37.12) |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 1,170.62 | 733.31 | (10.00) | 3,594.35 | (34.66) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 1,170.79 | 733.48 | (7.01) | 3,594.86 | (30.20) |
| 6. | **Paid-up equity share capital (Face Value Rs 5/- each)** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** |
| 7. | Earnings Per Share (of Rs 5/- each)(Not Annualised) | | | | | |
| | **Basic** | **10.84** | **6.79** | **(0.09)** | **33.29** | **(0.32)** |
| | **Diluted** | **10.84** | **6.79** | **(0.09)** | **33.29** | **(0.32)** |

(Amount in ` lakh)

| Sr No. | Particulars | Consolidated Quarter Ended 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 64.25 | 57.09 | 14.95 | 153.23 | 28.03 |
| 2. | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 43.06 | (167.19) | (22.64) | (113.36) | (28.49) |
| 3. | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 1,276.97 | 1,041.22 | (22.64) | 4,537.86 | (27.52) |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 1,173.54 | 736.25 | (3.57) | 3,603.17 | (25.05) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 1,173.71 | 736.42 | (0.58) | 3,603.68 | (20.59) |
| 6. | **Paid-up equity share capital (Face Value Rs 5/- each)** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** | **540.00** |
| 7. | Earnings Per Share (of Rs 5/- each)(Not Annualised) | | | | | |
| | **Basic** | **11.23** | **7.51** | **(0.02)** | **34.41** | **(0.21)** |
| | **Diluted** | **11.23** | **7.51** | **(0.02)** | **34.41** | **(0.21)** |

**Notes :**
**1.** The above is an extract of the detailed format of quarter/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter/ annual financial results are available on the webites of the stock exchange. (URL-www.bseindia.com).
**2.** The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on February 14, 2022.The financial results for the quarter and Nine Months ended December 31,2021 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
**3.** There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
**4.** Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of Directors
ADDI Industries Limited
Sd/-
C. L. Jain
Managing Director; DIN: 00022903

Place : New Delhi
Date : February 14, 2022



# इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1985पीएलसी020286
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नंबर 1311, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
कार्पोरेट कार्यालय : 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई–400080
ई–मेल आईडी : info@integratelesoftware.com ; वेबसाइट : www. integratelesoftware.com

31–12–2021 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित परिणामों के विवरण का सारांश

(राशि लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2021 अ–लेखापरीक्षित | 30.09.2021 अ–लेखापरीक्षित | 31.12.2020 अ–लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 27.13 | 26.82 | 76.83 | 160.96 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 15.46 | 20.12 | 69.58 | 134.13 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.46 | 20.12 | 69.58 | 134.13 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 15.46 | 20.12 | 69.58 | 134.14 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं, | 15.46 | 20.12 | 69.58 | 134.14 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | (69.95) |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत | 0.15 | 0.19 | 0.66 | 1.27 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www. integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./–
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662

स्थान : मुंबई
तिथि : 14–02–2022



# RATHI STEEL AND POWER LTD.

Regd. Office: 24/1, Block-A Chauhan Market, Madanpur Khadar,Pocket D & E, Sarita Vihar, New Delhi-110044
CIN-L27109DL1971PLC005905
web: www.rathisteelandpower.com e-mail:investors@rathisteelandpower.com Tel: 011- 40512426 Fax: 011-40512425

Extract of Unaudited Statement of Financial Results for the quarter and Nine Months ended 31st December 2021

(In Lacs)

| S N | Particulars | Quarter ended 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | Nine Months ended 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | Pr. Year 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 17,794.95 | 18,377.81 | 18,545.76 | 44,655.92 | 26,210.21 | 43,746.69 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary item. | 88.68 | 28.00 | 687.86 | (55.04) | (440.85) | (35.74) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period befrore tax (before Extraordinary items) | 88.68 | 28.00 | 687.86 | (55.04) | (440.85) | (35.74) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 88.68 | 28.00 | 687.86 | (55.04) | (440.85) | (35.74) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 90.39 | 53.54 | 694.44 | (27.79) | (430.04) | (18.90) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) | | | | | | |
| | a) Basic : | 0.28 | 0.09 | 2.20 | (0.18) | (1.41) | (0.11) |
| | b) Diluted: | 0.28 | 0.09 | 2.20 | (0.18) | (1.41) | (0.11) |

The above is an extract of the detailed format of Statement of Unaudited Financial Results for the quarter and Nine Months ended on 31st December 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of standalone Audited Financial Results are available on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).
The above financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 14-02-2022

Date:-14-02-2022
Place: New Delhi
For and on behalf of Board
Sd/- (PREM NARAIN VARSHNEY) MANAGING DIRECTOR, DIN: 00012709


# संक्षिप्त समाचार


सेक्टर-71 के खाली प्लॉट में लगी आग के दौरान धू-धूकर निकलती लपटें।

### खाली प्लॉट में लगी भीषण आग

**नोएडा।** नोएडा के फेस-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत एक खाली पड़े प्लॉट में मंगलवार की दोपहर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर के समय उनको सूचना प्राप्त हुई कि नोएडा के सेक्टर-71 में स्थित एक खाली प्लॉट में आग लग गई। दरअसल, प्लॉट में कूड़े का ढेर लगा हुआ था। जिसकी वजह से आग ने काफी तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी।

### यीडा में मास्टर प्लान 2041 को लेकर बैठक आज

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के 2041 के मास्टर प्लान को लेकर बुधवार को बैठक होगी। मास्टर प्लान बना रही कंपनी प्राधिकरण के अधिकारियों के सामने अपना प्रस्तुतीकरण देगी। प्राधिकरण ने कई सुझाव दिए थे। इन सुझावों को मास्टर प्लान में शामिल किया जाना था। इसको लेकर बैठक होगी। यमुना प्राधिकरण मार्स एसोसिएट कंपनी से 2041 का मास्टर प्लान बनवा रहा है। मास्टर प्लान में कई नए क्षेत्र जोड़े जाएंगे। कुछ इलाकों को बाहर भी किया जा सकता है। इसको लेकर मास्टर प्लान बना रही कंपनी और प्राधिकरण के बीच कई दौर की बैठक हो चुकी है। मास्टर प्लान बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। बुधवार को मास्टर प्लान को लेकर यमुना प्राधिकरण में बैठक होगी। यीडा के अफसरों के सामने मार्स एसोसिएट कंपनी अपना प्रेजेंटेशन देंगी। कंपनी मास्टर प्लान के सारे पहलुओं को अफसरों के सामने रखेगी। अगर अधिकारी कोई सुझाव देते हैं तो उसको अमल में लाया जाएगा। मार्च तक मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिए जाने का लक्ष्य है। इस मास्टर प्लान को एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के पास भेजा जाएगा।

# धनौरी वेटलैंड के संरक्षण को 25 हेक्टेयर जमीन चिह्नित

● प्राधिकरण बैठक में लिया गया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा स्थित धनौरी वेटलैंड के संरक्षण के लिए करीब 25 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। इसे भारतीय वन्य जीव संस्थान के सुझावों के अनुरूप संरक्षित किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में सोमवार को हुई बैठक में यह फैसला किया गया।

यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। दनकौर क्षेत्र में स्थित धनौरी वेटलैंड सारस एवं प्रवासी पक्षियों का बसेरा है। हर साल बड़ी संख्या में यहां प्रवासी पक्षी आते हैं। वन विभाग ने इसे रामासर स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। सिंह ने बताया कि वेटलैंड के लिए प्राधिकरण 20 हेक्टेयर जमीन देगा। इसके साथ ही ग्राम समाज की साढ़े चार हेक्टेयर जमीन भी इसके संरक्षण के लिए चिह्नित की गई है। भारतीय वन्य जीव संस्थान के सुझावों के अनुरूप इसे विकसित किया जाएगा, ताकि पक्षियों को प्रवास के दौरान असुविधा न हो और उन्हें भरपूर भोजन उपलब्ध हो सके।

वहीं, कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्राधिकरण से धनौरी की तर्ज पर बील अकबरपुर वेटलैंड को भी विकसित करने की मांग की है। इस क्षेत्र में सैकड़ों हिरन, पशु पक्षी की मौजूदगी है। उन्होंने इसे हिरण वन्य अभयारण्य घोषित करने की मांग की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में प्रदूषण के कारणों का पता लगाएगी आईआईटी कानपुर



● सरकार का रियल टाइम प्रदूषण स्त्रोत और प्रदूषण पूर्वानुमान सही दिशा में बढ़ रहा आगे : राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्दियों में राजधानी दिल्ली में होने वाले दमघोंटो प्रदूषण से जल्द निजात मिलेगी। आईआईटी कानपुर की टीम प्रदूषण के रीयल टाइम सोर्स का पता लगाएगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने मंगलवार को आईआईटी कानपुर समेत अन्य सहयोगियों टीम के साथ रियल टाइम स्त्रोत विभाजन अध्ययन और प्रदूषण पूर्वानुमान परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक की।

इस परियोजना को दिल्ली कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कोविड-19 महामारी से पैदा हुए व्यवधान के बावजूद आईआईटी कानपुर की टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वह अगले कुछ महीनों में इस रिपोर्अ के निष्कर्षों को लेकर काफी उत्सुक हैं। वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्त्रोत विभाजन करने वाला दिल्ली पहला शहर बनेगा। रीयल-टाइम सोर्स अपॉइंटमेंट परियोजना में किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी।

यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्त्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में मदद करेगी। इसके परिणामों के आधार पर प्रदूषण के स्त्रोतों पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी कदम उठा सकेगी। इससे दिल्ली के प्रदूषण के विभिन्न कारकों की पहचान करने और उनको दूर करने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण मंत्री की सलाहकार रीना गुप्ता ने कहा कि अगले 7 दिनों की प्रति घंटे के आधार पर प्रदूषण पूर्वानुमान प्राप्त होने से सरकार को स्कूल बंद करने, निर्माण स्थल पर प्रतिबंध, वाहनों पर प्रतिबंध सहित अन्य नीतिगत निर्णय लेने में मदद मिलेगी। वर्तमान में एक विश्वसनीय पूर्वानुमान प्रणाली के अभाव में भविष्य के पूर्वानुमान के बजाय पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर निर्णय लेने के लिए बाध्य हैं।

# बुजुर्ग से रेप का आरोपी सफाईकर्मी गिरफ्तार

● नशे में दिया था वारदात का अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिलक नगर इलाके में बुजुर्ग महिला से बलात्कार करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एक सफाईकर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित (30) के तौर पर हुई है। वह तिलक नगर के पास के इलाकों में काम करता है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के अनुसार सोमवार को एक बुजुर्ग महिला के यौन उत्पीड़न के संबंध में सूचना मिली जिसके तुरंत बाद एक टीम तैनात की और 16 घंटे के अंदर आरोपी का पता लगाने में कामयाब रहे। आरोपी घटना के समय शराब के नशे में था। पुलिस ने कहा कि अपराध को अंजाम देने की सटीक मंशा का पता लगाने के लिए जांच जारी है। बुजुर्ग महिला के परिवार ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की और उनकी शिकायत नहीं ली।

पुलिस ने कहा था कि रविवार रात केवल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी और तिलक नगर थाने में इसके आधार पर तुरंत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उनका यौन उत्पीड़न भी किया गया है तब मामले में अन्य संबंधित धाराएं जोड़ी गईं।

पुलिस ने बताया कि महिला के परिवार के सदस्यों के मुताबिक, आरोपी घर में घुसा था। बुजुर्ग महिला ने उसे देख लिया और उससे सवाल किया तो उसने (आरोपी ने) कहा कि वह गैस एजेंसी में काम करता है और घर पर किसी काम के लिए उसे बुलाया गया है।

शक होने पर बुजुर्ग ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उनपर हमला किया, उनका यौन उत्पीड़न किया और उनका फोन चोरी कर लिया। परिवार के सदस्यों ने कहा था कि पीड़िता की बेटी जब घर लौटी तो उन्हें उनकी मां जख्मी मिली जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया।

## संक्षिप्त समाचार



केंद्र सरकार कर्मचारी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### सीजीईआरडब्ल्यू के चुनाव संपन्न

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कर्मचारी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (सीजीईआरडब्ल्यूए) की कार्यकारी समिति चुनाव सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। सीजीईआरडब्ल्यूए के महासचिव विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यकारी समिति में राम बलि मौर्य को अध्यक्ष, अजय सिंह और सुजीत करमाकर को उपाध्यक्ष, विजय कुमार गुप्ता को महासचिव, राकेश मोहन और मंसूर उल हक को संयुक्त सचिव, राजीव कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, अमित गर्ग को लेखा परीक्षक, राजीव कुमार श्रीवास्तव को समन्वयक, जयप्रकाश रायसिंघानी को सलाहकार स्वास्थ्य सेवाएँ, हरीश चंदावती कानूनी सलाहकार, के एस चावला, एमपी शर्मा, दिनेश भनोट, एच हसन को भी सलाहकार मनोनीत किया। के.एस चावला, एमपी शर्मा, दिनेश भनोट, एच हसन को भी सलाहकार मनोनीत किया गया।

### एबीवीपी का तमिलनाडु भवन पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने तमिलनाडु हाउस के बाहर प्रदर्शन किया और राज्य सरकार पर लावण्या के लिए न्याय की मांग करने वाली आवाजों को दबाने का आरोप लगाया। लावण्या ने जबरन धर्म परिवर्तन के बाद कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु पुलिस ने लावण्या को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ क्रूर व्यवहार किया। एबीवीपी की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी, इसके राष्ट्रीय सचिव मुथु रामलिंगम, तमिलनाडु इकाई की सचिव सुशीला और अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।





# रेजिडेंट डॉक्टरों का काटा वेतन

**नीट पीजी काउसिलिंग**

● डॉक्टरों ने पत्र लिखकर स्वास्थ्य मंत्री से लगाई वेतन की गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नीट पीजी एडमिशन को लेकर दिसंबर में देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने धरना-प्रदर्शन किया था।

इस प्रदर्शन में शामिल लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और इससे जुड़े अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर्स के वेतन काटने का मामला सामने आया है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एंड एसोसिएटेड हॉस्पिटल्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के डॉक्टर्स ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर उनकी कटी हुई सैलरी वापस दिलाने की मांग की है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार डॉ राकेश बागड़ी के अनुसार पिछले महीने नीट पीजी एडमिशन के लिए काउंसलिंग शुरू करने की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर ने धरना प्रदर्शन किया था। जब स्वास्थ्य मंत्री ने रेजिडेंट डॉक्टर्स की मांग मानते हुए उनसे देशव्यापी हड़ताल वापस लेने की अपील की थी तो उस वक्त उन्होंने मौखिक आश्वासन दिया था कि अस्पताल प्रशासन धरना कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स को अनुपस्थित नहीं करेगा और उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई भी नहीं की जाएगी, लेकिन जब सैलरी आई है उसमें प्रदर्शन में शामिल डॉक्टरों का वेतन काट की दी गई है।

# कर्ज में डूबे कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में 51 वर्षीय एक कारोबारी ने अपनी कार के अंदर लाइसेंसी रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से बरामद सुसाइड नोट के अनुसार प्रशांत विहार इलाके की दिल्ली सिटीजन सोसाइटी में रहने वाले राकेश चौधरी नामक कारोबारी ने इसमें लिखा था कि वह अब और नहीं जीना चाहता है। पुलिस ने कहा कि राकेश चौधरी को कारोबार में नुकसान हुआ था और इसी कारण उसने यह कदम उठाया होगा। राकेश चौधरी ने सोमवार को शराब पीने के बाद खुद को गोली मार ली। राकेश को बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शराब नीति पर कांग्रेस-भाजपा ने सरकार को घेरा

● कांग्रेस का सीएम आवास पर प्रदर्शन, भाजपा ने कहा- दिल्ली को बनाया शराब कारोबार की राजधानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





नई शराब नीति के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार को घेरा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा है कि विकास ठप्प हो गया और सरकार ने एक ओर आम लोगों को महामारी में स्वास्थ एवं रोजगार पर तो निराश किया।

साथ ही दूसरी तरफ शराब कारोबार की राजधानी बना दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने युवाओं के भविष्य को नजरअंदाज करके नई शराब नीति को लागू करना उनका तानाशाह रवैया दर्शाता है क्योंकि सत्ता के लालच में उन्होंने बिना आधार के कोई भी बड़ी घोषणा कर देते हैं और राजधानी में 849 शराब के ठेके खोलकर जनमानस को ठेस पहुँचाई है। इस मुद्दे पर अनिल की अगुवाई में नई शराब नीति को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। आदेश गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी वर्ष 2015 के चुनावी घोषणा पत्र के 70 वादे एवं साल 2020 में किए गए 28 वादों को पूरा न करके आम आदमी पार्टी सरकार ने लोगों को निराश ही किया है। केजरीवाल सरकार के दूसरे शासन की शुरुआत दिल्ली दंगों से हुई। दंगों में आप नेताओं के साथ ही शरजिल जैसे वैचारिक समर्थकों का नाम आने पर केजरीवाल ने मौन धारण कर लिया।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
NFL
संदर्भ सं.: एनएफएल/सीएमओ/एबीडी/एजी केम/सीएण्डएफ/02/2022 दिनांक : 16.02.2022
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
महाराष्ट्र राज्य में एग्रोकेमिकल्स के लिए सी एंड एफ एजेंट और सी एंड एफ एजेंट से डीलर्स के स्थानों तक एग्रोकेमिकल परिवहन के लिए संभावित बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। विवरण के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app(e-tendering) तथा www.nationalfertilizers.com (Homepage) देखें। ई-निविदा सं. 2022_एनएफएल_105076_1; बोली जमा करने की अंतिम तारीख/तकनीकी बोली दस्तावेज के खुलने की तारीख 24.02.2022 को 15.30 बजे/25.02.2022 को 15.30 बजे है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन सिर्फ हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)
@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizer Limited



# भू-जल स्तर में सुधार और वायु प्रदूषण कम करने के करें उपायः राव इंद्रजीत

### केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक ली

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**केंद्रीय** सांख्यिकीय, कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना तथा कॉरपोरेट कार्य राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को गुरुग्राम की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रतिभागी अधिकारी लोक निर्माण विश्राम गृह में उपस्थित रहे, जबकि राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह दिल्ली स्थित नीति आयोग कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े।

राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में घटते भू-जल स्तर और वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन को भू-जल स्तर में सुधार करने और वायु प्रदूषण को कम करने के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन सिविल सोसायटी से अनुभवी व्यक्तियों और विशेषज्ञों को साथ लेकर कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि भू-जल को रिचार्ज करने के लिए पौधे लगाने, उनकी परवरिश करने और जलाशयों को पुनर्जिवित करने जैसे उपाय अपनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, वन विभाग, नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर इस पर संयुक्त रूप से कार्य करते हुए ऐसे स्थानों की पहचान करें, जहां अगले दो महीनों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें पौधारोपण के लिए मानसून के तहत जुलाई माह तक इंतजार करने के आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर गुरुग्राम शहर में स्मॉग टॉवर्स लगाने की संभावनाओं पर भी काम करने के निर्देश दिए। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि विकास की दृष्टि से गुरुग्राम एक तेजी से विकसित होता हुआ जिला है, ऐसे में यहां भूजल स्तर में सुधार करने के गंभीर प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जो पानी नजफगढ़ ड्रेन में छोड़ा जाता है, उसके लिए जिला में ही चेक डेम व अन्य उचित व्यवस्था कर, उसे भूजल स्तर को रिचार्ज करने के विकल्पों पर काम किया जाना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन शहरी की समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम शहर की मुख्य सड़कों व व्यवसायिक स्थानों की सफाई के लिए लगाई गई 13 स्विपिंग मशीनों के बारे में विशेष रूप से पूछा। जिस पर नगर निगम आयुक्त मुकेश आहूजा ने बताया कि इनकी मॉनिटरिंग करवाई जा रही है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इन मशीनों से सफाई की बजाय नगर निगम को मशीन खरीदने की संभावनाओं का पता लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम यह सुनिश्चित करें कि बंधवाड़ी में कचरे से निकलने वाला लीचेट भू-जल स्तर को दूषित ना करें। इसके लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाने चाहिए।


गुरुग्राम के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक लेते केंद्रीय मंत्री राव

# सुंदर लाल को विधायक ने दी जन्मदिन की बधाई


गुरुग्राम में भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव को जन्मदिन पर केक काटकर खिलाते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा केक लाए गए। इस अवसर पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने भी शिरकत करके उनके साथ केक कटवाते हुए जन्मदिन की बधाई दी।

सुंदर लाल यादव को जन्मदिन की बधाई देने के लिए क्षेत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे। अनेक कार्यकर्ताओं ने उन्हें क्षेत्र की शान बताते हुए उनके नेतृत्व में काम करने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि सुंदर लाल यादव ने पंचायत में बतौर सरपंच काम करते हुए अपने गांव को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाया। गांव में हर सुविधा मुहैया कराई। मूलभूत सुविधाओं पर उनका अधिक फोकस रहता है। वे क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें अवगत कराते हैं। पार्टी हित में वे लगातार कार्यरत है। उनकी कार्यशैली की बदौलत ही पार्टी ने सुंदर लाल यादव को पार्टी के पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है।

# स्कूल प्रभारी अभिभावकों से बिठाएं तालमेल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**राजकीय** स्कूलों में होने वाली वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थी की शत-प्रतिशत हाजिरी होने के लिए स्कूल प्रबंधक अभिभावकों की मदद लें। स्कूलों में गठित पीटीएम कमेटी में शामिल अभिभावकों सही से तालमेल बनाया जाए।

एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बीते दिवस राजकीय स्कूलों में शुरू होने वाली वार्षिक परीक्षा को सफल बनाने और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत हाजिरी होने को लेकर शिक्षा विभाग अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में खंड अधिकारी से लेकर एबीआरसी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में बीपीएल कोटा से हुए हाल ही में निजी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया से लेकर वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी



पर विचार किया। बैठक में एसडीएम ने स्कूलों में बनी पीटीएम कमेटी सदस्यों सहित अभिभावकों से सही तालमेल बनाने पर जोर दिया। जिससे वार्षिक परीक्षाओं विद्यार्थियों के गैर हाजिरी न रहते हुए सफलता से पूर्ण कराया जाए। नये सत्र में स्कूलों में दाखिल प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो। जिससे स्कूलों में विद्यार्थी की संख्या में बढ़ाई जा सके। अभिभावकों से सम्पर्क बनाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला कराए। बैठक पूर्व में हुई मिटिंग में हुई चर्चाओं और योजनाओं पर विचार किया।

# प्रतियोगिताओं से वोटरों को करेंगे जागरुक

**गुरुग्राम।** मतदाताओं को उनके मताधिकार के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन करवा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मतदान में ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निवाज़्चन आयोग ने इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता की शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का थीम मॉय वोट इज मॉय फ्यूचर-पावर आफ वन वोट रखा गया है।

# दरबार में जनता की बिजली समस्याएं सुनीं


गुरुग्राम के न्यू कालोनी स्थित चोटी पंचायत में जनता दरबार में पहुंचे अधिकारी व पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारी।


बोधराज सीकरी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन की ओर से मंगलवार को विद्युत विभाग के साथ मिलकर न्यू कालोनी स्थित चोटी पंचायत में जनता दरबार लगाया गया। इसमें लोगों की बिजली संबंधी समस्याएं सुनी गई। इस दरबार में सबसे ज्यादा योगदान संस्था के राजकुमार कथूरिया का रहा। इस

### पंजाबी बिरादरी महा संगठन का है ये एक नया प्रयास

विद्युत दरबार में 19 समस्याएं लोगों की तरफ से रखी गई। इनमें से 18 का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। एक समस्या का भी जल्द ही निराकरण हो जाएगा। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, वरिष्ठ उप-प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया की प्रेरणा से यह शिविर लगाया गया। इस जनता दरबार में बिजली विभाग से एसडीओ देवेंद्र अत्री और जेई जितेंद्र अहलावत व स्टाफ ने शिरकत की। संगठन के सह मंत्री नरेंद्र कथूरिया, भीमसेन कामरा, धर्मेंद्र बजार, ओपी कालरा आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुस्लिम महिला ने टैक्सी चालक पर चाकू से किया हमला

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में एक विदेशी मुस्लिम महिला ने खूब तांडव मचाया। यहां उसने एक टैक्सी ड्राइवर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमला उसने क्यों किया, इसकी जांच जारी है।

फिलहाल ड्राइवर ने यही बताया है कि उसने राजीव चौक पर अपनी टैक्सी रोकी तो महिला भागी आई और हमला किया। टैक्सी ड्राइवर रघुराज ने बताया कि वह शेयरिंग में टैक्सी चलाता है। उसने गाडी में एक सवारी आनंद विहार की बिठा रखी थी। वह राजीव चौक पर आकर रुका


गुरुग्राम के राजीव चौक पर टैक्सी ड्राइवर को चाकू मारने वाली महिला को पकड़ती महिला पुलिसकर्मी।

था। इसी दौरान बुर्का पहने एक महिला उसकी तरफ आई। इसी दौरान उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे पहले कि वह बच पाता, महिला ने फिर से उस पर हमले का


गुरुग्राम के राजीव चौक पर चाकू मारने के निशान दिखाता टैक्सी ड्राइवर।

प्रयास किया। उसने हाथ से उसका मुंह नोंचने का भी प्रयास किया। इसी बीच मौके पर पुलिस पहुंची। महिला पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो बुर्का पहने विदेशी महिला महिला पुलिसकर्मी से भी उलझ पड़ी। महिला के हाथ में पानी की बोतल थी। बोतल का पानी उसने पुलिसकर्मी पर फेंका और बोतल उसे मारी। दोनों के बीच काफी देर तक छीना-झपटी होती रही। काफी देर तक महिला की नोटंकी के बाद से पकड़ लिया गया। महिला की भाषा किसी को समझ नहीं आई।

महिला को सिविल लाइन में पुलिस में हिरासत में लिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वेदप्रकाश का कहना है कि महिला पूछताछ में सहयोग नहीं कर रही है। भाषा की भी दिक्कत आ रही है। अपनी भाषा समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पति की पिटाई से घायल विवाहिता की हुई मौत

**सोहना।** पति की पिटाई करने से पीडित 25 वर्षीय विवाहिता ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक महिला की मां ने बेटी के पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर पिटाई करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के वार्ड-13 की पीर कॉलोनी निवासी नाजिया की 7 वर्ष पहले जमाई कॉलोनी फरीदाबाद निवासी साकिर से निकाह हुआ था। नाजिया की मां समीम ने पुलिस को बताया कि उसका पति साकिर समेत विवाहिता का ससुर, सास, देवर आदि मारपीट करते थे। उसकी बेटी को साकिर ने नाजिया से जनवरी माह में पिता के घर से 50 हजार रुपये न लाने पर बाहर निकाल दिया था। नाजिया तब से ही उसके घर पर सोहना रह रही थी। 21 जनवरी को साकिर फरीदाबाद से सोहना आया था। जिसने नाजिया से 50 हजार रुपये मांगे, लेकिन नाजिया ने मना कर दिया। साकिर ने नाजिया का सिर पकड़कर दीवार में देकर मारा था।

# प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे व वितरण कार्य पर लगा सवालिया निशान

### एजेंसी की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा नागरिकों को

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद क्षेत्र में पिछले चार वर्ष से प्रॉपर्टी टेक्स सर्वे व वितरण के कार्य में जिम्मेदारी लेने वाली याशी एजेंसी खरी नहीं उतर पाई है। एजेंसी के कार्य पर हमेशा सवालियां निशान उठाते रहे है। जिसके खामियाजा स्थानीय नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

शहर में प्रॉपर्टी का सर्वे व नोटिस वितरण का जिम्मा लेने वाली याशी एजेंसी कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी कर्मचारियों पर बीते चार वर्ष से सवालियां निशान लगता आ रहा है। कभी सर्वे को परिषद कार्यालय में बैठकर करने से लेकर नोटिस वितरण में देरियां करना। सर्वे के दौरान एजेंसी कर्मचारियों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही में पुरानी आईडी न होना, प्रॉपर्टी मालिक व उनके पिता का नाम न होना, एरिया गलत दर्ज होना, इलाका व पता गलत अंकित होना, मंजिल गलत दर्ज होना, प्रॉपर्टी मालिकों के नाम ही अंकित न होना आदि शामिल हैं।


सोहना नगर परिषद कार्यालय में प्रॉपर्टी टेस्ट नोटिस पर पाई जा रही खामियों को ठीक कराने के लिए लगी लाइन।

### शहरवासी धक्के खाने को मजबूर

**शहरवासी** प्रॉपर्टी नोटिसों में पाई जा रही गलतियों को ठीक कराने के लिए नगर परिषद कार्यालय में चक्कर काट-काटकर थक गए हैं। परिषद कार्यालय में एक मात्र कर्मचारी नोटिस पर मिल रही गलतियों को ठीक कराने के लिए बैठा है। जिसके कारण नागरिकों को अपना नंबर आने के लिए तीन से चार घंटा इंतजार करना पड़ रहा है।

### ऐसा कहना है नागरिकों का

**शहर** निवासी अशोक कुमार का कहना है कि एजेंसी कर्मचारियों ने प्रारंभ से लेकर आज तक सर्वे करने से लेकर नोटिस वितरण का कार्य संतोष जनक नहीं किया है। एजेंसी का कोई एक कार्य ऐसा नहीं है। जिस पर नागरिकों की अंगुलियां न उठी हों। जिसका कारण एजेंसी कर्मचारियों द्वारा सर्वे करने में बरती गई लापरवाही का खामियाजा नागरिक अनाप-शनाप आए प्रॉपर्टी बिल का भुगतान कर दे। बीरपाल का कहना है जब तक एजेंसी अपने कार्य को ठीक ठंग से नहीं करेगी। तब तक यह समस्या का समाधान होने वाला नहीं है। नगरवासियों को अपने प्रॉपर्टी टैक्स से एनओसी नहीं मिलेगी।

### ऐसा कहते हैं एजेंसी अधिकारी

**एजेंसी** के प्रतिनिधि संजय गुप्ता कहते हैं कि जल्द ही लोगों की भावनाओं को देखते हुए समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# गुरुग्राम में पहली बार महिला पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति

### कला रामचन्द्रन को बनाया गया है गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त

### कला रामचन्द्रन के पास 19 वर्षों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहने का अनुभव

### गुरुग्राम के पूर्व सीपी नवदीप विर्क की पत्नी हैं कला रामचन्द्रन

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**वर्ष 2007** से गुरुग्राम पुलिस कमिश्नरी में अब से तक पुरुष पुलिस आयुक्तों की ही नियुक्ति हुई है, लेकिन अब पहली बार गुरुग्राम पुलिस की कमान एक महिला आईपीएस के हाथों में सरकार ने सौंपी है। आईपीएस कला रामचन्द्रन यहां सीपी लगाया है।

इससे पहले केके राव यहां के सीपी थे। तमिलनाडु राज्य से सम्बन्ध रखने वाली कला रामचंद्रन को वर्ष 1994 में हरियाणा कैडर अलॉट किया


गुरुग्राम की नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर कला रामचन्द्रन।

गया था। आईपीएस कला रामचन्द्रन 1994 बैच के ही आईपीएस अधिकारी नवदीप सिंह विर्क की पत्नी हैं। विर्क भी वर्ष 2015-16 गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त रह चुके हैं। वे आईजी रैंक के अधिकारी थे। गुरुग्राम में पुलिस आयुक्त के रूप में करीब डेढ़ साल तक केके राव तैनात रहे। मैडम रामचन्द्रन जून 2001 से जुलाई 2020 तक केंद्र सरकार के अधीन पदों पर तैनात रही हैं। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा परिवहन विभाग की प्रधान सचिव के रूप में चार महीने सेवाएं दी। इसी पद पर अब उनके पति नवदीप विर्क तैनात हैं। कला रामचन्द्रन हरियाणा कैडर की ही आईपीएस अधिकारी हैं। 16 जून 2001 को कला रामचंद्रन केंद्र सरकार में डेपुटेशन पर गयी थीं। तब से 2020 तक तक वे केंद्र सरकार के अधीन ही रहीं। डेढ़ वर्ष पूर्व 28 जुलाई 2020 को केंद्र सरकार द्वारा कला रामचंद्रन को उनके मूल हरियाणा कैडर में वापस भेजा।

### तमिलनाडू की रहने वाली हैं कला रामचन्द्रन

**19 साल** तक केंद्र में रहते हुए जून 2017 में उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत मेघालय प्रदेश स्थित उत्तर-पूर्वीय पुलिस अकादमी (नेपा) में डायरेक्टर (निदेशक) पद पर इंस्पेक्टर जनरल (पुलिस महानिरीक्षक) के रैंक में तैनात किया गया था। वहां तीन साल बाद माह जून 2020 में वह केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो में गयी। वहीं से उन्हें अपने मूल कैडर हरियाणा में वापस भेजा गया था।

### आम तौर पर पांच साल की होती है डेपुटेशन

**पंजाब** एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार के मुताबिक आम तौर पर पांच वर्ष और कुछ परिस्थितियों में सात वर्ष की डेपुटेशन के बाद कोई आईएएस या आईपीएस अधिकारी केंद्रीय डेपुटेशन या अंतर-राज्यीय डेपुटेशन से अपने मूल कैडर में लौट आता है। वैसे केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय यानी केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति कमेटी के पास अधिकतम सात वर्ष की डेपुटेशन अवधि को और बढ़ाने के भी अधिकार होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रंजिश में चाकू से चाचा-भतीजे को किया घायल

**सोहना।** आपसी रंजिश के चलते गांव अभयपुर में बाइक सवार चाचा-भतीजे को कार में सवार चार युवकों ने लोहे की रॉढ़, सरिया और चाकू से हमला करके घायल किया। हमलावरों पर देशी कट्टा माथे पर लगा देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक नामजद समेत चार हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभयपुर निवासी सुनील ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि गांव का ही निवासी सुरेन्द्र उर्फ सुन्नू उससे रंजिश रखता है। जिससे करीब तीन माह पहले तू तड़ाक हो गई थी। इसी रंजिश के रखते सुरेन्द्र उर्फ सुन्नू और उसके तीन अन्य साथियों ने उसे तथा उसके चाचा रणपाल को गांव से खेतों पर जाते समय रात करीब 10 बजे बीच रास्ते में कार आगे लगाकर रोक लिया था। कार में सवार सुरेन्द्र उर्फ सुन्नू समेत चार नौजवान युवक नीचे उतरे। तीनों युवकों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। जिनके हाथों में सरिया, लोहे की रॉड, अवैध हथियार और चाकू थे। एक युवक ने पहले तो उसके बाई हाथ की बाजू पर चाकू मारा। उसके बचाव में आया उसका चाचा रणपाल को सुरेन्द्र उर्फ सुन्नू ने माथे पर अवैध हथियार लगाते हुए जान से खत्म करने की धमकी दी। उसके बाद सभी ने सरिया व लोहे की रॉड से उनको जमीन पर गिराकर पीटा। उसके हाथ, पैर और सिर में सरिया के हमलों से काफी चोटें आई। जाते समय उन्हे जान से मार देने की धमकियां देकर चले गए।

### रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेते चार युवकों की ट्रेन से कटकर मौत

**गुरुग्राम।** मंगलवार शाम को यहां बसई-धनकोट रेलवे हाल्ट पर चार युवकों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वे यहां रेलवे ट्रैक पर सेल्फी ले रहे थे, इसी दौरान ट्रेन आई और चारों को चपेट में ले लिया। जीआरपी पुलिस हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम चार युवक यहां गुरुग्राम-रेवाड़ी रेल ट्रैक पर जिले के गांव बसई-धनकोट के नाम से रेलवे हाल्ट पर पहुंचे थे। काफी देर तक उन्होंने यहां पर चहल कदमी की। इसके बाद वे चारों इकट्ठे होकर सेल्फी लेने लग गए। शाम करीब पौने पांच बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन रेवाड़ी के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन ने अभी गति पकड़ी ही थी। चारों युवकों ने दूर से आ रही ट्रेन के साथ सेल्फी लेनी शुरू कर दी। देखते ही देखते ट्रेन की गति तेज हो गई। जब तक चारों युवक कुछ समझ पाते, वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। चारों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। इस घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और चारों युवकों के शवों को उठाया। पंचनामा करके शवों को पहचान के लिए शव दाह गृह में रखवा दिया गया है। जीआरपी थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि चारों के शव क्षत-विक्षत हो गए हैं। उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल किसी की पहचान नहीं हो पाई है।

### गो डिजिटल गो सिक्योर थीम पर साक्षरता सप्ताह शुरू

**गुरुग्राम।** भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2022 का शुभारंभ मंगलवार से हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस वर्ष गो डिजिटल गो सिक्योर थीम के तहत मनाए जा रहे इस साक्षरता सप्ताह में बैंकों द्वारा खाताधारकों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरुक किया जाएगा। विश्राम कुमार मीणा ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह के पोस्टर अनावरण उपरान्त जिला के बैंक खाताधारकों के नाम अपने संदेश में कहा कि बदलते समय के साथ हमें अपने बैंकिंग लेन-देन की प्रक्रिया में भी बदलाव करना होगा। हमें बैंकिंग सेवाओं में पुराने तरीकों से लेनदेन करने वाली लंबी प्रक्रिया को छोड़कर डिजिटल लेनदेन को अपनाना चाहिए। उन्होंने डिजिटल लेनदेन के फायदे बताते हुए कहा कि डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया अपनाने के बाद आपको प्लास्टिक कार्ड, बैंक या एटीएम की लाइन में लगने की जरूरत नहीं है। खासतौर पर जब आप सफर में हों तो खर्च करने का यह सुरक्षित विकल्प है। अगर आप इमरजेंसी में हों जैसे हॉस्पिटल वगैरह, तो यह काफी मददगार साबित हो सकता है। श्री मीणा ने कहा कि लोगों द्वारा डिजिटल लेनदेन अपनाने के साथ साइबर ठगी के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में हमें कुछ विशेष सावधानियां भी बरतनी चाहिए। वित्तीय साक्षरता सप्ताह पर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रहलाद राय गोदारा ने बताया भारतीय रिजर्व बैंक निर्देशानुसार इस वर्ष इस सप्ताह को गो डिजिटल गो सिक्योर थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें बैंकों में आने वाले सभी ग्राहकों को डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने व लेनदेन के दौरान अपने कार्ड पर लिमिट सेट करने व अन्य डिजिटल लेनदेन से जुड़ी अन्य जानकारियों को साझा ना करने के लिए जागरुक किया जाएगा।

### गरीबों के लिए है आवास की कमीः राव इंद्रजीत सिंह

**गुरुग्राम।** केंद्रीय सांख्यिकीय, कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना तथा कॉरपोरेट कार्य राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सभी के लिए आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि गुरुग्राम में गरीबों के लिए आवासों की कमी है। नगर निगम तथा प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। वे मंगलवार को दिल्ली स्थित नीति आयोग कार्यालय से गुरुग्राम की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक में बोल रहे थे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अब हाउसिंग फॉर ऑल के अंतर्गत आ गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए लाभार्थी को एक लाख 80 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रथम चरण में गुरुग्राम जिला के ग्रामीण क्षेत्र को 1 नवंबर 2016 से खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत ठोस कचरा प्रबंधन के लिए जिला की 94 पंचायतों को 2 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि कचरा प्रबंधन ईकाई निर्माण के लिए जारी की गई है। इसी प्रकार ग्रे वॉटर मैनेजमेंट अर्थात बाथरूम आदि से निकलने वाले पानी के प्रबंधन के लिए जिला की 19 पंचायतों के एक करोड़ 26 लाख रुपये की राशि के अस्टिमेट स्वीकृत किए जा चुके हैं। सामुदायिक शौचालय निर्माण के संबंध में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इनके उपयोग और रखरखाव को लेकर सर्वे करवाया जाए। बताया गया था कि वर्ष 2020-21 में जिला की 40 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से अभी तक 20 ग्राम पंचायतों को 40 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। माई गुरुग्राम ऐप से जिलावासी प्राप्त करें जानकारी स्मार्ट सिटी स्कीम की समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री को बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य गुरुग्राम में सुरक्षा सुदृढ़ करना और यातायात प्रबंधन में सुधार करना है। इसके लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण में एक मजबूत आईसीटी बुनियादी ढांचा विकसित किया है। प्रथम चरण में जिला के 222 चौराहों पर लगे 1200 सीसीटीवी कैमरों में से 1125 कैमरे इंटीग्रेटिड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर में पुलिस विभाग द्वारा परिचालित और निगरानी में हैं। इन कैमरों की मदद से ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन कर्ताओं को प्रतिदिन लगभग एक हजार चालान भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर भी इनसे नजर रखी जा रही है।

### मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और हरियाणा कलां परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आवेदन 28 फरवरी शाम पांच बजे तक किए जा सकते हैं। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी अनुसार निष्पादन कला जैसे संगीत, नृत्य, रंगमंच एवं दृश्य कला जैसे चित्रकला, मूर्तिकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागी कलाकार हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। प्रतिभागी जिस मंडल का निवासी है, वह उसी मंडल से संबंधित प्रतियोगिता के लिए आवेदन करें। इसी प्रकार से प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग में बांटी गई है, जिसमें आठ से 16, 16 से 36 और 36 वर्ष से अधिक की श्रेणी है। प्रतिभागी कलाकार 31 मार्च 2022 तक आयु वर्ग की श्रेणी को पूरा करता हो। इसके लिए आयु का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड व शिक्षण आदि प्रमाण पत्र भी देखा जाएगा। प्रत्येक आयु वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दल का लीडर/ कलाकार का नाम, पता, मोबाइल, ई-मेल, वोटर कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रति अपनी कला की विद्या के विवरण सहित ई-मेल के माध्यम से या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा चंडीगढ़ विभाग की वेबसाइट पर 28 फरवरी 2022 शाम पांच बजे तक भिजवानी होंगी।

# बीके: जाम के झाम में मरीजों की जान को खतरा

कविता। फरीदाबाद

शहरवासियों को जाम के झाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। आए दिन शहर के मुख्य मार्गों पर जाम लग जाता है। इससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब ऐसा ही शहर के बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिल रहा है। जहां बीके अस्पताल के मुख्य द्वार पर ही जाम में तीन एम्बुलेंस फंसी नजर आई। अस्पताल परिसर में हर समय ऑटो समेत विभिन्न वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।

जानकारी के मुताबिक शहर की सड़कों के जाम के अलावा अब सिविल अस्पताल के अंदर लगने वाला जाम भी एम्बुलेंस के लिए, एक बड़ी समस्या बन गया है। जिस कारण मरीजों को समय से इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को उस वक्त देखने को मिला जब अस्पताल परिसर में लगे जाम के कारण गंभीर हालत में एम्बुलेंस में ले जा रहे मरीज को अस्पताल के अपातकालीन कक्ष से लेकर गेट तक पहुंचने में 10 मिनट लग गए। एम्बुलेंस द्वारा सायरन बजाने के बावजूद वाहनों और मरीजों की भीड़ को सामने से न हटता देखकर एक कर्मी ने नीचे उतरकर एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाना पड़ा।

### एम्बुलेंस द्वारा सायरन बजाने के बावजूद भी सामने से नहीं हटते वाहन

**आड़े-तिरछे वाहन:** अस्पताल के भीतर व गेट के साथ ही आड़े-तिरछे वाहन खड़े होने के कारण यहां से एम्बुलेंस को निकलने में काफी परेशानी होती है। अपातकालीन कक्ष के सामने भी एम्बुलेंस के अलावा ऑटो रिक्शा और अन्य वाहनों के खड़े रहने से यहां से निकलने में काफी समय नष्ट हो जाता है। वहीं मोरचरी के आसपास भी वाहन आड़े-तिरछे खड़े होने से वहां से ओपीडी और वार्डों में जाने वाले मरीजों को भारी परेशानियां होती है। हालात यह हो जाती है कि रास्ता कम होने के कारण एम्बुलेंस को निकालने का रास्ता नहीं मिला। लगातार सायरन बजने के बावजूद एंबुलेंस को लोग रास्ता ही नहीं देते।



बीके अस्पताल के गेट के बाहर लगे जाम में फंसी तीन एम्बुलेंस।

**अस्पताल में दो गेट:** हालांकि अस्पताल में तीन द्वार है, लेकिन यहां मात्र दो ही गेट खुले रहते हैं। ऐसे में दूसरे गेट के बाहर वाहनों को निकलने से पहले वहां खड़े रेहड़ी, प्राइवेट एम्बुलेंस और आड़े-तिरछे खड़े ऑटो के कारण निकलने में परेशानी होती है। जिस कारण वाहन चालक अस्पताल के मुख्य द्वार से ही अधिकतर निकलते है। ऐसे में यहां रोजाना दस से 20 मिनट तक का लम्बा जाम लग जाता है। यह जाम सुबह और दोपहर के समय अधिक लगता है।

# पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गोतस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गौ तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर हमला करने के पश्चात कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना धौज व पांच क्राइम ब्रांच की टीमों ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 14 फरवरी की सुबह चार बजे थाना धौज की टीम एरिया में गश्त कर रही थी। उन्हें सूचना मिली कि धौज गांव में निजाम नाम का व्यक्ति अपने घर के सामने गाय को काट रहा है और काट के बाद इसके मीट को बेचता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसआई धर्मेंद्र की अगुवाई में टीम गठित की गई। जिसमें हवलदार वीरेंद्र व सत्यवान, सिपाही प्रदीप, राजकुमार व अनिल शामिल थे।

पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची तो वहां पर आरोपी निजाम, बदरू, साजिद इत्यादि गाय को काट रहे थे। पुलिस को देखकर बाकी आरोपी फरार हो गए परंतु निजाम को जब पुलिस पकड़ने लगी तो उसने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी पुलिस टीम की तरफ फेंककर मारी। पुलिसकर्मी नीचे बैठ गए। जिसकी वजह से कुल्हाड़ी उन्हें लगते-लगते रह गई और पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस कर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए आरोपी निजाम को पकड़ लिया। तभी उसने शोर मचा दिया। जिसे सुनकर उसके घर से उसके कई साथी आ गए जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। उसके साथियों में आरोपी बदरू, साजिद, आयशा, मेहरुमा तथा उसकी बेटियां भी मौके पर पहुंच गई और लाठी-डंडों के साथ पुलिस पार्टी पर हमला करते हुए आरोपी निजाम को छुड़ाकर ले गए।



पुलिस पार्टी पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार साजिद और बदरू।

इस हमले में पुलिस कर्मियों को काफी चोटें आई तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस पार्टी ने इसकी सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी। जिसके पश्चात पुलिस टीम को वापस बुलाया गया। पुलिस टीम ने मौके से 120 किलो मांस, लोहे की तीन छुरियां, एक कुल्हाड़ी, एक सुआ और तराजू बाट अपने कब्जे में ले लिए। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई उन्होंने पुलिस कर्मियों की बहादुरी के लिए उनकी हौंसला अफजाई की तथा आरोपियों को जल्द से जल्द धरपकड़ करने के निर्देश दिए। जिसके पश्चात डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच 17, 48, 56, 65, बॉर्डर तथा थाना पुलिस की एक टीम तैयार की गई। जिसमें करीब 35 से 40 पुलिसकर्मी शामिल थे।

टीम आरोपियों को दोबारा से पकड़ने के लिए गांव में गई। जहां पर उन्होंने आरोपी साजिद उर्फ टिक्षम, बदरू तथा उसकी पत्नी मेहरुना को मौके से काबू कर लिया। इस मामले में शामिल अन्य आरोपी निजाम, यूनिस, आयशा, साजिदा, ईशा और मुस्कान पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहे हैं। जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# अदालत पूरी तरह खोलने पर अधिवक्ताओं में हर्ष



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अदालतों को मंगलवार से पूरे तरीके से खोले जाने पर अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर खुशी जाहिर की। अदालतों को कोरोना संक्रमण की वजह से छह जनवरी को बन्द कर दिया गया था। जिसके कारण अदालतों में कार्यवाही वर्चुअल तरीके से चल रही थी। जिसकी वजह से वकीलों को अपने मुवक्किल की पैरवी करने में परेशानी उत्पन्न हो रही थी। क्योंकि वकील को अपने मुवक्किल के पक्ष को अदालत में पेश होकर रखने में अधिक सहूलियत होती है, जो कि वर्चुअल में नहीं होती।

अदालतों में काम सुचारू रूप से होने पर बार काउंसिल पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अदालते बन्द होने की वजह से वकीलों को आर्थिक बड़ी परेशानी हो रही थी। क्योंकि मुव्वकील अदालत में हाजिर नहीं होते थे। इससे पहले भी अदालतों को लम्बे समय के लिए बन्द कर दिया गया था।

जिसकी वजह से अदालतों पर भी केसों का कार्यभार काफी अधिक हो गया। इसलिए अदालतों को ज्यादा समय के लिए बन्द नहीं किया जा सकता। इस मौके पर खुशी जाहिर करने वालों में बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतबीर शर्मा, पवन कौशिक, प्रेम चन्द सैनी, जिला बार ऐसोसिएषन के लाईब्रेरियन कुलदीप जोषी, कमल दलाल, पंकज ठाकुर, मनोज कुमार, बिल्लू धनकड, जितेन्द्र शर्मा, अफाक खान, विजय यादव, कपिल तिवारी, गौरव, मनोज मौर आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

# दो साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मारपीट के मुकदमे में दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम परसराम उर्फ टीटू है जो फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। जिसमें आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित शैंकी ने बताया कि वह गांव नवादा का निवासी है और उसकी इस मामले के मुख्य आरोपी विशाल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिसने फोन कर उसके साथ गाली गलौज की और उसे मारने की धमकी दी। इसके पश्चात इस मामले के दूसरे आरोपी अमित ने पीड़ित शैंकी को उनके बीच समझौता करवाने का बहाना बनाकर अपने घर पर बुलाया परंतु जब शैंकी वहां पर पहुंचा तो आरोपी विशाल, अमित, प्रवीण तथा सूरज ने लाठी-डंडों के साथ मिलकर शैंकी के साथ मारपीट की। आरोपी अमित व प्रवीण ने शैनकी पर देसी कट्टे से चार-पांच फायर किए। जिसमें शैंकी बाल-बाल बच गया और वहां से भाग गया।



मार पीट करने के आरोप में गिरफ्तार परसराम।

# बेहतरीन कार्यशैली के लिए थाना प्रभारी का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

थाना कोतवाली एसएचओ हुकम सिंह के प्रयासों को पूर्व मेयर अशोक अरोड़ा के सुपुत्र भारत अरोड़ा ने सराहा। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा एनआईटी क्षेत्र में चोरी एवं लूटपाट की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए किए गए प्रयास बेहतरीन है।

भारत अरोड़ा ने कहा कि जब भी कोई अधिकारी क्षेत्र में सुधार के लिए कोई अच्छा कार्य करता है तो हमें उसके प्रयासों की भी सराहना करनी चाहिए। ऐसे ही कुछ प्रयास थाना कोतवाली एसएचओ हुकम सिंह क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं चोरी की घटनाओं एवं सुरक्षा के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए कर रहे हैं। एसएचओ द्वारा शुरू की गई इस पहल और एक नई सोच के साथ वाले कार्यों की भारत अरोड़ा ने प्रशंसा करते हुए कहा कि रात के समय में एनआईटी क्षेत्र में गाड़ियां एवं मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं, गाड़ियों के शीशे, बैटरी एवं टायर चोरी होने की घटनाएं होती रहती थी। जिसको लेकर भारत अरोड़ा ने एसएचओ हुकम सिंह से बात की थी और यह निर्णय हुआ की एनआईटी 1 में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 21 जगह पर नाकेबंदी की जाएगी। भारत अरोड़ा ने कहा कि पुलिस एनआईटी क्षेत्र में किए कार्यों के लिए उनका एवं उनके पिताजी का आभारी रहेगा।



# सिटी पार्क बचाने को आप का ज्ञापन

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित कल्पना चावला सिटी पार्क को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बल्लभगढ़ के सिटी पार्क को ना उजाड़ने और सिटी पार्क को भू माफियाओं के हवाले ना करने की मांग की गई।

इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी को वकीलों का भी समर्थन मिला। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि फरीदाबाद पहले ही पोलूशन के मामले में नंबर वन है। बीजेपी के नेताओं ने पहले तो अरावली वन क्षेत्र को भू माफिया के कब्जे करवा दिया है और अब शहर के पार्कों को भी कब्जा करने की तैयारी कर ली गई है।

सिटी पार्क दीवारें तोड़ दी गई है पेड़ उखाड़ दे गए हैं। प्रशासन की मदद से पाक की भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। भड़ाना ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही एक थाली के चट्टे-बट्टे हैं और मिलकर पार्क को कब्जा करवाने में लगे हुए हैं, मगर, आम आदमी पार्टी उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी।

# एलकेपी सिक्योरिटीज ने एचडीएफसी से टाईअप किया


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एक विशेष 3-इन-1 ऑनलाइन खाता लॉन्च करने के लिए टाई अप किया है। इस सुविधा के तहत, एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड के ग्राहक अपने बैंक खाते के साथ ब्रोकिंग और डीमैट खाते के अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस 3-इन-1 ट्रेडिंग खाते को खोलने की तारीख से एक वर्ष तक कोई वार्षिक रखरखाव शुल्क (एएमसी) नहीं भरना होगा। साथ ही डीमैट खाता खोलने की तारीख से एक महीने के लिए, 500 रुपये तक के ब्रोकरेज शुल्क पर छूट सहित कई लाभ दिए जाते हैं। डीमैट और ट्रेडिंग खाते कमोडिटी और करेंसी जैसे अन्य सेगमेंट में ट्रेड करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं। यह 3-इन-1 खाता, बैंक खाते और ट्रेडिंग खाते के बीच तेजी से फंड ट्रांसफर की सुविधा देता है क्योंकि ग्राहकों को अब लंबी प्रमाणीकरण प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है। ग्राहक मोबाइल ट्रेडिंग ऐप GETSET-GROW@LKP का उपयोग करके ईक्षा, इक्ष्य और स्ट्ठ्ठ शेयरों में ट्रेडिंग शुरू कर सकते हैं जिसे Google Play Store ¥óÜU Apple App Store से डाउनलोड किया जा सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड के ग्राहक भी अपने ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की निगरानी कर सकते हैं, म्यूचुअल फंड में लेनदेन कर सकते हैं, ई-आईपीओ के साथ ऐप का उपयोग करके सभी आईपीओ के लिए आवेदन कर सकते हैं, साथ ही वायदा और विकल्प बाजार में व्यापार कर सकते हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक प्रतीक दोशी ने कहा, 'एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड में, हम अपने ग्राहकों के लिए निवेश को सरल, सहज और परेशानी मुक्त बनाने का लगातार प्रयास करते हैं। कई यूटिलिटी फीचर्स और लाभों के साथ हमारा 3-इन-1 ऑनलाइन खाता निवेश करने का बेहतर अनुभव प्रदान करता है। यह बैंकिंग और निवेश का बेजोड़ मिश्रण प्रस्तुत करता है, जिससे हमारे ग्राहक बाजार के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। हम इस पहल का हिस्सा बनने, हमारे और निवेशकों के लिए विश्वास को दोगुना करने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को धन्यवाद देना चाहते हैं। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कैपिटल मार्केट्स एंड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस ग्रुप के बिजनेस हेड आनंद मनकोठी ने कहा, 'एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड के साथ इस संयुक्त पहल का उद्देश्य एक सहज तरीके से डिजिटली ट्रेडिंग, डीमैट और बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करना है।

# स्वयं सहायता समूह 10 रुपये में दे रहे हैं भरपेट भोजन

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिलवाया जाएगा स्वादिष्ट खाना बनाने का प्रशिक्षण



डबुआ कालोनी स्थित श्रम विभाग के कार्यालय में कैंटीन में खाना खाते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में श्रम विभाग से तालमेल करके स्वयं सहायता की महिलाएं लोगों को कैंटीन चलाकर 10 रुपये में भरपेट खाना दे रही हैं। महिलाओं को भोजन पकाने का संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिलवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अन्य विभागों से तालमेल करके भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बेहतर खाना बनाने का प्रशिक्षण भी संस्थान द्वारा दिलवाया जाएगा। जिला में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं श्रम विभाग के कार्यालय परिसर डबुआ में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जीवन ज्योति महिला महासंघ द्वारा खाना बनाने का कार्य शुरू किया गया है। यह स्वयं सहायता समूह डबुआ के श्रम विभाग के कार्यालय में कैंटीन चला रही हैं। कैंटीन में मात्र 10 रुपये में एक थाली खाना जिसमें दाल, चावल, सब्जी, चार रोटी और पीने का स्वच्छ पानी श्रमिकों को दे रही है। इस कार्य स्वयं सहायता समूह की श्रीमती सरोज, श्रीमती नीलम, ममता, जगवन्ती व कमलेश द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से महिला समूह को बहुत फायदा मिल रहा है और गरीब, मजदूर व जरूरतमंद परिवारों के लिए यह एक सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार क्रियान्वित किए जाने से गरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। गरीब परिवारों को मात्र 10 रुपये में भरपेट खाना भी मिल रहा है। जिला ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कोर्डिनेटर शिवम तिवारी ने बताया कि इसी तर्ज पर स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा कृषि विपणन बोर्ड व अन्य कार्यालयों में भी महिलाएं कैंटीन संचालित करेंगी। जिसमें लोगों को मात्र 10 रुपये की थाली भर पेट खाना उपलब्ध करवाएंगी।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खाना बनाने के लिए एक इंस्टीट्यूट के साथ तालमेल करके उन्हें प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। आपको बता दें सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार श्रम, कृषि विपन बोर्ड व अन्य विभागों द्वारा कैन्टीन चलाने के लिए अनुदान राशि भी मुहैया करवाई जाती है।

# बच्चों में कैंसर को लेकर जागरुक रहने की जरूरत: डॉ. प्रबल रॉय

फरीदाबाद। विश्व बाल कैंसर दिवस पर एकॉर्ड अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल के चैयरमेन व वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय ने कहा कि बच्चों में कैंसर को लेकर माता पिता को जागरुक होने की ज्यादा जरूरत है, तभी कैंसर को मात दी सकती है।




डॉ. प्रबल ने बताया कि भारत में कैंसर के कुल मामलों में बच्चों के कैंसर के लगभग 5 प्रतिशत मामले पाए गए हैं। बच्चों के कैंसर के ज्यादातर मामले लड़कों में पाए जाते हैं और हाल के सर्वे के मुताबिक बालकों में कैंसर के मामले देश के कुल मामलों के मुकाबले दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कहीं ज्यादा सामने आए हैं। देश में 5 से 14 साल की उम्र के बच्चों में मृत्यु दर का नौवां सबसे बड़ा कारण कैंसर ही है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में बच्चों के कैंसर के इलाज में अहम प्रगति देखी गई है और अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराने वाले बच्चों के जीवित रहने की दर पांच साल के दौरान 75 से 79 प्रतिशत ज्यादा होती है। अभिभावकों को अपने बच्चों में इस खतरे के निशान को लेकर जागरूक रहना होगा। इस तरह के कैंसर के इलाज के लिए उपलब्ध आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी रखनी होगी। शुरुआती चरण में जांच के इलाज शुरू होने से कैंसर को बढ़ने से रोका जा सकता है।

# हीरानंदानी समूह ने की नई उपभोक्ता सेवाओं में प्रवेश की घोषणा

### नया उद्यम सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा जिसमें- सोशल मीडिया, गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स, ब्लॉकचेन और अन्य नई तकनीकी सेवाएं हैं शामिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ डेटासेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी में सफल प्रवेश के बाद, हीरानंदानी समूह अब अपने नए उद्यम - तेज प्लेटफॉर्म के साथ व्यापक प्रौद्योगिकी-आधारित उपभोक्ता सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है। तेज प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स, ई-कॉमर्स, पर्सनल मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचैन लिंक्ड सॉल्यूशंस के क्षेत्र में बड़े अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगा।



'हम मानते हैं कि डिजिटल की क्षमता का उपयोग अभी सतही तौर पर ही रहा है। माननीय प्रधान मंत्री और भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन को ध्यान में रखते हुए, जैसा कि केंद्रीय बजट 2022 में भी प्रतिबिम्बित हुआ, हम प्रौद्योगिकी आधारित, नई सेवाओं पर ध्यान दे रहे हैं। योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे लिए क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटर-कनेक्टिविटी, एंटरप्राइज़ एप्लिकेशन और एंटरप्राइज़ साइबर सुरक्षा तकनीकों के क्षेत्रों में निवेश करने का माध्यम बना रहेगा, जो हमारे हाइपरस्केल और एज डेटासेंटर रोल-आउट द्वारा बेहतर बनाये गए है। इसके अलावा, तेज प्लेटफॉर्म के माध्यम से हम आनेवाले चरणों में अन्य क्षेत्रों में अग्रणी प्रौद्योगिकियों और भागीदारों (घरेलू और वैश्विक दोनों) के साथ काम करने का इरादा रखते हैं।' हीरानंदानी समूह के सीईओ-दर्शन हीरानंदानी ने कहा।

दर्शन आगे बताते हैं, 'हमारे पास 2022 में दो अत्यधिक मांग वाली सेवाओं को लॉन्च करने का एक रोडमैप है, जिसके बाद अगले साल तीन और सेवाएं शुरू की जाएंगी। प्लेटफॉर्म हीरानंदानी समूह की विभिन्न संस्थाओं की प्रतिभाओं से लाभ लेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूली बच्चों ने बनाए जागरुकता पोस्टर

फरीदाबाद। जिले में नेशनल टुबेको कंट्रोल प्रोग्राम (एनटीसीपी) चलाया जा रहा है। जिसमें लकड़पुर स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों को इसके प्रति स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जागरुक किया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कर्मी अंजू ने बताया कि एनटीसीपी प्रोग्राम के तहत बच्चों ने जागरूकता पोस्टर बनाए। जिसमें उन्होंने सिगरेट व तम्बाकू से होने वाले नशे के पोस्टर बनाए और तम्बाकू व सिगरेट का सेवन न करने की शपथ ली। अंजू ने बताया कि तम्बाकू और सिगरेट के जरिये कैंसर जैसी बीमारी की चपेट में आ सकते है। यदि इस पर अंकुश लगाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए गए तो यह बीमारी आने वाले समय में महामारी का रूप ले लेगी। इसे दृष्टिगत रखते हुए सरकार ने नेशनल टुबेको कंट्रोल प्रोग्राम संचालित करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत नागरिकों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारियां दी जा रही है।

### शहीदों की याद में प्रज्ज्वलित किए दीप

फरीदाबाद। सेक्टर-55 के प्रबुद्ध नागरिकों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानों की याद में दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अमर शहीदों की याद में सर्वप्रथम श्रीसनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में तत्पश्चात शहीद भगत सिंह पार्क और अंत में पुलिस चौकी सेक्टर 55 में वहां मौजूद पुलिस चौकी प्रभारी राव रणधीर सिंह एवं सभी पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से दीप जलाकर शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने एक-एक दीप जलाकर उनकी शहादत को याद किया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की अनेक सेविकाएं, मीनू, पूजा, संतोष, खुशबू, नेहा, सुनीता के अलावा विभाग कार्यवाहिका सुषमा तोलबिया एवं गुरमीत सिंह देओल, महेश बाबू, गंगाराम गौतम, ओमप्रकाश कौशिक, राजेंद्र प्रसाद, शेखर, विनोद तोलम्बिया, विनय समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### पुलवामा हमले में शहीदों की याद में तिरंगा यात्राः अभाविप

फरीदाबाद। पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में सोमवार शाम को फरीदाबाद जिले में अभाविप बल्लभगढ़ नगर की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला मीडिया संयोजक रवि पांडे ने बताया यह तिरंगा यात्रा भीमसेन कॉलोनी से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में शामिल युवा देशभक्ति नारे लगाते हुए चल रहे थे। भीमसेन कॉलोनी से निकाली गई तिरंगा यात्रा अग्रसेन चौक बल्लभगढ़ बाजार अंबेडकर चौक से होते हुए राजा नाहर सिंह पार्क शहीद स्मारक पर पहुंची। शहीद स्मारक पर पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बल्लभगढ़ नगर मंत्री अमन दुबे, स्टूडेंट फॉर सेवा जिला सह संयोजक दीपक भारद्वाज, राष्ट्रीय कला मंच फरीदाबाद जिला संयोजिका ने किया। अमन दुबे ने बताया कि कि आज के ठीक तीन वर्ष पहले पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे हमें जवानों को श्रद्धांजलि देनी चाहिए न कि वैलेंटाइन डे मनाना चाहिए। दीपक भारद्वाज ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले जांबाज जवानों पर पूरे देश को गर्व है। इस तिरंगा यात्रा में अभिषेक, देव, अंसुल, विशाल, रमन, आदित्य मौर्य, संदेश चौहान, युधिष्ठिर, तरुण, चंदन, सुमित शर्मा, अजय, आकाश, प्रशांत, दीपेंद्र, रजत, कुशाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का किया आयोजन

फरीदाबाद। सेक्टर-88 स्थित आरपीएस औरिया में मंगलवार को आरपीएस ग्रुप ने रोटरी क्लब के साथ मिल कर सोसाइटी के भीतर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जिसमें सोसाइटी के रहवासियों, मेंटीनेंस स्टाफ और आरपीएस ग्रुप के कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कैंप की शुरुआत सुबह 9 बजे से हुई जोकि दोपहर तक चला। शिविर में 51 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। रक्तदान के लिये रोटरी क्लब की टीम डॉक्टरों के साथ सोसाइटी में मौजूद रही और रहवासियों व कर्मचारियों को रक्तदान करने के लाभ बताए साथ ही लोगों से अपील की नियमित समय पर रक्त दान करना कितना फायदेमंद होता है। इस बारे में आरपीएस ग्रुप से सुरेन गोयल का कहना है कि 'शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रहवासियों और कर्मचारियों का मैं शुक्रिया करना चाहता हूं, साथ ही रोटरी क्लब और एनएसजे फाउंडेशन का भी धन्यवाद देता हूं।

### पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

फरीदाबाद। शहर की समाजसेवी संस्थाओं, आईएमए तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा बीके चौक पर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया। आईएमए हरियाणा की अध्यक्ष डा. पुनीता हसीजा, आईएमए हरियाणा के प्रवक्ता डा. सुरेश अरोड़ा ने कहा कि पुलवामा की घटना को भुलाया नहीं जा सकता है। यह घटना हृदय विदारक थी। आज सैनिकों की वजह से हम भारतवासी चैन की नींद सोते है।

# बजट में खाद्यान्न सब्सिडी की पहेली

वर्तमान समय में गरीबों को लक्षित सब्सिडी में 800 मिलियन लोग शामिल हैं। अत्यधिक सस्ता भोजन अत्यधिक गरीबों के लिए है। दो तिहाई भारतीय अत्यधिक गरीब कैसे हो सकते हैं?



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

मोदी सरकार ने 2022-23 के केन्द्रीय बजट में खाद्यान्न सब्सिडी के लिए 207,000 करोड़ रखे हैं जो संशोधित अनुमानों-आरई के अनुसार 2021-22 के 286,000 करोड़ से 79,000 करोड़ कम हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए, 2013 के अंतर्गत केन्द्र सरकार भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर अनाज खरीदने तथा उसे उचित मूल्य वाली दूकानों-एफएसपी के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 800 मिलियन की विशाल जनसंख्या को देने का निर्देश देती है। इसमें गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2, 3 व 1 रुपये किलो दाम लिए जाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को हर महीने इस प्रकार पांच किलो अनाज प्राप्त होता है। चूंकि खरीद, हैंडलिंग तथा वितरण पर बिक्री मूल्य से बहुत अधिक खर्च होता है, इसलिए केन्द्र सरकार अतिरिक्त खर्च को एफसीआई व अन्य एजेंसियों को केन्द्रीय बजट से 'खाद्यान्न सब्सिडी' के रूप में देती है। इस प्रकार सब्सिडी तथा बिक्री मूल्य को प्रभावित करने वाले तीन आयामों में एमएसपी, हैंडलिंग व वितरण खर्च-एचडीसी तथा लाभार्थियों को मिलने वाले अनाज की मात्रा है। इन आधारभूत चीजों के साथ 2022-23 में सब्सिडी आबंटन में कमी का अर्थ एमएसपी-एचडीसी में कमी या मात्रा में गिरावट या तीनों संभव हैं। वर्तमान 2,3 व 1 रुपये बिक्री मूल्य का संबंध एनएफएसए कानून से है। 2013 में लागू इस कानून ने तीन साल तक दरों को तय किया था। 2017 में तत्कालीन उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने अगले तीन साल तक कीमतों में बदलाव न करने का आश्वासन दिया था। यह यथास्थिति आज तक बनी हुई है। कम कीमत से जुड़ी राजनीतिक संवेदनशीलता तथा लगातार कहीं न कहीं चुनाव होने के कारण इस बात की संभावना नहीं है कि मोदी सरकार कीमतें बढ़ाने का निर्णय करे।

जहां तक एमएसपी का सवाल है, यह उत्पादन लागत पर निर्भर है। कृषि निवेश बढ़ने के वर्तमान परिवेश में यह बढ़ेगा ही।



इसी प्रकार डीजल व पेट्रोल की अधिक कीमतों के कारण एचडीसी भी बढ़ेगा। जहां तक मात्रा का सवाल है, 2020-21 व 2021-22 में कोविड से निपटने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना-पीएमजीकेवाई के अंतर्गत 800 मिलियन लोगों को मुफ्त राशन दिया। हालांकि, महामारी दूर हो रही है, लेकिन इस योजना के अगले साल बंद होने की कोई उम्मीद नहीं है। एमएसपी वृद्धि, खरीदे अनाजों की मात्रा बढ़ने तथा एचडीसी बढ़ने के कारण सब्सिडी बढ़ना अपरिहार्य है। सरकार आखिरकार इस समस्या से कैसे निबटेगी? जवाब के लिए हमें अतीत की ऐसी स्थितियों पर विचार करना होगा। 2019-20 में वित्त मंत्री ने 184,000 करोड़ का बजट प्राविधान किया था। लेकिन उन्होंने वर्ष के आरई के अनुसार केवल 109,000 करोड़ रुपये जारी किए। वास्तविक आवश्यकता 219,000 करोड़ की होने के कारण एफसीआई को बाकी 110,000 करोड़ की धनराशि एनएसएसएफ से उधार लेनी पड़ी। 2020-21 के लिए बजट आबंटन 116,000 करोड़ था जबकि सरकार को उम्मीद थी कि 253,000 करोड़ की कुल आवश्यकता पूरी करने के लिए एफसीआई को 137,000 करोड़ कर्ज लेना पड़ेगा। यदि इसमें पीएमजीकेवाई के अंतर्गत कोविड से जुड़ा बोझ जोड़ दें तो कुल दायित्व 387,000 करोड़ हो जाएगा।

**यदि सस्ते दाम पर खाद्यान्न देने की वर्तमान योजना के बजाय डीबीटी से सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाए तो भ्रष्टाचार पर नियंत्रण से काफी लाभ होगा जो वर्तमान योजना में व्यापक रूप से फैला हुआ है। कुल मिला कर इन उपायों से सरकार हर साल ।`, करोड़ रुपये बचा सकती है।**

वित्त मंत्री ने 525,000 करोड़ आबंटित किए, जबकि बाकी धनराशि एफसीआई द्वारा एनएसएसएफ का कर्ज अदा करने के लिए थी। 2021-22 के लिए सीतारमण ने 243,000 करोड़ बजट आबंटित किया था, लेकिन 2022-23 के आरई के अनुसार उन्होंने अंततः 286,000 करोड़ खर्च किए। इस प्रकार इन वर्षों में वास्तविक आवश्यकता बजट अनुमान से काफी अधिक थी जिसे एनएसएसएफ से कर्ज लेकर या सहायक अनुदानों के माध्यम से अतिरिक्त प्राविधान कर पूरा किया गया। यह राजकोषीय घाटे की 9.2 प्रतिशत की अत्यधिक उदार स्थिति के कारण संभव हुआ जो 2020-21 में 18,000 करोड़ या जीडीपी का 6.9 प्रतिशत या 2021-22 में 15,90,000 करोड़ था। इस प्रवृत्ति के अनुसार, 2022-23 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशत या लगभग 16,60,000 करोड़ था। यदि सब्सिडी की मांग बजट अनुमान से थोड़ी अधिक हो तो सरकार को बजट से पूरा भुगतान करना पड़ेगा। लेकिन यह स्थिति लगातार जारी नहीं रह सकती है।

एक न एक दिन राजकोषीय अनुशासन लागू करना पड़ेगा जिसके अनेक कारण हैं। पहला, कोविड कमजोर होने के कारण सरकार के पास उदारता से राजकोषीय खर्च का कोई कारण नहीं बचेगा। दूसरा, पिछले दो साल में भारी मात्रा में कर्ज लेने के कारण केन्द्र का कर्ज जीडीपी का 60 प्रतिशत हो गया है, जबकि इसका लक्ष्य 40 प्रतिशत था। तीसरा, ब्याज भुगतान में 50 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो वर्तमान समय में बजट के एक चौथाई से अधिक तथा शुद्ध कर राजस्व का आधा हिस्सा है। ऐसे में भारत सरकार खाद्यान्न सब्सिडी घटाने के लिए क्या कर सकती है?

2019-20 के आर्थिक सर्वेक्षण में तत्कालीन प्रमुख आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वैंकट सुब्रमण्यम ने योजना की कवरेज सीमित करने तथा बिक्री मूल्य बढ़ाने का सुझाव दिया था। वर्तमान कवरेज 800 मिलियन जनसंख्या या कुल जनसंख्या की लगभग दो तिहाई है। मूलभूत रूप से सस्ता खाद्यान्न गरीबों के लिए है और वास्तव में 1,2,3 रुपये किलो पर अत्यधिक सस्ता खाद्यान्न अत्यधिक गरीबों के लिए है। यह कहना मूर्खतापूर्ण है कि दो तिहाई भारतीय अत्यधिक गरीब हैं। ऐसे में असंदिग्ध रूप से कवरेज में भारी कमी की जानी चाहिए। सरकार कम से कम इस मामले में 2015 में पेश शांता कुमार रिपोर्ट की संस्तुतियां लागू कर सकती है। इससे सस्ता अनाज प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या वर्तमान समय में 67 प्रतिशत से घट कर 40 प्रतिशत रह जाएगी। इसके साथ ही गरीबों में सबसे गरीब लोगों को 'अंत्योदय अन्न योजना' के अंतर्गत 1,2,3 रुपये किलो पर भुगतान की सुविधा बनी रहेगी, जबकि बाकी को एमएसपी का 50 प्रतिशत देना होगा। जनसंख्या के 27 प्रतिशत या लगभग 380 मिलियन को सब्सिडी न देने से हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत होगी। यह गणित इस तथ्य पर आधारित है कि लाभार्थी अपने हिस्से का पूरा मासिक पांच किलो अनाज गेंहू के रूप में उठाएंगे जो 2 रुपये किलो उपलब्ध होगा। इसके अलावा एएवाई के अंतर्गत बाकी लाभार्थियों की संख्या 320 मिलियन है। उनको एमएसपी के 50 प्रतिशत पर 10 रुपये किलो अनाज सप्लाई पर 8 रुपये प्रति किलो की बचत होगी जिसका परिणाम हर साल 15,000 करोड़ रुपये की बचत के रूप में सामने आएगा। इन दो परिवर्तनों से हर साल 80,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। इसके साथ ही यदि सस्ते दाम पर खाद्यान्न देने की वर्तमान योजना के बजाय डीबीटी से सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाए तो भ्रष्टाचार पर नियंत्रण से काफी लाभ होगा जो वर्तमान योजना में व्यापक रूप से फैला हुआ है।

कुल मिला कर इन सब उपायों से सरकार हर साल 100,000 करोड़ रुपये बचा सकती है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि माहौल राजनीतिक रूप से अत्यधिक संवेदनशील है, जहां लाभ से वंचित करने की जरा सी भनक भी बड़े विस्फोट में बदल जाती है। सवाल है कि क्या ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री समस्या से निपटने के लिए कदम उठा सकेंगे।

## पंथनिरपेक्षता पर जोर

### राज्य का हस्तक्षेप

**कर्नाटक** के हिजाब विवाद से अदालतों में अनेक याचिकायें दायर हुई हैं। एक विधि छात्र ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि वह केन्द्र व राज्य को देश के सभी पंजीकृत व मान्यता प्राप्त स्कूलों व कालेजों में साझा ड्रेस कोड लागू करने का निर्देश दे। उसका विश्वास है कि केवल ऐसा कोड ही शिक्षा संस्थानों का पंथनिरपेक्ष चरित्र बनाए रख सकता है। उसे लगता है कि छात्र धार्मिक व्यवहारों में अनिवार्य कही जाने वाली अतिरिक्त चीजें कक्षाओं में धारण कर यह चरित्र कमजोर कर सकते हैं। पीआईएल में कहा गया है कि केवल साझा ड्रेस कोड ही जातिवाद, संप्रदायवाद व रूढ़िवाद का मुकाबला कर सकता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि शिक्षा संस्थान पंथनिरपेक्ष सार्वजनिक स्थल हैं और उनका काम ज्ञान व विवेक, रोजगार, अच्छा स्वास्थ्य प्रदान कर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना है। उनका काम आवश्यक व गैर-आवश्यक धार्मिक व्यवहारों का पालन नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय इस याचिका पर चाहे जो निर्णय दे, यह देश के विचारशील लोगों के मन में बौद्धिक भ्रम का प्रतीक है। यह समस्या 'पंथनिरपेक्ष होने' को लेकर है। हालिया वर्षों में राजनीति के कारण इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है। हिजाब विवाद के संदर्भ में हिजाब मामले में मुस्लिम लड़कियों का पक्ष रखने वाले वकील देवदत्त कामत 'पंथनिरपेक्ष' कार्रवाई के केन्द्र में आ गए हैं। लेकिन स्थानीय रामकृष्ण आश्रम ने यह कह कर उनका समर्थन किया है कि वे पेशेवर कर्तव्य निभा रहे हैं और इसे 'हिंदू धर्म के खिलाफ कार्य' नहीं माना जाना चाहिए।




दूसरी ओर आरएसएस की मुस्लिम शाखा ने भगवा गमछे डाले कुछ नौजवानों का विरोध करने वाली बुर्का पहने लड़की का समर्थन किया है। यदि दोनों कार्रवाइयों को 'पथनिरपेक्ष' माना जाए तो समस्या पैदा ही नहीं होनी चाहिए थी। हिजाब मामले पर विचार करते समय अदालतों को स्कूलों व कालेजों में धार्मिक अतिरिक्त चीजें पहनने के संदर्भ में पुनः 'पंथनिरपेक्षतावाद' की परिभाषा पर विचार करना चाहिए। राज्य के हस्तक्षेप के बिना भी पंथनिरपेक्षता का अस्तित्व है। इससे फर्क नहीं पड़ता है कि छात्र हिजाब, पटका, बिंदी या क्रास पहनते हैं। राज्य के स्पष्ट हस्तक्षेप के बिना भी पंथनिरपेक्षता संभव है। इस मामले में छात्रों को धार्मिक व्यवहार के अनुकूल आवश्यक चीजें नहीं पहनने दी गईं। दोनों किस्म की पंथनिरपेक्षता से छात्रों का अध्ययन प्रभावित नहीं होता है। लेकिन इससे उनका चरित्र तथा धार्मिक व पसंद का अधिकार गहराई तक प्रभावित होता है। पीआईएल में जिस समान ड्रेस कोड की मांग की गई है वह अपने आप में पंथनिरपेक्ष नहीं है, यह केवल एकरूपता तथा एक प्रकार से राजनीतिक अतिवाद का प्रतिनिधित्व करता है। इसका पंथनिरपेक्ष चरित्र इस बात पर निर्भर करता है कि आवश्यक धार्मिक व्यवहारों से दिन-प्रतिदिन के जीवन में कैसे निपटा जाता है। यह अल्पसंख्यक संस्थानों के छात्रों पर लागू ड्रेस कोड से संबंधित है, जहां परिभाषा के अनुसार छात्र धार्मिक चीजें धारण कर सकते हैं। ऐसे में सामूहिक प्रार्थनाओं और नैतिक विज्ञान कक्षाओं का क्या होगा जो विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों में अलग-अलग हैं? समय की आवश्यकता है कि राज्य के हस्तक्षेप के बिना पंथनिरपेक्षता को प्रोत्साहित किया जाए जिसमें धर्म तथा पसंद के सवालों को संबोधित किया जाए।

# अफ्रीकी देशों में सैन्य तख्ता पलट

**"सबसे गरीब अफ्रीकी देशों में से एक होने के अलावा, गिनी बिसाऊ एक कोकीन पारगमन बिंदु है।"**



**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

अफ्रीका में सैन्य तख्तापलट फैशन में वापस आ गया है। 1 9 60 से महाद्वीप में 200 से अधिक तख्तापलट की कोशिशें हुई हैं, जिनमें से लगभग आधी सफल रही हैं, लेकिन पिछले दो दशकों में वे घटकर केवल दो साल में ही रह गई हैं। हालांकि, पिछले साल छह देखे गए थे, और इस साल पहले ही दो हो चुके हैं। नवीनतम गिनी-बिसाऊ में है।

गिनी-बिसाऊ अफ्रीका के 54 देशों में सबसे गरीब और कम से कम अच्छी तरह से माना जाता है - इसे अपने बड़े पड़ोसी गिनी, अधिक दूर इक्वेटोरियल गिनी और बहुत दूर पापुआ न्यू गिनी के साथ नाम साझा करना पड़ता है। लेकिन पश्चिम अफ्रीकी तट पर पूर्व पुर्तगाली उपनिवेश के दो भेद हैं- इसने 1980 के बाद से 9 तख्तापलट या तख्तापलट का प्रयास किया है, और यह महाद्वीप का प्रमुख नार्को-स्टेट% है।

गिनी-बिसाऊ में सबसे हालिया सफल तख्तापलट 2012 का नार्को-तख्तापलट था, जिसका नेतृत्व सेना प्रमुख जनरल एंटोनियो इंदजाई ने किया था। ग्लोबल इनिशिएटिव अगेंस्ट ट्रांसनेशनल ऑर्गनाइज्ड क्राइम की एक रिपोर्ट के अनुसार, इसका उद्देश्य मुख्य रूप से तेजी से बढ़ते आकर्षक कोकीन व्यापार पर नियंत्रण हासिल करना था। नागरिक लोकतंत्र अब गिनी-बिसाऊ में वापस आ गया है, हालांकि एक पूर्व सेना जनरल, राष्ट्रपति उमारो सिसोको एंबालो के व्यक्ति में, जो 2019 के अंत में चुने गए थे। उन्होंने और उनके मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति के महल में पांच घंटे आग में बिताए, जितना भारी नागरिक कपड़ों में सशस्त्र पुरुषों (लेकिन शायद सैनिकों, वास्तव में) ने उन्हें मारने की कोशिश की।



वे बच गए, हालांकि बहुत से अन्य लोग मारे गए, लेकिन आपको इस तरह की उम्मीद करनी होगी जब आपका देश लैटिन अमेरिकी कोकीन के लिए यूरोप और मध्य पूर्व में जाने के लिए एक प्रमुख पारगमन बिंदु बन जाएगा। एंबालो ने खुद कहा था कि हमलावर देश में ड्रग्स से जुड़े थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इससे उन्हें निशाना क्यों बनाया जाएगा। एक पूर्व जनरल के रूप में, एम्बालो को उन गुटों में से एक के साथ जुड़ना होगा। भले ही वह स्वयं नशीले पदार्थों के व्यापार में सक्रिय न हो या न हो, उसका गुट होगा, और यह उसे अन्य गुटों के लिए एक लक्ष्य बनाता है। गिनी-बिसाऊ बाहर खड़ा है क्योंकि चारों ओर बहुत अधिक नशीली दवाओं का पैसा है, लेकिन तख्तापलट की घटना इससे कहीं अधिक व्यापक है। वास्तव में, वह पुराना वाक्यांश %कूप बेल्ट% वापस उपयोग में आ रहा है, क्योंकि अधिकांश तख्तापलट अफ्रीका के विस्तृत मध्य बेल्ट में हो रहे हैं जो साहेल के पार अटलांटिक तट से लाल सागर तक फैला हुआ है।

यह निस्संदेह अफ्रीका का सबसे गरीब क्षेत्र है, प्रति व्यक्ति आय अक्सर एक डॉलर प्रति दिन से कम है, और यह सबसे कम शिक्षित भी है।

जलवायु परिवर्तन ने इसे अत्यंत कठिन रूप से प्रभावित करना शुरू कर दिया है, क्योंकि गर्म मौसम का मतलब आमतौर पर कम बारिश होता है - और जो गिरता है वह फिर से अधिक तेज़ी से वाष्पित हो जाता है।

तथ्य यह है कि लगभग सभी देश मुस्लिम हैं, इसका मतलब है कि वे सभी जिहादी चरमपंथियों के हमलों की चपेट में हैं जो अपने से कम चरमपंथियों के थोक नरसंहार में शामिल हैं। इन कट्टरपंथियों से लड़ने वाली सेनाओं, विशेष रूप से माली (8 तख्तापलट और तख्तापलट का प्रयास), नाइजर (7), बुर्किना फासो (9) और चाड (8) ने भारी हताहत किया है और कम सराहना और कम भुगतान महसूस किया है।

लेकिन अनुपात की भावना की जरूरत है। बुरुंडी, लेसोथो और ज़िम्बाब्वे में एक बार के अलावा दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीका में पिछले बीस वर्षों में शायद ही कोई सैन्य तख्तापलट हुआ हो।

मध्य पूर्व में सैन्य तख्तापलट का दिन 1945-75 में था, जब से अफ्रीका गतिविधि के इस विशेष क्षेत्र पर हावी है। लेकिन अगर अफ्रीका के %कूप बेल्ट% में हालिया उछाल वास्तव में ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ा है, तो हम दुनिया के अन्य हिस्सों में भी पुनरुत्थान की उम्मीद कर सकते हैं। आम धारणा के विपरीत, अधिकांश लोग दबाव में अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं।

## आप की बात

### पुलिस सुधार

**देश** में पुलिस सुधार के लिये केंद्र और राज्य सरकारों को कदम उठाने की जरूरत है। आतंकवाद, नक्सलवाद, अराजक और अतिवादी तत्व जो आंतरिक सुरक्षा के लिये जबरदस्त खतरा उत्पन्न कर रहे है। आधुनिक हथियार और तकनीक से लैस ये तत्व देश के सामने नई नई चुनौतियां पेश कर रहे है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर क्षेत्रो में उग्रवाद ,छत्तीसगढ़ झारखंड में नक्सलवाद के साथ दक्षिण भारत मे सिर उठाते अतिवादी संगठनों से निपटने के लिये पुलिस और गुप्तचर व्यवस्था को आधुनिक बनाने की जरूरत है इन देशविरोधी संगठनों की गतिविधिया दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनसे निपटने के लिये केंद्र सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण करने के लिये 25हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बना रही है। जिससे पुलिस को आवश्यक संसाधन प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार को पुलिस के खाली पड़े पदों और आवश्यकतानुसार पदों को सृजित कर तैनाती की जानी चाहिए। देश में अक्सर पुलिस के संख्याबल कम होने की चर्चाएं होती हैं। साथ ही पुलिस की समाज के प्रति मित्रवत छवि बनाने की भी जरूरत है। लोग पुलिस को देखकर कर दूर भागते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### यातायात नियमों का महत्व

**कम** उम्र में बच्चों को दो पहिया (मोटर साइकिल ),चार पहिया आदि चलाने देना यूं तो यातायात नियम के विरुद्व कार्य है, वहीं जान माल की हानि की सम्भावना बनी रहती है। बच्चों को गाड़ी चलाने देना आजकल फैशन सा बन गया यदि बच्चा गाड़ी चलाता है तो माता- पिता अपनी शान समझते है जब दुर्घटना होती या चालान बनता है तब लोग बाग ही ताना देने लग जाते है कि बच्चों को ज्यादा ही सर चढ़ा रखा था। साथ ही दुर्घटना होने पर भविष्य के निर्धारित किये लक्ष्य भी पिछड़ से जाते है। गाड़ी चलाने की अनुमति वयस्क होने के बाद ही देना चाहिए वाहनों की गति सीमा जो शहरों, गांवों में निर्धारित है उसकी सूचना के बोर्ड लगाये जाना चाहिए गति सीमा का पालन नहीं होने से सड़क दुर्घटनाओ में बढ़ोतरी होती है। गति सीमा से अधिक चलते वाहनो पर अंकुश आवश्यक है। साथ ही यातायात के नियमो का पालन हेतू कम से कम तहसील स्तर पर चौराहों पर जहां ज्यादा वाहनों का आवागमन हो वहां सिंग्नल लगाये जाना चाहिए ताकि यातायात जाम होने की परेशानी न उठाना पड़े। सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहे लोगों की आए दिन दुर्घटना की खबर पढ़ने को आती है।

- **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### चुनावी खैरातें

**चुनावों** के इस दौर में विभिन्न राजनीतिक दलों में होड़ लगी है कि कौन जनता को सरकारी खजाने से ज्यादा खैरात बांट सकता है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह खैरात की घोषणाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाती है क्योंकि कहीं न कहीं यह हथकंडे लोकतन्त्र की उस मूल भावना के विरुद्ध हैं जिसमें भारत की चुनाव प्रणाली के नियमों के तहत मतदाता को किसी भी प्रकार का लालच देना निषेध होता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के विपरीत होती है मगर इस पर अंकश नहीं लग पा रहा है। इससे चुनाव प्रक्रिया दूषित होती है और यह एक तरह की रिश्वत ही तो हैं। हालही मे हो रहे चुनाव मे मुफ्त की सौगातों की वर्षा हो रही है उसे देख कर लगता है कि जैसे इन पार्टियों को कहीं से कुबेर का खजाना मिला हो और वो यह जनता पर न्यौछावर करना चाहते हो! मुफ्त सौगात बांटने की चुनावी परंपरा अपना कर हम साफ सन्देश दे रहे हैं कि गरीब गरीब ही रहेगा और अमीर मौज मनाता रहेगा। लोकतन्त्र के लिए सही कदम यही होगा की मुफ्त की सौगातों पर रोक लगे।

- **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**यदि** कुछ भी राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित है, तो (राज्य सरकार के लिए) केंद्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग करना आवश्यक है।

- **संजय राउत**
शिवसेना नेता



**योगी** आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर किया है और उनके नेतृत्व में यह देश का सबसे समृद्ध राज्य बनेगा।

- **नितिन गडकरी**
केंद्रीय मंत्री



**जो** गरीब अपना राशन ले रहे हैं, उन्हें चुनाव तक मिलेगा। चुनाव के बाद यह उपलब्ध नहीं होगा।

- **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



# बुंदेलखंड में कांग्रेस के लिए इस बार भी सूखे की नौबत

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ




**सूखाग्रस्त** बुंदेलखंड में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के लिए राजनीतिक तौर पर पिछले तीन दशक से अधिक समय से सूखे की स्थिति है। मौजूदा विधानसभा चुनाव में भी जो राजनीतिक परिदृश्य सामने है उसमें कांग्रेस की राह आसान नहीं दिख रही है। जिस बुंदेलखंड में नब्बे के दशक में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था वहां आज उसकी सियासी जमीन पूरी तरह से खिसक चुकी है। देश की राजनीति में बुंदेलखंड के इलाके को सियासी रूप से बेहद अहम माना गया है। इसमें उत्तर प्रदेश के सात और मध्य प्रदेश के छह जिले आते हैं। उत्तर प्रदेश के हिस्से के सात जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, महोबा व कर्बी (चित्रकूट) में विधानसभा की 19 सीटें आती हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने यहां की सभी 19 सीटों को जीतकर रिर्कार्ड कायम किया।

बुंदेलखंड क्षेत्र में एक समय कांग्रेस का वर्चस्व हुआ करता था। यहां की अधिकांश सीटों पर कांग्रेस ही काबिज रही लेकिन 1984 के बाद से इस इलाके में कांग्रेस की पकड़ कमजोर होती गई और उसकी जगह समाजवादी पार्टी और बीएसपी और फिर बीजेपी ने ले ली। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी के बीच यहां की चारों लोकसभा सीटें बीजेपी ने जीतीं। उसके बाद 2017 के विधानसभा में बीजेपी ने सभी 19 सीटों पर सभी भगवा ध्वज फहरा दिया। बीजेपी की पकड़ यहां 2019 के लोकसभा चुनाव में भी ढीली नहीं हुई। एक बार फिर बीजेपी ने यहां की सभी लोकसभा सीटें जीतकर इतिहास दोहरा दिया था।

प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपने पुराने राजनीतिक गढ़ को फिर से हासिल करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। यूपी में चुनाव की घोषणा से पहले ही इसी कड़ी में प्रियंका गांधी ने चित्रकूट के रामघाट पर महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया था। अपना पारंपरिक वोट बैंक पूरी तरह से गंवा चुकी कांग्रेस की महासचिव ने इस बार के चुनाव में बुंदेलखड़ इलाके में भी महिला कार्ड खेला है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र की 19 सीटों में सात पर महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया है। उनको उम्मीद है कि उनके इस कमद से विशेषकर महिलाएं कांग्रेस पार्टी के प्रति जुड़ाव महसूस करेंगी। प्रियंका के प्रयास अपनी जगह लेकिन सवाल यह है कि बुंदेलखंड में अब कांग्रेस के लिए कितनी संभावनाएं बची हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अगर जातिगत राजनीति के हिसाब से देखा जाए तो इस क्षेत्र में बीजेपी और सपा में ही टक्कर है। कांग्रेस का स्थान तो बसपा के बाद चौथे नंबर पर आता है। दरअसल प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह बुंदेलखड़ में भी कांग्रेस का जिला और बूथ लेवल पर संगठन पूरी तरह से कमजोर है। पार्टी के पास इस इलाके में कोई बड़ा चेहरा भी नहीं बचा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य और बसपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दकी, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी जैसे चंद चेहरे ही पार्टी के पास हैं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद जहां प्रियंका गांधी ने बुंदेलखंड की ओर अपना फोकस किया और इस क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने के प्रयास किए। उन्होंने 2019 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन कर राजबब्बर के स्थान पर विधायक अजय कुमार लल्लू को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। कांग्रेस की नई टीम में उन्होंने बुंदेलखंड के आधा दर्जन नेताओं को स्थान दिया।

इनमें एडवाइजरी काउंसिल में दो, वर्किंग ग्रुप में दो और एक महामंत्री तथा एक सचिव पद पर नियुक्त किए गए। एडवाइजरी ग्रुप में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री रंजीत सिंह जूदेव, एडवाइजरी ग्रुप में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन, पूर्व सांसद ब्रजलाल खाबरी को स्थान मिला। महामंत्री पद पर धुरूराम चौधरी और सचिव पद पर हरदीपक निषाद को नियुक्त किया गया। प्रियंका जहां लगातार अपने प्रयासों में जुटी हुईं थीं वहीं दूसरी ओर उनके पुराने नेता एक-एक कर उनका साथ छोड़ते चले गए। महोबा, जालौन और हमीरपुर के बड़े कांग्रेसी नेताओं ने पिछले साल सपा का दामन थाम लिया। इनमें मुख्य रूप से हमीरपुर के राठ से पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, महोबा के दिग्गज कांग्रेसी नेता मनोज तिवारी और जालौन-उरई से पूर्व विधायक रहे विनोद चतुर्वेदी के नाम प्रमुख हैं।

### ये हैं कांग्रेस के प्रत्याशी

**जालौन**
माधौगढ़-सिद्धार्थ देवोलिया
कालपी-उमाकांति
उरई-उर्मिला खबरी
**झांसी**
बबीना-चंद्रशेखर तिवारी
झांसी नगर-राहुल रिछारिया
मऊरानीपुर-भगवान दास कोरी
गरौठा-नेहा
**ललितपुर**
ललितपुर-बलवंत सिंह राजपूत
महरौनी-बृजलाल खाबरी
**हमीरपुर**
हमीरपुर-राजकुमारी चंदेल
राठ-कमलेश श्रीवास
**महोबा**
महोबा सदर-सागर सिंह
चरखारी-निर्दोष दीक्षित
**बांदा**
तिन्दवारी-आदिशक्ति दीक्षित
बबेरू-गजेंद्र सिंह पटेल
नरैनी-पवन देवी कोरी
बांदा सदर-लक्ष्मी नारायण पटेल
**चित्रकूट**
चित्रकूट-निर्मला भारती
मानिकपुर-रंजना बराती लाल पांडे

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सियासी कद की भी परीक्षा



**कांग्रेस** के साथ ही बुंदेलखंड का चुनाव बड़े मुस्लिम चेहरा रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी की साख का भी सवाल है। यह चुनाव उनके सियासी कद को भी तय करेंगे। बसपा का दामन छोड़कर कांग्रेस में आए सिद्दीकी से पार्टी को बड़ी आस है। सिद्दीकी चुनाव मैदान में भले ही न हों लेकिन उनका शुमार कद्दावर नेताओं में होता है और वह बुंदेलखंड के बांदा से ही आते हैं। सिद्दीकी कांग्रेस के लिए बुंदेलखंड में कितने फायदेमंद साबित होंगे इसका पता तो दस मार्च को चुनाव नतीजे आने के बाद ही चल सकेगा। कभी बसपा सरकार में मिनी मुख्यमंत्री कहे जाने वाले नसीमुद्दीन सिद्दीकी अब उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया सेल के चेयरमैन हैं। यूपी की सियासत में उनका बड़ा नाम था लेकिन समय के साथ ही बहुत कुछ बदल चुका है। बदलते राजनीतिक समीकरणों में आज उनके सामने अब अपने वजूद को बनाए रखने की भी चुनौती है। जानकारों का कहना है कि बुंदेलखेड़ उनकी जन्मभूमि जरूर है लेकिन कर्मभूमि नहीं क्योंकि उनका जनता से सीधे तौर पर जुड़ाव नहीं रहा। हालांकि उनके खाते में 1991 में बांदा के पहले मुस्लिम विधायक बनने का श्रेय है लेकिन यह जीत भी ज्यादा दिन बरकरार नहीं रही। 1993 में हुए उपचुनाव में जनता ने उन्हें नकार दिया था। नसीमुद्दीन दो दशकों तक विधान परिषद सदस्य रहे। उनकी पत्नी हुसना सिद्दीकी भी पांच साल एमएलसी रहीं। जब मायावती 1995 में पहली बार सीएम बनीं तक नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इसके बाद 21 मार्च 1997 से 21 सितंबर 1997 तक मायावती की शार्ट टर्म सरकार में भी वह मंत्री बने। 3 मई 2002 से 29 अगस्त 2003 तक एक साल के लिए वह कैबिनेट मंत्री रहे। इसके बाद 13 मई 2007 से 7 मार्च 2012 तक मायावती की फुल टाइम सरकार में भी वह कैबिनेट मंत्री रहे। मायावती का करीबी होने के कारण लोग उन्हें मिनी मुख्यमंत्री कहा करते थे। 2017 में उन्हें बसपा मुखिया मायावती ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। पार्टी से निकाले जाने के बाद नसीमुद्दीन ने मायावती से हुई बातचीत की कॉल रिकार्डिंग मीडिया में सर्वाजनिक करते हुए उन पर कई गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद तो उनके बसपा में लौटने की गुंजाइश बिल्कुल ही खत्म हो गई। बसपा से अलग होने के बाद उन्होंने कांग्रेस का दामना थामा। कांग्रेस से 2019 में बिजनौर लोकसभा सीट से पहला चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। वह 25 हजार वोटों पर ही सिमट गए थे।

# गन्ना-जिन्ना से सपा के गढ़ में पहुंचा चुनाव

**सतीश सिंह।** लखनऊ

- **किसी की साख दांव पर तो किसी के पास मौका**
- **कांग्रेस ने अखिलेश व शिवपाल को भले वाकओवर दे दिया हो पर बसपा और भाजपा मजबूती से मैदान में डटीं**



**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में चुनाव गन्ना-जिन्ना के बाद सपा के गढ़ में पहुंच गया है। 20 फरवरी को 16 जिलों में 59 सीटों पर होने वाले मतदान में सपा की साख दांव पर है। इस चरण में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव करहल से मैदान में हैं तो वहीं सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल यादव अपनी परंपरागत सीट जसवंतनगर से मैदान में है। ऐसे में इन दोनों नेताओं के सामने कांग्रेस ने कोई प्रत्याशी खड़ा न करके भले ही वॉकओवर दे दिया है, पर बसपा और भाजपा सपा के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए मैदान में मजबूती से हैं।

तीसरे चरण के चुनाव में शामिल 16 जिलों में से 9 जिले यादव बाहुल्य हैं। हालांकि पिछली बार 2017 के चुनावों में सत्ता में रहते हुए सपा ने यहां बेहद खराब प्रदर्शन किया। 2017 के विधानसभा चुनाव में यहां की अधिकतर सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। पिछली बार सपा के गढ़ में ही साइकिल की रफ्तार बीजेपी की जीत ने धीमी कर दी थी। बीजेपी गठबंधन ने 59 में से 49 सीटों पर कब्जा किया था। समाजवादी पार्टी के हिस्से में सिर्फ 8 सीटें आई थीं। जबकि कांग्रेस और बीएसपी को सिर्फ एक-एक सीट ही मिली थी। तीसरे चरण में जिन इलाकों में वोटिंग होने वाली है वहां के मुद्दे और समीकरण पिछले दो चरणों से बिल्कुल अलग है। चुनावी रण की मंचों यात्राओं सभाओं भाषणों का राग अब जाटलैंड, गन्ना बेल्ट और जिन्ना से शिफ्ट होकर यादवलैंड और बुंदेलखंड में पहुंच गया है। इलाका, मुद्दा और जातीय समीकरण बदलने से सभी दलों के नेताओं के बोल बयान और भाषा भी बदल गई है। ज्यादा जिलों में हो रहे चुनाव के चलते पूर्व के चुनावी चरणों से ये चरण ज्यादा चुनौती भरा है। तीसरे चरण में जीत के लिए बीजेपी को दोबारा कोशिश में जुटी है। बीजेपी के तमाम दिग्गज नेता इन इलाकों में तूफानी चुनावी प्रचार कर रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी अपने गढ़ में नाक बचाने की कोशिश में जुटी है तो बसपा चक्रव्यूह को भेदने में लगी है।

**चाचा-भतीजा के सामने भाजपा व बसपा दोनों ने खड़ी की चुनौती:** सबसे सेफ मानी जा रही करहल सीट से मैदान में अखिलेश यादव हैं तो वहीं परंपरागत सीट जसवंतनगर से शिवपाल यादव लड़ रहे हैं। बीजेपी ने चाचा-भतीजे के खिलाफ ओबीसी समुदाय के मजबूत प्रत्याशी उतारकर सवर्ण, गैर-यादव ओबीसी के साथ-साथ दलित वोटों को एकजुटकर सपा को उसके घर में ही घेरने की रणनीति बनाई है। तो वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने दोनों ही सीटों पर दलित प्रत्याशी उतार दिए हैं। ऐसे में अखिलेश के पास यादव वोट बैंक ही मजबूती के साथ है तो वहीं भाजपा की तरफ से ओबीसी कैंडीडेट दिये जाने से गैरयादव ओबीसी भाजपा के साथ जा सकते हैं। वहीं मायावती ने दलित उम्मीदवार खड़ा करके अखिलेश व भाजपा के साथ दलित वोटों के बिखराव को रोकने की कोशिश की है। यादव बहुल होने की वजह से यहां पर यादव बनाम दलित की सियासत शुरू से रही है। बसपा यहां दलित और गैर-यादव ओबीसी के जरिए सियासी दखल देती रही है तो बीजेपी ने भी सवर्ण और ओबीसी वोटों के दम पर पिछले चुनाव में एक बड़ी चुनौती पेश किया था।

**अखिलेश के सामने भाजपा से बघेल तो बसपा से कुलदीप नारायन:** करहल से पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। तीसरे प्रत्याशी के रूप में बसपा के कुलदीप नरायन मैदान में हैं। 16 जिलों में सबसे कम केवल प्रत्याशी यहां से होने के चलते मुकाबला दिलचस्प हो गया है। करहल सीट से कांग्रेस ने जहां अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है तो वहीं निर्दलीय व अन्य दलों के आठ नामांकन पत्र जांच में निरस्त हो गए हैं। बसपा के कुलदीप नारायण उर्फ दीपक पेंटर 25 सालों से लगातार बसपा का दामन थामे हुए हैं। 25 साल के सफर में 7 साल तक मैनपुरी से जिला अध्यक्ष भी रहे। 2007 में जिला पंचायत सदस्य बने।

**शिवपाल के सामने बसपा से बीपी सिंह तो भाजपा से विवेक शाक्य दे रहे चुनौती:** जसंवतनगर सीट पर शिवपाल के खिलाफ पिछले दो चुनाव से लड़ रहे मनीष यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ सपा में शामिल हो गए हैं। मनीष 2012 में बसपा और 2017 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे और दोनों ही बार दूसरे नंबर पर रहे थे। मनीष यादव के जाने के बाद बीजेपी ने विवेक शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। जबकि बसपा ने यहां से ब्रजेंद्र प्रताप सिंह को उतारा है। हालांकि 1994 से इस सीट से विधायक चुने जा रहे शिवपाल यादव के चक्रव्यूह को तोड़ना दोनों पार्टियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है लेकिन बसपा ने यहां से दलित उम्मीदवार को मैदान में उतारकर अपनी उपस्थिति का अहसास जरूर दे दिया है।

# धुंधला हो गया बटला हाउस कांड की न्यायिक जांच का मुद्दा

**भाषा।** संजरपुर (आजमगढ़)

- **आजमगढ़ के संजरपुर गांव में लोगों के लिए अब नए मुद्दे**

**दिल्ली के** बटला हाउस कांड के बाद सुर्खियों में आए आजमगढ़ जिले के संजरपुर गांव की चुनावी फिजा में इस कांड की न्यायिक जांच का मुद्दा अब उतना अहम नहीं रह गया है। संजरपुर वही गांव है जहां के दो युवक 19 सितंबर 2008 को दिल्ली के चर्चित बटला हाउस कथित मुठभेड़ कांड में मारे गए थे। कैफी आजमी, राहुल सांकृत्यायन, अल्लामा शिब्ली और अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध जैसी हस्तियों की धरती आजमगढ़ को इस घटना के बाद आतंकगढ़ भी कहा गया था। संजरपुर के बाशिंदों का कहना है कि बटला हाउस कांड की न्यायिक जांच की मांग करते-करते वे थक चुके हैं और लगभग 13 साल के अंतराल में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं और नए मुद्दे पैदा हुए हैं जिन्होंने बटला हाउस कांड की कड़वी याद को भी धुंधला कर दिया है। अब विकास, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं यहां के प्रमुख मुद्दे हैं। स्थानीय निवासी मसीहुद्दीन संजरी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि बटला हाउस कांड की वजह से संजरपुर ही नहीं बल्कि पूरे आजमगढ़ की बहुत बदनामी हुई थी लेकिन चुनावी फिजा से अब वह मुद्दा लगभग गायब हो चुका है। उन्होंने कहा कि बटला हाउस कांड में जो लोग मारे गए उनके परिजन के लिए तो यह हमेशा एक बड़ा मुद्दा रहेगा लेकिन भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा लाए गए संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लेकर हुए विरोध के दौरान किए गए कथित जुल्म अब ज्यादा बड़े मुद्दे बन गए हैं और बटला हाउस कांड की न्यायिक जांच की मांग का मुद्दा पीछे छूट गया है।

संजरपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद इमदादुल्लाह के बेटे आमिर ने कहा कि संजरपुर के लोग बटला हाउस कांड में अपने बेटों की मौत के मामले की न्यायिक जांच की मांग करते-करते अब थक चुके हैं और उन्हें अब कोई उम्मीद भी नहीं रह गई है, इसलिए यह मामला अब काल की गर्त में लगभग दफन हो चुका है। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ चीजों में बदलाव आया है। अब यहां विकास, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं मुख्य मुद्दे बन गए हैं। यहां के नौजवानों के लिए रोजगार का सवाल सबसे बड़ा है। गौरतलब है कि 19 सितंबर 2008 को दिल्ली के बटला हाउस इलाके में हुई कथित पुलिस मुठभेड़ में संजरपुर निवासी आतिफ और साजिद मारे गए थे तथा कई अन्य को गिरफ्तार किया गया था। इन सभी पर उसी साल 13 सितंबर को दिल्ली में कई स्थानों पर हुए बम धमाकों में हाथ होने का आरोप था। इस घटना में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा भी शहीद हुए थे। राष्ट्रीय उलमा काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना आमिर रशादी ने बटला हाउस कांड की न्यायिक जांच की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन चलाया था और इस कथित मुठभेड़ के बाद इसके खिलाफ प्रदर्शन के लिए वह पूरी ट्रेन बुक कर लोगों को दिल्ली ले गए थे। रशादी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, हमारा झगड़ा यह नहीं कि उस वारदात में मारे गए लोग आतंकवादी थे या नहीं, बल्कि यह है कि वह मुठभेड़ फर्जी थी। हम पुलिस को तब तक झूठा नहीं कह सकते जब तक हमारे पास उसके खिलाफ कोई सुबूत ना हो लेकिन वह मुठभेड़ फर्जी थी इसके सुबूत हमारे पास हैं। रशादी का कहना है कि बटला हाउस कांड की न्यायिक जांच की मांग की उनकी यह लड़ाई अभी जारी है लेकिन 14 साल गुजर जाने के बावजूद इस मामले में नतीजा नहीं निकला है। हिंदुस्तान जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में सरकारों की यह उदासीनता बहुत से सवाल खड़े करती है। उन्होंने दावा किया कि बटला हाउस कांड के बाद से आतंकवाद के मामलों में आजमगढ़ के युवकों को पकड़े जाने का सिलसिला तेज हो गया था, लेकिन इसके खिलाफ चलाए गए उनके आंदोलन की वजह से इसमें कमी आई। रशादी ने कहा कि सुकून की बात यह है कि अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में गिरफ्तार किए गए आजमगढ़ के तीन युवकों को हाल में अदालत ने बरी कर दिया।

संजरपुर गांव आजमगढ़ के निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां से समाजवादी पार्टी ने मौजूदा विधायक आलम बदी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने मनोज यादव और बहुजन समाज पार्टी ने पीयूष यादव को टिकट दिया है। इसके अलावा, सीएए और एनआरसी के खिलाफ आंदोलन के दौरान सरकार की कार्वाई का मुखर विरोध करने वाले रिहाई मंच के नेता राजीव यादव यहां से निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं।

# तीसरे चरण में 22 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

- **एडीआर के आंकड़े: कई करोड़पति भी मैदान में, बबीना से सपा उम्मीदवार यशपाल सिंह यादव की संपत्ति 70 करोड़**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** विधानसभा चुनाव में 20 फरवरी को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव में महिलाओं के ऊपर अत्याचार करने वाले उमीदवारों की संख्या में इज़ाफा हुआ है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के तीसरे चरण में चुनाव लड़ने वाले 627 में से 623 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण कर यह रिपोर्ट जारी की है। 59 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में से 4 उम्मीदवारों के शपथपत्र स्पष्ट ना होने के कारण उनका विष्लेषण नहीं किया जा सका है।

एडीआर के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 623 में से 135 यानी 22 फीसद उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। वहीं गंभीर आपराधिक मामले 103 यानी 17 फीसद है। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में समाजवादी पार्टी के 58 में से 30 यानी 52 फीसद, बीजेपी के 55 में से 25 यानी 46 फीसद, बसपा के 59 में से 23 फीसद, कांग्रेस के 56 में से 20 यानी 36 फीसद और 49 में से 11 यानी 22 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषत किये हैं। वही गंभीर आपराधिक मामले दलवार समाजवादी पार्टी 58 में से 21 यानी 14 फीसद, बीजेपी के 55 में से 20 यानी 36 फीसद, बसपा के 59 में से 18 यानी 31 फीसद, कांग्रेस के 56 में से 10 यानी 18 फीसद और 49 में से 11 यानी 22 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर फर्रुखाबाद से कांग्रेस के उम्मीदवार लुईस खुर्शीद हैं जिनके ऊपर 17 मामले, दूसरे स्थान पर फिरोजाबाद से समाजवादी पार्टी के सैफुर्रहमान उर्फ छुट्टन भाई जिनके ऊपर 12 मामले और तीसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के एटा विधानसभा क्षेत्र से जुगेन्द्र सिंह यादव जिनके ऊपर 11मामले दर्ज है। 11 उम्मीदवारों ने महिलाओं के ऊपर अत्याचार से सम्बन्धित मामले घोषित किये है। इन 11 में से 2 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर बलात्कार से सम्बन्धित मामला घोषित किया है। दो उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या से सम्बन्धित मामले घोषत किये हैं। वहीं 18 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या का प्रयास से सम्बन्धित मामले घोषत किये हैं। अगर हम करोड़पति उम्मीदवारों कि बात करे तो 623 में से 245 यानी 39 फीसद तीसरे चरण में करोड़पति उम्मीदवार है। चुनाव में धनबल की भूमिका इस बात से स्पष्ट होती है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दल धनी उम्मीदवारों को टिकट देते है।



करोड़पति उम्मीदवार दलवार की बात करे तो समाजवादी पार्टी के 58 में से 52 यानी 90 फीसद, बीजेपी के 55 में से 48 यानी 87 फीसद, बसपा के 59 में से 46 फीसद, कांग्रेस के 56 में से 29 यानी 52 फीसद और 49 में से 18 यानी 37 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी घोषित संपत्ति 1 करोड़ से ज्यादा है। सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवारों में से पहले स्थान में समाजवादी पार्टी के जनपद झाँसी से बबीना विधानसभा से उम्मीदवार यशपाल सिंह यादव है जिन्होंने अपनी संपत्ति 70 करोड़ बतायी है। दूसरे स्थान पर किदवई नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस के अजय कपूर है जिनकी संपत्ति 69 करोड़ हैं। वहीं तीसरे स्थान पर कांग्रेस के आर्यानगर से प्रमोद कुमार है जिन्होने अपनी संपत्ति 45 करोड़ बतायी है। उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 के तीसरे चरण में उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.82 करोड़ है। वही 248 उम्मीदवारों ने अपनी देनदारी घोषित की है। इसके अलावा तीसरे चरण में 239 यानी 38 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 357 यानी 57 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। पांच उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की हैं वहीं 13 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। 4 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है। 241 यानी 39 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की हैं। जबकि 300 यानी 48 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की हैं। 81 यानी 13 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की हैं जबकि 1 उम्मीदवार ने अपनी आयु 83 वर्ष घोषित की हैं। तीसरे चरण में 96 यानी 15 फीसद महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।

# रीट मामले की सीबीआई जांच को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

**भाषा**। जयपुर

**राजस्थान** अध्यापक भर्ती पात्रता परीक्षा (रीट) पेपर लीक मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया। पुलिस ने विधानसभा का घेराव करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोक दिया और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें छोड़ी।

भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सतीश पूनियां, विधानसभा में उपनेता राजेन्द्र राठौड़, सांसद सुमेधानंद सहित कई भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक गिरफ्तारियां दी।पार्टी के विधायक, सांसदों के साथ-साथ प्रदेशभर से आए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। इससे पहले भाजपा मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरीके से विफल हो गई है। राज्य में विकास की बिजली गुल है। महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में आज राजस्थान नंबर वन पर है। उन्होंने कहा कि यह महाराणा प्रताप की धरती है। हमारे युवा न झुके है, न झुकेंगे.. मरुधरा का अपमान नहीं सहेंगे। इस लड़ाई को आगे बढ़ाना है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता इस लड़ाई को आगे बढ़ाएगा। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि इस लड़ाई को तब तक लड़ना होगा जब तक कि सारे दोषियों को पकड़ कर जेल में नहीं डाल दिया जाता। पूनियां ने आरोप लगाया कि रीट मामले में बड़ी धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई से नहीं कराई जाती तब तक भाजपा का प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा के अंदर और बाहर भी सरकार को मजबूर किया और वह रीट लेवल दो को निरस्त करने पर मजबूर हुई और यह अपने आप में बड़ा प्रमाण है कि रीट में बड़ी धांधली हुई है। पूनियां ने कहा कि राजस्थान में किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी, अपराध, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार इतनी चरम सीमा पर है कि सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।



पटना के शहीद स्मारक पर हमले की तीसरी बरसी पर पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मोमबत्तियां जलाते लोग

# विरोध मार्च कर रहे चिराग पासवान हिरासत में

**भाषा**। पटना

**लोक** जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को पटना पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वह नीतीश कुमार सरकार को निलंबित करने की मांग को लेकर यहां अपने समर्थकों के साथ विरोध मार्च कर रहे थे। यह मार्च ऐतिहासिक गांधी मैदान से शुरू हुआ था और चिराग तथा उनके समर्थकों को आयकर चौराहे के पास हिरासत में लिया गया, जब वे राज निवास की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने कहा कि बिहार संग्रहालय के पास बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन जब प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में चिराग भी शामिल थे और उन्हें सचिवालय थाना ले जाया गया। बाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेता को रिहा कर दिया गया। उन्हें निजी मुचलका दाखिल करने के बाद रिहा कर दिया गया। सांसद चिराग पासवान ने हिरासत में लिए जाने से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि नीतीश कुमार सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी मोर्चों पर नाकाम रही है।



भोपाल में मध्य प्रदेश बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षाओं से पहले शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा वितरित किए जाने के बाद पुलिस सुरक्षा के तहत प्रश्न पत्र युक्त एक ट्रंक ले जाते अधिकारी

# मोदी ने पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में अष्ट लक्ष्मी की खोज कीः सोनोवाल

**भाषा**। अगरतला

**केंद्रीय** मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस ने देश में 51 साल के अपने शासन के दौरान पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को महत्व नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में अष्ट लक्ष्मी की खोज की।

सोनोवाल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि सात साल पहले मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास होना शुरू हुआ।

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मामलों के केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि अष्ट लक्ष्मी कोई राजनीतिक नारा नहीं है। मोदी जी ने व्यापार, वाणिज्य, प्राकृतिक संसाधन और विविध संस्कृति में पूर्वोत्तर की छिपी हुई संभावना को देखने के बाद यह नारा दिया।

सोनोवाल केंद्रीय आयुष मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने सभी केंद्रीय मंत्रियों को क्षेत्र का दौरा करने का निर्देश दिया है ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर



मोदी जी ने खुद 50 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, जो देश के किसी प्रधानमंत्री द्वारा किया गया शायद सर्वाधिक दौरा है। सोनोवाल, जलमार्ग और आयुष मंत्रालयों के कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए त्रिपुरा में हैं।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र राष्ट्र के नए विकास इंजन का प्रतिनिधित्व करता है। क्षेत्र के आठ राज्य अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा हैं।

# भारत में कोविड-19 संक्रमण के 27,409 नए मामले, 347 मौतें

## ●उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,23127 हुई

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 27,409 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,26,92,943 हो गई। देश में करीब 44 दिन के बाद संक्रमण के दैनिक मामले 30 हजार से कम दर्ज किए गए हैं। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4,23,127 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, इस महामारी से 347 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,09,358 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के दैनिक मामले लगातार नौवें दिन एक लाख से कम हैं।

मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 4,23,127 रह गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.99 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 97.82 प्रतिशत पर पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में कोविड-19 का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 55,755 की कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण की दैनिक दर 2.23 प्रतिशत है। साप्ताहिक संक्रमण दर 3.63 प्रतिशत रही। इस संक्रामक रोग से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,17,60,458 हो गई है। मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 173.42 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, देश में जिन 347 और मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से 178 मरीज केरल से थे जबकि 25 मरीजों की मौत कर्नाटक में हुई।

आंकड़ों के अनुसार देश में अब तक संक्रमण से कुल 5,09,358 लोगों की मौत हुई है जिनमें से महाराष्ट्र में ।,43,416, केरल में 62,377, कर्नाटक में 39,665, तमिलनाडु में 37,932, दिल्ली में 26,076, उत्तर प्रदेश में 23,399 और पश्चिम बंगाल में 21,040 लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# ईडी की छापेमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है, तो सहयोग करना आवश्यकः संजय राउत

**भाषा**। मुंबई

**शिवसेना** के नेता एवं सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी यदि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है, तो महाराष्ट्र सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह जांच एजेंसी का सहयोग करे। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता राउत ने साथ ही सवाल किया कि क्या केंद्रीय जांच एजेंसी गुजरात में सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी की भी जांच करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ने अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों, संपत्तियों की अवैध खरीद-फरोख्त और हवाला के जरिए लेन-देन से संबंधित धन शोधन के मामले की जांच के तहत मुंबई में मंगलवार को कई स्थानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त कुछ खुफिया जानकारी और वर्ष 1993 में मुंबई में हुए बम धमाके के मुख्य साजिशकर्ता दाऊद इब्राहीम के विरुद्ध राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर यह कार्वाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़े कुछ नेता भी एजेंसी के रडार पर हैं। राउत ने संवाददाताओं से कहा, यदि कोई मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है, तो (राज्य सरकार के लिए यह) जरूरी है कि वह केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग करे। (इस पर मिलकर काम करना) केंद्र और राज्य के लिए आवश्यक है। राज्यसभा के सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा एक बहुत नाजुक मामला है और इस जांच पर कुछ भी बोलना अनुचित होगा। उन्होंने कहा कि यदि ईडी सुरक्षा संबंधी जानकारियों के आधार पर जांच कर रहा है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। यह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए है। महाराष्ट्र की राजधानी में लगभग 10 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। यह कार्वाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के अंतर्गत की जा रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## भाजपा ने त्रिपुरा में माकपा नेता को कानूनी नोटिस भेजा

**अगरतला**। भाजपा ने माकपा की त्रिपुरा इकाई के सचिव जितेंद्र चौधरी को सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से कथित तौर पर वसूली करने के आरोप लगाने पर कानूनी नोटिस भेजा। भाजपा की त्रिपुरा इकाई में कानूनी प्रकोष्ठ के संयोजिक बिश्वजीत देबनाथ की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया, आरोप अस्पष्ट होने के साथ प्रथमदृष्टया इसका उद्देश्य बिप्लब कुमार देब सरकार के मंत्री की मानहानि करना और आम जनता को बरगलाना है। देबनाथ ने कहा कि आपने राज्य मंत्रिमंडल के अज्ञात मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं, इसलिए आपको नोटिस भेजा जा रहा है कि आप अपनी टिप्पणी वापस ले लें या स्वतः आपके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जाएगी जिसके दीवानी और फौजदारी नतीजे होंगे।

हालांकि विपक्षी माकपा के नेता और पूर्व सांसद ने कहा कि उन्होंने किसी मंत्री को निशाना नहीं बनाया है। राज्य के सूचना और संस्कृति मंत्री सुशांत चौधरी ने आरोपों को आधारहीन करार देते हुए निंदा की है। उन्होंने कहा कि माकपा नेता अपने आरोपों को साबित करें नहीं तो सरकार कानूनी कार्रवाई करेगी।

# कोर्ट के अंतरिम आदेश को लागू करने के लिए प्रतिबद्धः कर्नाटक

**हिजाब विवाद**

**भाषा**। बेंगलुरु

**कर्नाटक** सरकार ने मंगलवार को जोर देते हुए कहा कि वह हिजाब विवाद पर उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक एवं सदन में पार्टी के उप नेता यू.टी. खादर द्वारा हिजाब विवाद का मुद्दा उठाए जाने पर यह कहा। कांग्रेस सदस्य ने अदालत के आदेश को जमीनी स्तर पर लागू करने के दौरान भ्रम की स्थिति और इसकी व्याख्या को लेकर चिंता प्रकट की।

कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री जेसी मधुस्वामी ने सरकार की ओर से कहा, खादर द्वारा उठाए गए मुद्दे पर शिक्षा मंत्री जवाब देंगे, लेकिन मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार अदालत का आदेश लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। खादर ने हिजाब विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि आजकल शैक्षणिक संस्थानों में स्थिति दुखद है और चूंकि यह विषय अदालत के पास है, वह इसके विस्तार में नहीं जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं इस कारण यह मुद्दा उठा रहा हूं कि अदालत के आदेश (अंतरिम आदेश) के बाद हमने मीडिया में आई खबरों में देखा कि शिवमोगा जिले में कुछ स्कूलों ने छात्राओं को (हिजाब पहने होने को लेकर) 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी से जुड़ी जांच परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी। विधायक ने इस बात का जिक्र किया कि अदालत के आदेश और जमीनी स्तर पर जो कुछ लागू किया जा रहा, उसे लेकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति है।

उन्होंने कहा कि जब अदालती आदेश कॉलेजों के बारे में है, तो इसे स्कूलों में लागू किया जा रहा है, यहां तक कि प्राथमिक विद्यालयों में भी, इसलिए भ्रम पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि जब आदेश छात्राओं के ड्रेस कोड को लेकर है, इसकी गलत व्याख्या की जा रही है और यहां तक कि शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को भी हेडस्कार्फ पहनने की अनुमति नहीं दी जा रही, जिससे भ्रम पैदा हो रहा है। कांग्रेस विधायक ने कहा, सरकार का कर्तव्य शिक्षा प्रदान करना है और शिक्षा प्रदान करने में बाधा पैदा करना नहीं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकारों, अनुशासन और नियमों के बीच के मुद्दों पर अदालत फैसला करेगी। कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने जब इस मुद्दे पर बोलना चाहा, तब विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने उन्हें अनुमति नहीं दी और कहा कि इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया गया है।

## हिजाब पहनना आस्था का प्रतीक है, न कि धार्मिक कट्टरता का प्रदर्शन

**बेंगलुरू**। हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख करने वाली मुस्लिम छात्राओं ने मंगलवार को तर्क दिया कि स्कार्फ पहनना आस्था का प्रतीक है, न कि धार्मिक कट्टरता का प्रदर्शन। उन्होंने उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षाओं में जाने की छूट देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने अंतरिम आदेश के जरिए उनके मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया है। उडुपी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज की इन मुस्लिम छात्राओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का जिक्र करते हुए कहा कि इस अनुच्छेद में अंत:करण की स्वतंत्रता की बात कही गई है। कामत ने उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से कहा, इस (अंत:करण की स्वतंत्रता) शब्द में बहुत गहराई है। अनुच्छेद 25 का सार यह है कि यह आस्था की रक्षा करता है, न कि धार्मिक पहचान या कट्टरता के प्रदर्शन की। हिजाब विवाद से संबंधित मामले पर सुनवाई कर रही इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति जेएम खाजी और न्यायमूर्ति कृष्णा एम दीक्षित शामिल थे। अनुच्छेद 25 के अनुसार अंत:करण की और धर्म की अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता से संबंधित है।

मुस्लिम लड़कियों ने कर्नाटक सरकार के 5 फरवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें छात्रों को ऐसी पोषाक पहनने से प्रतिबंधित किया गया है जो शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं। वकील के अनुसार रुद्राक्ष पहनना या नामा (माथे पर तिलक या सिंदूर) लगाना उसी तरह की आस्था है। इसके तहत लोग परमात्मा द्वारा संरक्षित और ईश्वर के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने गाय के गोबर से बिजली बनाने के लिए पांच उद्यमियों से एमओयू किया

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सरकार ने गाय के गोबर से बिजली पैदा करने के वास्ते बिजली संयंत्र स्थापित करने के लिए अब तक पांच उद्यमियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रवींद्र चौबे की अध्यक्षता में सोमवार को हुई गोधन न्याय मिशन की पहली बैठक में बिजली उत्पादन परियोजना पर चर्चा हुई। विभाग की ओर से जारी बयान के मुताबिक, परियोजना के लिए पांच उद्यमियों ने 10-10 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश का प्रस्ताव रखा है।

इसमें बताया गया है कि गौथान (वह स्थान जहां ग्रामीण अपने मवेशी रखते हैं) से खरीदे गए गोबर और निजी क्षेत्र की डेयरी फार्मों और शहर से एकत्र किए गए अपशिष्ट का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए भी किया जा सकता है।

# मंत्रिमंडल ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता की तैयारियों को मंजूरी दी

**भाषा**। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने जी-20 सचिवालय स्थापित करने को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी ताकि इस प्रतिष्ठित समूह की भारत की अध्यक्षता के लिए जरूरी व्यवस्था की जा सके। भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 समूह की अध्यक्षता करेगा। भारत अगले वर्ष जी-20 शिखर बैठक की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सरकारी बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एक जी-20 सचिवालय और उसका रिपोर्टिंग ढांचा स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की गई, जो जी-20 की भारत की आगामी अध्यक्षता को लेकर सम्पूर्ण नीतिगत निर्णयों एवं व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए जवाबदेह होगा।

इसमें कहा गया है कि चलन के अनुसार जी-20 सचिवालय की स्थापना इस समूह की भारत की अध्यक्षता के संबंध में जानकारी, सामग्री, तकनीकी, मीडिया, सुरक्षा एवं आवाजाही से जुड़े कार्यो की देखरेख के लिए की जा रही है।

## वेब सीरिज से प्रेरित होकर अपहरण गिरोह बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**हैदराबाद**। एक वेब सीरीज से प्रेरित होकर हैदराबाद में महिला समेत कुछ लोगों की भर्तियां कर कथित तौर पर फिरौती वसूली के लिए अपहरण करने वाले युवक (27) और तीन साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। छह फरवरी को एक महिला ने शिकायत की थी कि उसके छोटे बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसे रिहा करने के लिए पैसे की मांग की गई है। शिकायत पर कार्वाई करते हुए शहर की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की और इस दौरान मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी एक ड्राइवर है। पुलिस ने उसके तौर-तरीकों के बारे में बताते हुए कहा कि वह एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की एक वेब सीरीज से प्रेरित हुआ, जिसमें मुख्य चरित्र यानी प्रोफेसर कई अपराधियों को काम पर रखता है।



वाराणसी में पुलवामा हमले के तीसरी बरसी पर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए पुजारियों ने दशाश्वमेध घाट पर प्रार्थना की

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 16 फरवरी, 2022



# सेंसेक्स की ऊंची छलांग, 1,736 अंक चढ़ा

**भाषा। मुंबई**

**घरेलू शेयर** बाजारों में साल भर की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज किए जाने के अगले ही दिन मंगलवार को निवेशकों ने निचले स्तर पर जमकर लिवाली की जिससे दोनों मानक सूचकांकों ने अपने पिछले नुकसान की भरपाई कर ली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,736.21 अंक यानी 3.08 प्रतिशत की भारी बढ़त के साथ 58,142.05 अंक पर बंद हुआ। यह एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन में हुई सर्वाधिक बढ़त है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 509.65 अंक यानी 3.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,352 अंक पर पहुंचकर बंद हुआ।







कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलने से भी कारोबारी धारणा बेहतर हुई। इसके अलावा रूस की कुछ सैन्य टुकड़ियों के अपने अड्डे पर वापस लौटने की खबरों ने भी यूरोप में अशांति फैलने की आशंका को थोड़ा कम किया है। इससे यूरोपीय बाजारों में सुधार भी देखा गया। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर बढ़त लेने में सफल रहे। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, टाइटन, विप्रो और एशियन पेंट्स के शेयर 5.13 फीसदी तक चढ़ गए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम होने की संभावना पैदा होने से वैश्विक बाजारों में तीव्र सुधार देखा गया। घरेलू बाजार ने भी इस रुझान का अनुसरण किया और कच्चे तेल में भी गिरावट देखी गई। हालांकि, नायर ने कहा कि जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति का रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से अधिक रहना आने वाले समय में घरेलू बाजार के लिए चिंता का सबब बन सकता है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले सात महीनों में पहली बार छह प्रतिशत से अधिक होकर जनवरी में 6.01 फीसदी पर पहुंच गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजारों में लगातार उठापटक का दौर देखा जा रहा है और निकट भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रह सकता है। किसी प्रमुख घरेलू घटनाक्रम के अभाव में रूस-यूक्रेन तनाव से जुड़ी गतिविधियों और वैश्विक बाजारों पर उसके असर पर नजरें टिकी रहेंगी। सेंसेक्स में जारी तेजी का असर बीएसई के सभी 19 खंड के सूचकांकों पर भी देखा गया। वाहन, बैंकिंग, प्रौद्योगिकी, रियल्टी एवं आईटी सूचकांकों में 3.87 प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। व्यापक बीएसई लार्जकैप, मिडकैप एवं स्मालकैप सूचकांक भी 2.94 प्रतिशत चढ़ गए। एशिया के अन्य बाजारों में तोक्यो, हांगकांग और सियोल नकारात्मक स्तर पर बंद हुए जबकि शंघाई बढ़त पर रहा। वहीं यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में लाभ में कारोबार कर रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.44 प्रतिशत गिरकर 94.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसा चढ़कर 75.32 रुपया प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इस तरह रुपए ने पिछले चार दिवसों से जारी गिरावट के सिलसिले को तोड़ दिया। विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय बाजार से निकासी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शेयर बाजार से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को भी विदेशी निवेशकों ने 4,253.70 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## भारत 2024 तक ताप बिजली के लिए कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भर होगा : सचिव

**नागपुर।** भारत वर्ष 2024 तक ताप बिजली उत्पादन के लिए कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। कोयला सचिव अनिल कुमार जैन ने मंगलवार को कोल इंडिया की अनुषंगी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (डब्ल्यूसीएल) की समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर कोयले का उत्पादन 10 प्रतिशत बढ़ेगा और 2024 तक ताप बिजली के लिए इस शुष्क ईंधन के आयात की जरूरत समाप्त हो जाएगी। इस बैठक में डब्ल्यूसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, कंपनी के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जैन ने कहा कि 2024 तक ताप बिजली के लिए कोयला आयात करने की जरूरत समाप्त हो जाएगी। ताप बिजलीघरों के लिए नौ करोड़ टन कोयले का आयात किया जाता है। ऐसी उम्मीद है कि इस साल इसमें से छह से सात करोड़ टन हम घरेलू स्तर पर हासिल कर लेंगे।

## आईडीबीआई बैंक को अतिरिक्त पूंजी एलआईसी पर प्रतिकूल असर डाल सकती है : दस्तावेज

**भाष। नई दिल्ली**

**भारतीय** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा अपने सहायक कंपनी आईडीबीआई बैंक में किसी भी तरह का अतिरिक्त निवेश बीमा क्षेत्र की कंपनी की वित्तीय हालत पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। हाल ही में दाखिल आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेजों से यह जानकारी निकलकर आई है। सार्वजानिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने 23 अक्टूबर, 2019 को पॉलिसीधारकों के कोष का उपयोग करके आईडीबीआई बैंक में 4,743 करोड़ रुपए का निवेश किया था। वही बैंक ने 19 दिसंबर, 2020 को पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए।,435.1 करोड़ रुपए जुटाए थे। दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, कुछ शर्तों के अनुपालन के बाद आईडीबीआई बैंक 10 मार्च, 2021 से त्वरित सुधारात्मक कार्वाई (पीसीए) ढांचे से बाहर आया था। एलआईसी के दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, वित्तीय स्थिति और संचालन के परिणामों को देखते हुए हमारा मानना है कि आईडीबीआई बैंक को इस समय और पूंजी जुटाने की आवश्यकता नहीं है। बीमा कंपनी ने दस्तावेजों में कहा अगर आईडीबीआई बैंक को लागू पांच साल की अवधि की समाप्ति से पहले अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होती है और यह पूंजी जुटाने में असमर्थ रहता है, तो हमें आईडीबीआई बैंक में अतिरिक्त धनराशि डालने की आवश्यकता होगी। इसका हालांकि हमारी वित्तीय स्थिति और परिचालन परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वही आईडीबीआई बैंक को मिली पांच साल की अवधि नवंबर, 2023 में समाप्त हो जाएगी। एलआईसी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो नवंबर, 2018 को आईडीबीआई बैंक में अतिरिक्त इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करने के लिए मंजूरी पत्र दिया था।

## जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता के मामले में भारतीय कंपनियां पांचवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता के मामले में भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर पांचवें स्थान पर हैं। सलाहकार कंपनी डेलॉयट की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, वैश्विक कंपनियों की तुलना में भारतीय कंपनियों के अधिक सख्त जलवायु कार्वाई के क्रियान्वयन की संभावना है। डेलॉयट का यह सर्वे सितंबर-अक्टूबर, 2021 के दौरान 21 देशों में किया गया। जनवरी-फरवरी, 2021 के सर्वे की तुलना में इस बार अधिक संख्या में शीर्ष स्तर के भारतीय कार्यकारियों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। डेलॉयट ने कहा कि 2,000 शीर्ष स्तर के कार्यकारियों ने सर्वे में हिस्सा लिया। इनमें 163 सीएक्सओ भारत के हैं। डेलॉयट की वैश्विक 2022 सीएक्सओ स्थिरता सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता के मामले में भारतीय कंपनियां पांचवें स्थान पर हैं।

## सेबी कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों पर ध्यान दे: सीतारमण

**भाष। नई दिल्ली**

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बाजार नियामक सेबी को कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कदमों से बाजार में किसी भी तरह की उठापटक से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा।



सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल को संबोधित करते हुए नियामक की तरफ से उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अभी नियमों के अनुपालन बोझ को कम करने, बाजार मध्यस्थता की लागत के अलावा निवेशकों के हितों को अधिक सुरक्षित करने की दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने सेबी से कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को मजबूती देने और हरित बॉन्ड बाजार के विकास की दिशा में भी प्रयास करने को कहा। कंपनियों के पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) निवेश पर जोर बढ़ने से इन पहलुओं पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। वित्त मंत्री ने कहा, सेबी को कारोबारी सुगमता को बेहतर करने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार लाने होंगे। इसके अलावा उसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से उठाए जाने वाले कदमों का बाजार पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए भी तैयार रहना होगा। दरअसल, अमेरिका केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव का फैसला कर सकता है। अमेरिका में महंगाई दर के चार दशकों के उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद नीतिगत दरों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। इस कदम का भारतीय बाजार पर भी तगड़ा असर देखा जा सकता है। इस बैठक के दौरान सेबी के चेयरमैन अजय त्यागी ने सीतारमण को भारतीय प्रतिभूति बाजार के परिदृश्य एवं प्रमुख रुझानों से भी अवगत कराया। इसके अलावा कोष जुटाने की गतिविधियों एवं निजी निवेशकों की भागीदारी में हुई वृद्धि के बारे में भी वित्त मंत्री को जानकारी दी। परंपरा के अनुसार, बजट के बाद वित्त मंत्री की भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी के निदेशक मंडल के साथ बैठक होती है। सीतारमण ने गत दिवस रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल से भी बात की थी।

## सीईएआई के पूर्व अध्यक्ष की भारतीय कंपनी की परिभाषा बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीईएआई) के पूर्व अध्यक्ष के के कपिला ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कंपनी अधिनियम में भारतीय कंपनी की परिभाषा बदलने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है। कपिला ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में कहा है कि भारतीय कंपनी की परिभाषा को बदलना निहायत ही जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा, वर्तमान में भारत में पंजीकृत और यहां करों का भुगतान करने वाली किसी भी कंपनी को भारतीय कंपनी माना जाता है। लेकिन इसमें खामी यह है कि यह कंपनी किसी चीनी, अमेरिकी या ब्रिटिश कंपनी की पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई भी हो सकती है। इस परिभाषा में फौरन बदलाव करने की जरूरत है।

## सूचीबद्ध कंपनियों में चेयरपर्सन, प्रबंध निदेशक का पद अलग करना अब स्वैच्छिक होगा: सेबी

**भाष। नई दिल्ली**

**पूंजी** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों में चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशकामुख्य कार्यपालक अधिकारी के पदों को अलग-अलग करना अब अनिवार्य नहीं होगा। इसे स्वैच्छिक आधार पर लागू किया जाएगा। शीर्ष 500 सूचीबद्ध इकाइयों के लिए चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशकामुख्य कार्यपालक अधिकारी पदों को अप्रैल, 2022 की समयसीमा से पहले अलग करना अनिवार्य था। सेबी का यह निर्णय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान के बाद आया है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अगर भारतीय कंपनियों के इस मामले में कोई विचार हैं, तो नियामक को इस



पर गौर करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह साफ किया था कि वह कोई निर्देश नहीं दे रही हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने ताजा निर्णय के पीछे कारण अबतक अनुपालन का संतोषजनक नहीं होना बताया। सेबी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, सेबी निदेशक मंडल ने यह निर्णय किया है कि सूचीबद्ध इकाइयों के लिए पदों को अलग करने का प्रावधान अनिवार्य की जगह स्वैच्छिक होगा। शुरू में सूचीबद्ध इकाइयों को चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशकामुख्य कार्यपालक अधिकारी के पदों को एक अप्रैल, 2020 से अलग करने की जरूरत थी। हालांकि, उद्योग के प्रतिवेदनों पर गौर करते हुए अनुपालन के लिए दो साल का अतिरिक्त समय दिया गया। नियामक ने कहा, यह प्रावधान कंपनी संचालन स्तर में सुधार से जुड़ा था। लेकिन अबतक अनुपालन संतोषजनक नहीं पाए जाने, विभिन्न प्रतिवेदन प्राप्त होने, मौजूदा महामारी के कारण बाधाएं और कंपनियों को सुगम तरीके से बदलाव का मौका देने जैसी बातों पर विचार करते हुए सेबी बोर्ड ने यह निर्णय किया है कि सूचीबद्ध इकाइयों के लिए पदों को अलग करने का प्रावधान अनिवार्य की जगह स्वैच्छिक होगा।

## जनवरी में निर्यात 25.28 प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर पर

### ● व्यापार घाटा 17.43 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश का निर्यात जनवरी, 2021 में 25.28 प्रतिशत बढ़कर 34.50 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हालांकि निर्यात और आयात के बीच अंतर यानी व्यापार घाटा जनवरी में बढ़कर 17.43 अरब डॉलर पहुंच गया। आलोच्य महीने में आयात 23.54 प्रतिशत बढ़कर 51.93 अरब डॉलर रहा। पिछले साल जनवरी में व्यापार घाटा 14.49 अरब डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, कुल मिलाकर निर्यात चालू वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 10 माह (अप्रैल-फरवरी) के दौरान 46.73 प्रतिशत बढ़कर 335.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 228.92 अरब डॉलर था। आलोच्य अवधि में आयात 62.65 प्रतिशत बढ़कर 495.75 अरब डॉलर रहा। वहीं व्यापार घाटा 159.87 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 75.87 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, सोने का आयात जनवरी, 2022 में 40.52 प्रतिशत घटकर 2.4 अरब डॉलर रहा। कच्चे तेल का आयात 26.9 प्रतिशत बढ़कर 11.96 अरब डॉलर रहा। इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषण निर्यात आलोच्य महीने में क्रमश: 24.11 प्रतिशत, 95.23 प्रतिशत और 13.64 प्रतिशत बढ़ा। मूल्य के हिसाब से यह क्रमश: 9.2 अरब डॉलर, 4.17 अरब डॉलर तथा 3.23 अरब डॉलर रहा।

## क्विक न्यूज

### कोरोना प्रतिबंधों से जनवरी में खुदरा बिक्री प्रभावित : खुदरा संघ

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी की तीसरी लहर के कारण कई राज्यों में लगाए गए प्रतिबंधों से देश में जनवरी 2022 के दौरान खुदरा बिक्री प्रभावित हुई है। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरएआई ने अपने नवीनतम व्यापार सर्वेक्षण में कहा कि पिछले महीने खुदरा बिक्री जनवरी 2019 के पूर्व-महामारी बिक्री स्तर के साथ-साथ जनवरी 2020 के 91 प्रतिशत पर पहुंच गई। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी क्षेत्र में पिछले महीने जनवरी 2019 की तुलना में खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। इसके बाद पश्चिम में 11 प्रतिशत और उत्तर क्षेत्र में आठ प्रतिशत की गिरावट देखी गई। आरएआई ने बताया कि दक्षिण क्षेत्र सबसे कम प्रभावित हुआ है और जनवरी 2022 के दौरान इस क्षेत्र की खुदरा बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वही श्रेणी के अनुसार सौंदर्य, कल्याण और व्यक्तिगत देखभाल में खुदरा बिक्री सबसे बुरी तरह प्रभावित हुई। इसमें पिछले महीने जनवरी 2019 की तुलना में 24 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके बाद फर्नीचर और फर्निशिंग में 12 प्रतिशत और परिधान और कपड़ों में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। संघ के अनुसार 2019 में इसी महीने की तुलना में इस साल जनवरी में आभूषण श्रेणी की खुदरा बिक्री में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और तेजी से सेवा देने वाले रेस्तरां की खुदरा बिक्री में भी नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### भारतीय जीवन बीमा निगम और पॉलिसीबाजार ने मिलाया हाथ

**मुंबई।** जीवन बीमा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी. भारतीय जीवन बीमा निगम ने उपभोक्ताओं के लिए टर्म और निवेश उत्पादों के उच्चतम विकल्प उपलब्ध कराने के लिए पॉलिसीबाजार के साथ हाथ मिलाया है। भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले कई दशकों से ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम एवं लाभकारी बीमा उत्पाद उपलब्ध कराती आई है। दोनों कंपनियों ने औपचारिक रूप से 3 फ़रवरी 2022 को कारोबार शुरू किया। सरबवीर सिंह ने कहा कि इस गठबंधन के साथए हमारा रणनीतिक उद्देश्य वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छोटे शहरों में अपनी पहुंच का विस्तार करना है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने देश में जीवन बीमा सेगमेंट का नेतृत्व किया है और इसलिए यह गठबंधन लोगों तक व्यापक पहुंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर दिनेश भगत, क्षेत्रीय प्रबंधक भाजीबीनि उत्तर मध्य क्षेत्र नई दिल्ली एवं पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरबवीर सिंह सहित दोनों कंपनियों के टॉप मैनेजमेंट उपस्थित थे।

### सरकार, भाजपा की विचार प्रक्रिया में सामाजिक सौहार्द केंद्र में : सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**मुंबई।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की विचार प्रक्रिया में सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास केंद्र में है। उद्योग संगठन नैसकॉम के कार्यक्रम के दौरान वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सरकार के स्तर पर, भाजपा में, हम समावेशी विकास में भरोसा करते है। हम अंत्योदय को एक प्रमुख दर्शन के रूप में मानते है। हमारे विचार-विमर्श प्रक्रिया में सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास केंद्र में है। उन्होंने 227 अरब डॉलर के उद्योग के छोटे एवं मझोले शहरों (टियर दो और टियर तीन) में केंद्र स्थापित करने के कदम का स्वागत करते हुए यह बात कही। मंत्री ने 2021-22 में 200 अरब डॉलर का उल्लेखनीय पड़ाव हासिल करने के लिए उद्योग को बधाई दी और अगले लक्ष्य 300 अरब डॉलर पर ध्यान देने को प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष ने कहा कि आईटी कंपनियों ने कोयंबटूर, इंदौर और अहमदाबाद जैसे केंद्रों में छोटे सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र बनाए है। उन्होंने कहा कि यह कदम वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है।

### बिजली मंत्री नवीकरणीय ऊर्जा पर विद्यार्थियों शोध संस्थानों से करेंगे बातचीत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री आर के सिंह बुधवार से शुरू हो रहे तीन दिन के नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शोध संस्थानों के साथ बातचीत करेंगे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत न्यू फ्रंटियर्स कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम 16 फरवरी से 18 फरवरी, 2022 तक चलेगा। मंत्रालय के अनुसार, 16 फरवरी को दिल्ली के विज्ञान भवन में ऊर्जा बदलाव में भारत की अगुवाई पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री भगवंत खुबा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सिंह छात्रों और शोध समूह के साथ बात करेंगे और सवालों के जवाब देंगे। जिन उद्योगपतियों ने अपनी-अपनी ऊर्जा-प्रतिबद्धताएं जमा कर दी है, उन सभी को मंत्री सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा-प्रतिबद्धताओं पर एक पुस्तिका का भी विमोचन किया जाएगा।

### मैक्लिओड्स ने सेबी में डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** मैक्लिओड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड जो भारत की अग्रणी वर्टिकली एकीकृत वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों में से एक है। अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ दाखिल किया है। आईपीओ में प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह के विक्रेता शेयरधारकों के 60.48 मिलियन शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी के बारे में 1989 में स्थापितए मैक्लिओड्स घरेलू बिक्री के आधार पर 30 सितंबरए 2021 को समाप्त छह महीनों के लिए भारतीय फार्मास्यूटिकल बाजार की 7वीं सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी का व्यवसायरू मैक्लिओड्स कई प्रमुख चिकित्सीय क्षेत्रों में फॉर्मूलेशन की एक विस्तृत श्रृंखला के विकासए निर्माण और विपणन में लगा हुआ है।

### भारत 2024 तक ताप बिजली के लिए कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भर होगा: सचिव

**नागपुर।** भारत वर्ष 2024 तक ताप बिजली उत्पादन के लिए कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। कोयला सचिव अनिल कुमार जैन ने मंगलवार को कोल इंडिया की अनुषंगी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (डब्ल्यूसीएल) की समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर कोयले का उत्पादन 10 प्रतिशत बढ़ेगा और 2024 तक ताप बिजली के लिए इस शुष्क ईंधन के आयात की जरूरत समाप्त हो जाएगी। इस बैठक में डब्ल्यूसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, कंपनी के निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जैन ने कहा कि 2024 तक ताप बिजली के लिए कोयला आयात करने की जरूरत समाप्त हो जाएगी।

## पेज एक का शेष

### एबीजी शिपयार्ड...

कराई थी। सीबीआई ने डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच करने के बाद शिकायत पर कार्रवाई की तथा इसी महीने सात तारीख को प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि अर्न्स्ट एंड यंग द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट से पता चला है कि 2012-17 के बीच, आरोपियों ने मिलीभगत की और अवैध गतिविधियों में शामिल हुए। यह सीबीआई द्वारा दर्ज बैंक धोखाधड़ी का सबसे बड़ा मामला है। एजेंसी के अनुसार कि कोष का इस्तेमाल बैंकों द्वारा जारी किए गए उद्देश्यों के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया।

### रूस ने...

से मिलने के लिए मंगलवार को मास्को में थे। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने अपने इतालवी समकक्ष की मेजबानी करके बातचीत की। दरअसल मास्को गारंटी चाहता है कि नाटो यूक्रेन और पूर्व सोवियत संघ के अन्य देशों को अपना सदस्य नहीं बनाएगा। वह यह भी चाहता है कि नाटो के सदस्य देश यूक्रेन में हथियारों की तैनाती पर रोक लगाएं और पश्चिमी यूरोप से अपने सैनिक वापस लें। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश रूस को अंतहीन वार्ता में फंसा सकते हैं। पुतिन ने सवाल किया कि क्या अभी भी समझौते पर पहुंचने का अवसर है। लावरोव ने कहा कि उनका मंत्रालय अमेरिका और उसके सहयोगियों को रूस के मुख्य अनुरोधों को दरकिनार करने की अनुमति नहीं देगा। उधर, व्हाइट हाउस की प्रमुख उप प्रेस सचिव कारीन जीन-पियरे ने कहा, अगर रूस सकारात्मक रूप से बातचीत का विकल्प चुनता है तो कूटनीति का रास्ता उपलब्ध रहेगा।

### भारतीय छात्रों...

रूस की आलोचना की है। यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका को मद्देनजर अमेरिका भी अतिरिक्त सैनिकों को यूरोप भेज चुका है ताकि पश्चिमी सहयोगियों को सहयोग दिया जा सके। रूस ने इस बात से इंकार किया है कि उसकी यूक्रेन पर हमले की कोई योजना है।

### आप सरकार...

तीन मार्च को सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया है। पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश नीत पीठ ने पांच अक्टूबर को कहा था कि वह दिवाली की छुट्टी के बाद आप सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए तीन-न्यायाधीशों की पीठ का गठन करेगी।

### चारा घोटाले...

निकासी से संबंधित है। राजद सुप्रीमो को चारा घोटाला मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है और कुल 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें दुमका, देवघर और चाईबासा कोषागार से जुड़े चार मामलों में जमानत मिल गई है। चारा घोटाला मामला जनवरी 1996 में पशुपालन विभाग में छापेमारी के बाद सामने आया। सीबीआई ने जून 1997 में प्रसाद को एक आरोपी के रूप में नामित किया। एजेंसी ने प्रसाद और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के खिलाफ आरोप तय किए। सितंबर 2013 में निचली अदालत ने चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में प्रसाद, मिश्रा और 45 अन्य को दोषी ठहराया और प्रसाद को रांची जेल भेज दिया गया। दिसंबर 2013 में उच्चतम न्यायालय ने मामले में प्रसाद को जमानत दे दी, जबकि दिसंबर 2017 में सीबीआई अदालत ने उन्हें और 15 अन्य को दोषी पाया और उन्हें बिरसा मुंडा जेल भेज दिया। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रसाद को अप्रैल 2021 में जमानत दे दी थी।

### पहले गए...

ही तैयार रखा था जिससे यदि लालू को अदालत रिम्स में भर्ती करने का निर्देश देती है तो उन्हें यहां भर्ती किया जा सके। इससे पूर्व डोरंडा कोषागार मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद लालू को सीधे होतवार जेल ले जाया गया जहां कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके स्वास्थ्य की जांच पूरी करने के बाद उनके स्वास्थ्य को देखते हुए जेल प्रशासन के चिकित्सकों की सलाह पर सीधे रिम्स के पेइंग वार्ड लाकर भर्ती कराया गया। रिम्स में लालू को देखने के लिए राजद नेताओं और समर्थकों की भीड़ लगी रही। रिम्स में भर्ती लालू के विशेष इलाज के लिए सात चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई है जिसका नेतृत्व डॉ. विद्यापति करेंगे।

### पूर्व कानून...

जो कभी कांग्रेस में महत्वपूर्ण भूमिका में माने जाते थे। इससे पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल हो गए तो लुईजिन्हो फलेरियो, सुष्मिता देव और अशोक तंवर जैसे कुछ नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अश्विनी कुमार के भीतर पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पण का अभाव था। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने संवाददाताओं से कहा कि कोई पार्टी छोड़ता है तो बुरा लगता है। हम एक वैचारिक लड़ाई लड़ रहे हैं, जिनमें विचाराधारा की प्रतिबद्धता की कमी होती है, वे छोड़कर चले जाते हैं। वहीं इस्तीफे के बाद अश्विनी कुमार ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी जमीनी हकीकत से दूर जा चुकी है और वह अब राष्ट्रीय मिजाज को प्रदर्शित नहीं करती। कांग्रेस में प्रेरक नेतृत्व का आभाव है और वह अस्तित्व की चुनौती का सामना कर रही है। पार्टी अपने पतन ओर बढ़ रही है, लेकिन वह आत्मावलोकन करने के लिए तैयार नहीं है।

### लखीमपुर-खीरी...

10 फरवरी को ही हो गई थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया थाना क्षेत्र में किसान आंदोलन के दौरान भड़की हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। किसानों की मौत के मामले में आशीष मिश्रा और उसके सहयोगियों को आरोपी बनाया गया और वह पिछले साल अक्टूबर से ही जेल में बंद था।

### हम शीर्ष...

के बेटे आशीष मिश्रा इस मामले में मुख्य आरोपी हैं और इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें 10 फरवरी को जमानत दे दी थी। आशीष मंगलवार शाम लखीमपुर खीरी जेल से रिहा हुए। उच्चतम न्यायालय ने 3 अक्टूबर, 2021 की हिंसा के बाद एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था, जिसने मामले की जांच की थी। एसआईटी ने अपने आरोपपत्र में आशीष और 13 अन्य लोगों को शामिल किया था। बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत ने कहा, पूरे देश और दुनिया ने अजय और आशीष मिश्रा के सबसे कुख्यात लखीमपुर खीरी प्रकरण को देखा। आशीष को जघन्य अपराध करने के बावजूद तीन महीने के भीतर जमानत मिल जाती है। हर कोई इसे देख रहा है और वह आज जेल से बाहर निकलेगा। टिकैत ने कहा कि एसकेएम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत आपराधिक साजिश का आरोपी व्यक्ति धारा 302 (हत्या) के तहत आरोपी व्यक्ति की तुलना में अधिक खतरनाक है। बीकेयू के प्रवक्ता सौरभ उपाध्याय ने बताया कि एसकेएम शीर्ष अदालत से मामले में फिर से सुनवाई पर विचार करने की अपील करेगा, क्योंकि अभियोजन पक्ष बिजली गुल होने के कारण ऑनलाइन सुनवाई के दौरान अपना पक्ष नहीं रख सका था।

### छात्रा ने...

निर्देश पर स्कार्फ वापस बैग में रख लिया। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रधानाध्यापिका ने दिनभर के लिए स्कूल बंद कर दिया। चिक्कमगलुरु के अन्य संस्थान में हिजाब पहनकर स्कूल में प्रवेश नहीं दिए जाने पर तनाव पैदा हो गया। अभिभावक स्कूल में घुस गए और विद्यालय प्रशासन से पूछा कि उनके बच्चों को भीतर क्यों नहीं जाने दिया जा रहा है। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने भीड़ से कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश है कि हिजाब पहनकर स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा सकता। पुलिस की बात अनसुनी करते हुए अभिभावकों ने दबाव डाला कि उनकी बेटियों को परीक्षा देने की अनुमति दी जाए। तुमकुरु जिले के एसवीएस स्कूल में हिजाब पहनकर आई छात्राओं को, हिजाब पहनकर आने पर वापस लौटा दिया गया, जिसके बाद मुस्लिम माता पिता ने स्कूल परिसर में हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर, अदालत के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें शांत किया। इस बीच, उडुपी जिले में छात्राओं के अभिभावकों ने मौलाना आजाद हाई स्कूल के सामने प्रदर्शन कर हिजाब पहनने वाली छात्राओं को अलग कमरे में बैठाने के अधिकारियों के निर्णय का विरोध किया। प्रदर्शनकारी अभिभावकों ने छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षाओं में बैठने देने की मांग उठाई। साथ ही अभिभावकों ने अधिकारियों से कहा कि अगर हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी गई तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को इस स्कूल में हिजाब पहनकर आने वाली 20 छात्राओं को अलग कमरे में बैठाए जाने के बाद ए छात्राएं मंगलवार को स्कूल नहीं आईं। हालांकि, मल्लार में सरकारी उर्दू प्राथमिक विद्यालय में हिजाब पहनकर पहुंची आठ छात्राओं को परीक्षा देने की अनुमति दी गई।

### कर्नाटक के...

में कहा गया है कि यह उन शैक्षणिक संस्थानों के लिए लागू है, जिनमें इसकी विकास समितियों द्वारा यूनिफॉर्म को संहिताबद्ध किया गया है, और इसके बावजूद हिजाब पहनने वाली छात्राओं को कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा, यह प्रशासन की गलती है, हमने इसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया है और उन्होंने कहा है कि वह निर्देश जारी करेंगे। विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री तनवीर साईत ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा और उनकी अकादमिक प्रगति किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए और इस बारे में किसी धर्म और जाति के बीच विभेद नहीं होना चाहिए। सलीम अहमद ने आगे कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आगामी बजट में मुसलमानों के लिए अधिक से अधिक अनुदान राशि आवंटित किए जाने की भी मांग की है। राज्य में वित्त का प्रभार स्वयं संभाल रहे बोम्मई मार्च के प्रारम्भ में अपना पहला बजट पेश कर सकते हैं।

# विश्वास बहाली उपायों पर चर्चा को तैयार रूस

## अमेरिका व नाटो को दिया भरोसा

भाषा। मास्को

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि मिसाइल तैनाती की सीमा एवं सैन्य पारदर्शिता पर अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के साथ वार्ता के लिए मास्को तैयार है। जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स के साथ वार्ता के बाद पुतिन ने कहा कि अमेरिका और नाटो ने यूक्रेन तथा पूर्व सोवियत संघ में शामिल रहे देशों को नाटो के बाहर रखने की मांग, रूसी सीमाओं के पास हथियारों की तैनाती रोकने और पूर्व यूरोप से नाटो के सैनिकों को वापस बुलाने की रूस की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, वे कई सुरक्षा उपायों पर चर्चा करने के लिए तैयार हुए, जिनका रूस ने पूर्व में प्रस्ताव किया था। पुतिन ने कहा कि यूरोप में मध्यम दूरी की मिसाइल की तैनाती की सीमाओं, सैन्य अभ्यास की पारदर्शिता और अन्य विश्वास बहाली उपायों पर वार्ता करने के लिए रूस तैयार है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पश्चिमी देशों को रूस की मुख्य चिंताओं को सुनने की जरूरत है। रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा सैन्य अभ्यास से सैनिकों को आंशिक रूप से वापस बुलाए जाने की घोषणा के बाद यह बयान आया है। रूसी रक्षा मंत्रालय की इस घोषणा से यह उम्मीद जगी है कि मास्को यूक्रेन पर हमला करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण की किसी योजना से इनकार किया है।



### क्रेमलिन के आलोचक नवलनी के खिलाफ जेल में नए मामले में सुनवाई

**मॉस्को।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सई नवलनी के खिलाफ मंगलवार को कारागार में ही नए मामले की सुनवाई शुरू हुई जिसमें उन्हें एक और लंबे कारावास की सजा हो सकती है। क्रेमलिन (रूसी सरकार का मुख्यालय) के सबसे मुखर आलोचक और उनके सहयोगियों के खिलाफ गत एक साल से विभिन्न मोर्चो पर हो रही कार्वाई में से यह एक है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लंबे समय से विरोधी रहे नवलनी के खिलाफ धोखाधड़ी और अदालत की अवमानना का अभियोग लगाया गया है। उनके सहयोगियों ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह सरकार की नेताओं को यथासंभव अधिक से अधिक समय तक जेल में रखने की कोशिश है।

### ऑस्ट्रेलिया ने चीन से रूस की निंदा करने का आग्रह किया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को चीन से आग्रह किया कि वह यूक्रेन पर रूस के संभावित आक्रमण की निंदा करे। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि बीजिंग और मास्को ने घोषणा की है कि यूक्रेन की सीमा पर एक लाख रूसी सैनिकों के जमावड़े के बाद से वे (चीन और मास्को) और नजदीक आए हैं। मॉरिसन ने संसद में कहा, हमे उम्मीद है कि दुनिया के सभी देशों की सरकारें यूक्रेन के प्रति हिंसा के खतरे की निंदा करें। उन्होंने कहा, हमें पता है कि चीन की सरकार, रूसी सरकार के साथ मिलकर इस मुद्दे पर एक दूसरे का सहयोग कर रही है और यूक्रेन में जो कुछ भी हो रहा है चीन की सरकार ने उसकी निंदा नहीं की है। मॉरिसन ने सभी सांसदों से अनुरोध किया कि वे यूक्रेन पर रूस की कार्वाई की निंदा करने के लिए चीनी सरकार से आग्रह करें और संयुक्त राष्ट्र द्वारा उचित कार्वाई करने को स्वीकृति दें।



लिथुआनियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई इस तस्वीर में लिथुआनिया के सैनिक स्टिंगर एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम लोड करते हुए, अमेरिकी विदेश विभाग ने लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया को लिथुआनिया की टैंक-रोधी स्टिंगर मिसाइलों सहित यूक्रेन को यूएस-निर्मित हथियार भेजने की अनुमति दी थी

## रूस, यूक्रेन सहित पूर्वी भागों में बढ़ सकते हैं कोविड के मामले : डब्ल्यूएचओ ने चेताया

भाषा। कोपेनहेगन

**विश्व स्वास्थ्य** संगठन के यूरोप कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि स्वास्थ्य अधिकारी रूस और यूक्रेन सहित पूर्वी यूरोप के छह देशों पर खास ध्यान दे रहे हैं क्योंकि पिछले दो सप्ताह में वहां कोविड के नए मामले दोगुने हो गए हैं। डॉक्टर हांस क्लूगे ने बताया कि मध्य एशिया के पूर्व सोवियत संघ तक फैले पूर्वी यूरोप के इस क्षेत्र में 53 देश आते हैं। इन देशों में अभी तक 16.5 करोड़ से ज्यादा लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने और 18 लाख लोगों की मौत कोविड से होने की पुष्टि हुई है जिनमें से 25,000 लोगों की मौत पिछले सप्ताह में हुई है। रूस में प्रेस से बातचीत में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में आई तेजी पर क्लूगे ने कहा, आज हमारा ध्यान डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के यूरोपीय क्षेत्र के पूर्वी हिस्से पर है।

उन्होंने कहा, पिछले दो सप्ताह में इस क्षेत्र के छह देशों (आर्मेनिया, अजरबैजान, बेलारूस, जॉर्जिया, द रसियन फेडरेशन और यूक्रेन) में कोविड-19 के मामले दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि अंदेशा था, ओमीक्रोन पूरब की ओर बढ़ रहा है... 10 पूर्वी सदस्य देशों में इस स्वरूप के मामले मिले हैं।

### अमेरिका के नार्थ कैरोलाइना के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक का शव बरामद

**मोरहेड सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका में आठ लोगों को ले जा रहा एक विमान नार्थ कैरोलाइना के आउटर बैंक्स के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र में गिर गया। तटरक्षरक बल ने यह जानकारी दी। कार्टरेट काउंटी के शेरिफ आसा बक ने सोमवार दोपहर को संवाददाताओं को बताया कि अब तक विमान के मलबे में एक यात्री का शव बरामद हुआ है और उसकी पहचान कर ली गई है। उन्होंने मृतक और विमान में सवार अन्य यात्रियों का विवरण देने से इनकार कर दिया। हमें विमान दुर्घटना में किसी के जीवित बचने का संकेत नहीं मिला है। बक ने कहा कि बचावकर्मी अब भी विमान के मुख्य हिस्से की तलाश कर रहे हैं और अब तक तीन स्थानों पर मलबा मिला है। अमेरिकी तटरक्षक के कैप्टन मैथ्यू जे. बेयर ने संवाददाताओं से कहा कि विभिन्न एजेंसियों के पोत तलाश अभियान में शामिल हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है की आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी किया गया श्री इजराहुल हक का आईडी कार्ड नंबर 2131065 खो गया है। 28/12/2022 को शाम को 6:30 किसी भी व्यक्ति को मिलता है की इसे The manager debt group ICICI Bank Ltd को वापिस किया जाए। आईसीआईसीआई बैंक के सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है की यदि कोई व्यक्ति जो इस क्रमांक, 2131065 का आईड्कार्ड का प्रयोग कर अगर आपसे कोई भी भुगतान मांगता है तो अपने जोखिम पर करेगा तथा इसके लिए आईसीआईसीआई बैंक उतरदायी नही होगा
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान: दिल्ली
दिनाक 16/02/2022

**Public Notice**

General Public is informed that Mrs. Shipra Jain, Wife of Mr. Yogesh Kumar Jain, R/o Flat No-B-4, S.Floor, E.W.S. Ramprastha Colony, Ghaziabad, had availed a loan from ICICI Bank Ltd. against mortgage of Flat-No-B-4, Second Floor with roof rights E.W.S. Ramprastha Colony, Ghaziabad, vide loan account no LBDEL00001168245. Original chain of documents of this property (General Power of Attorney No.50, Deed of Will, Agreement to Sell, Affidavit, Possession Letter, Receipt) all documents dated 14-10-1999 and executed by Smt. Neelam Bhutani W/o Shri Manohar Bhutani in favour of Smt. Santwana Kansal W/o Shri Subhash Chandra Kansal dated 14-10-1999 pertaining to the said floor has been misplaced at Delhi/New Delhi and is not traceable till date. If these documents are found by anybody, then the same should be returned and deposited with us on the below given address. General public Is cautioned that use of these documents by any person other than Mrs. Shipra Jain shall be Illegal, fraudulent & void.
Prashant Sharma,
Credit Operations Manager
ICICI Bank Ltd. The Business Hub, Plot No-02, Sector-14,Kaushambl, Ghazlabad,U.P.


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sanjay Suryvanshi** who is purchasing of Second Floor, Without Terrace Rights, Land Area Measuring 75 Sq. Yards., of Property Bearing No. 1676, out of Khasra No. 26, Situated at Govindpuri Extension, Kalkaji, New Delhi-110019, from **Mr. Amit Shaha** who is the owner of the property vide Sale Deed dated 10.07.2017, registered on Doc no. 3997, and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the Death Certificate & Surviving Member Certificate of Late Mr. Rattan Lal is not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II New Delhi-110049
Contact # 011-40046316

# आतंकी सरगनाओं को जवाबदेह ठहराने की जरूरत

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया बयान

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**भारत ने संयुक्त** राष्ट्र में कहा है कि विश्व को आतंकवादी साजिशों के सरगनाओं को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने तथा उनके झूठ को बेनकाब की जरूरत है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि वे खुद को आतंकवाद से पीड़ित के रूप में पेश करके अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह न कर सकें। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के काउंसेलर राजेश परिहार ने सोमवार को कहा कि विश्व ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले, 2016 के पठानकोट आतंकी हमले और 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले की भयावहता को देखा है। हम सभी जानते हैं कि इन हमलों के साजिशकर्ता कहाँ से हैं? वह दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के सदस्य देशों के साथ आतंकवाद विरोधी समिति के कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) के कार्य पर खुली चर्चा में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दे रहे थे। परिहार ने कहा, हमें उनके झूठ को बेनकाब करने और उन्हें उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की जरूरत है। उन्होंने पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा कि यह अफसोजनक है कि इन बर्बर हमलों के पीड़ितों को अभी तक न्याय नहीं मिला है, और इन हमलों के साजिशकर्ता, सूत्रधार और वित्तपोषक अब भी शासन के समर्थन और आतिथ्य का सुख ले रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आतंकवाद विरोधी समिति, इसका कार्यकारी निदेशालय - सीटीईडी, और एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन मॉनिटरिंग टीम अल-कायदा, विशेष रूप से उनके सहयोगियों, लश्कर और जैश के साथ-साथ धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ आतंकवादी समूहों के अत्याचार पर गौर करेंगे। यह महत्वपूर्ण है कि इन मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र का रिपोर्टिंग तंत्र निष्पक्ष, उद्देश्यपरक, समावेशी और व्यापक हो। परिहार ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पिछले कुछ वर्षो से, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश आतंकवादियों के बारे में आगाह कर रहे हैं, जिनकी पहुंच इंटरनेट, मोबाइल उपकरणों, सोशल मीडिया, एनक्रिप्टेड (कूट) मैसेज सेवाओं जैसी आधुनिक और उभरती प्रौद्योगिकियों तक है।

### मुंबई, पठानकोट, पुलवामा में आतंकवादी हमले करने वालों को पाकिस्तान का सहयोग मिल रहा है : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि दुनिया जानती है कि 2008 में मुंबई में, 2016 में पठानकोट में और 2019 में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमलों को अंजाम देने वाले अपराधी कहां से आते हैं और यह दुख की बात है कि इस प्रकार की कायराना करतूत करने वाले पड़ोसी देश के सहयोग एवं आतिथ्य सत्कार का आनंद ले रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के काउंसलर राजेश परिहार ने सोमवार को कहा कि ठीक तीन साल पहले 14 फरवरी, 2019 को 40 बहादुर भारतीय सुरक्षा कर्मी पुलवामा में किए गए जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कायराना आतंकवादी हमले में शहीद हुए थे।

### पाक से चरमपंथी तत्वों को उखाड़ फेकेंगे : बाजवा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के थल सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने राष्ट्रपति डॉ आरिफ अल्वी से मुलाकात की और देश से चरमपंथी तत्वो को उखाड़ फेंकने के सशस्त्र बलो के संकल्प को दोहराया। राष्ट्रपति भवन से मंगलवार को जारी एक बयान मे यह कहा गया है। बाजवा ने सोमवार को ऐवान-ए-सद्र मे राष्ट्रपति से मुलाकात की, जहां थल सेना प्रमुख ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान और सुरक्षा बलों की पेशेवर तैयारियों की उन्हें जानकारी दी। सेना प्रमुख ने देश से आतंकवादियो का सफाया करने के सशस्त्र बलों के संकल्प को भी दोहराया। उल्लेखनीय है कि दो हफ्ते पहले, अशांत बलूचिस्तान प्रांत के नौशकी और पंजगुर इलाके में सुरक्षा बलों ने 20 आतंकवादियों का सफाया किया था। राष्ट्रपति अल्वी ने बैठक के बाद कहा, राष्ट्र को सशस्त्र बलों की कुर्बानी पर गर्व है।

### सीरिया की राजधानी में सैनिकों की बस में बम धमाका, एक की मौत

**दमिश्क।** दमिश्क मे मंगलवार की सुबह सैनिको को ले जा रही बस मे बम धमाके के कारण एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए। बम बस मे रखा गया था। यह जानकारी सरकारी टीवी चैनल ने दी। रिपोर्ट के मुताबिक धमाका भीड़भाड़ के समय राजधानी के ऐतिहासिक ओमय्यड चौराहे के पास हुआ। हालांकि घटना के बारे मे अभी पूरा ब्योरा नही मिल सका है। अभी इस घटना की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। हाल के महीनो मे दमिश्क मे शांति के बीच इस तरह के हमले होते रहे है। सरकारी सुरक्षा बलो ने वर्ष 2018 में शहर के पूर्वी इलाको को विद्रोहियो के कब्जे से छीन लिया था। सरकारी बल अब राष्ट्रपति बशर असद के सहयोगी रूस और ईरान की मदद से सीरिया के अधिकांश हिस्से को नियंत्रित करते है, जबकि विद्रोहियो को उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब तक सीमित कर दिया गया है।

### पाकिस्तान के खुफिया विभाग के पांच अधिकारी निलंबित

**कराची।** पाकिस्तान के खुफिया ब्यूरो मे कथित भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने का प्रयास करने वाले टीवी के एक लोकप्रिय होस्ट व पत्रकार तथा उनके क्रू के सदस्यों को प्रताड़ित करने के आरोप में ब्यूरो ने अपने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मीडिया मे मंगलवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, पत्रकार ने इन अधिकारियों पर उन्हें और उनके क्रू के सदस्यों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। एआरवाई समाचार चैनल पर प्रसारित होने वाले इंवेस्टिगेटिव क्राइम शो सर-ए-आम के होस्ट सैयद इकरारुल हसन (37) अपने शो के लिए समाज के विभिन्न तबकों में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन करते है।

### इमरान व उनकी पत्नी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने पर पांच गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी ने प्रधानमंत्री इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और सेना के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने के आरोप मे की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के तहत पांच लोगो को गिरफ्तार किया है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने सोमवार को विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सोशल मीडिया कार्यकर्ता सबीर महमूद हाशमी की गिरफ्तारी की पुष्टि की। वरिष्ठ एफआईए अधिकारी ने मंगलवार को बताया, हमने सबीर महमूद हाशमी को लाहौर से प्रधानमंत्री खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और सेना के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने और सोशल मीडिया (ट्विटर) पर उनके खिलाफ अभियान चलाने के आरोप मे गिरफ्तार किया है। हाशमी के मोबाइल फोन से मिले अहम सुराग के आधार पर अबतक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# सिंगापुर में तीन दिवसीय एयरशो की शुरुआत

भाषा। सिंगापुर



भारतीय हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने भी भाग लिया

**सिंगापुर में** कोविड-19 महामारी के बीच द्विवार्षिक एयरशो मंगलवार से शुरू हो गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में आम लोगों को शरीक होने की अनुमति नहीं है और लगभग 600 प्रदर्शक अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले फरवरी 2020 में हुए एयरशो में लगभग 930 प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोविड-19 पाबंदियों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है। एयरशो की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड महामारी के कारण उत्पन्न मंदी से वैमानिकी बाजार उबर रहा है, रक्षा व्यय बढ़ रहा है और कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की लहर के बावजूद वाणिज्यिक वैमानिकी में तेजी आ रही है।

### भारत क्वाड को आगे बढ़ाने वाली ताकत है: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) को आगे बढ़ाने वाली ताकत और क्षेत्रीय विकास का इंजन है। मेलबर्न में क्वाड समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद व्हाइट हाउस ने यह बात कही है। यह बैठक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और यूक्रेन को लेकर पश्चिम तथा रूस के बीच बढ़ते तनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य देश हैं। व्हाइट हाउस की प्रधान उप प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने कहा, हम इस बात को मानते हैं कि भारत समान सोच रखने वाला साझेदार, दक्षिण एशिया एवं हिंद महासागर में अग्रणी, दक्षिण पूर्व एशिया में सक्रिय एवं उससे जुड़ा हुआ।

# आर्थिक सहयोग बढ़ाने और निवेश संबंधों को मजबूत बनाने पर सहमति

भाषा। नई दिल्ली

**भारत और** फिलीपीन ने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रयास करने तथा कृषि, आधारभूत ढांचा, स्वास्थ्य एवं औषधि, पर्यटन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश संबंधों को मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की तीन दिवसीय फिलीपीन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों की समीक्षा की गई। मंत्रालय के बयान के अनुसार, जयशंकर 13 से 15 फरवरी तक फिलीपीन के दौरे पर हैं। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की यह पहली फिलीपीन यात्रा है। बयान के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी यात्रा के दौरान फिलीपीन के अपने समकक्ष टी एल लोक्सिन जूनियर के साथ बैठक की। दोनों मंत्रियों ने नवंबर 2020 में डिजिटल माध्यम से हुई द्विपक्षीय सहयोग पर संयुक्त आयोग की बैठक के बाद के दोनों देशों के संबंधों से जुड़े घटनाक्रम की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों के हाल की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया तथा देशों के बीच आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रयास करने तथा कृषि, आधारभूत ढांचा, स्वास्थ्य एवं औषधि, पर्यटन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश संबंधों को मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की है। बयान के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने आतंकवाद से मुकाबला करने, रक्षा एवं नौवहन क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहित रक्षा क्षमता के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया, अपनी रवानगी से पहले फिलीपीन में भारतीय समुदाय से मुलाकात करके हर्षित हूं। ए हमारे समाज के बीच प्रभावी सेतु हैं। इनकी उपलब्धियों ने भारत की छवि बनाने में मदद की है। इनके योगदान के लिए धन्यवाद। जयशंकर की फिलीपीन यात्रा के बारे में विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने विविध क्षेत्रों में भारत एवं फिलीपीन के बीच सहयोग को लेकर भविष्य की राह के बारे में भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। बयान के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने समुद्री अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा, पारंपरिक औषधि जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हाल के समय में उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, कारोबार, पर्यटन एवं दोनों देशों के बीच छात्रों के आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों ने वीजा संबंधी व्यवस्था को सरल बनाने की जरूरत पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय मेडिकल छात्रों की जल्द फिलीपीन वापसी को सुगम बनाने के विषय पर वहां की सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।



## विदेश मंत्री जयशंकर की फिलीपीन यात्रा

### स्पेस एक्स इंजीनियर अन्ना मेमन नए अंतरिक्ष मिशन के चालक दल के सदस्यों में शामिल होंगी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी अरबपति जैरेड इसाकमैन द्वारा घोषित अनूठे अंतरिक्ष मिशन के चालक दल के सदस्यों में स्पेसएक्स की इंजीनियर अन्ना मेनन भी होंगी। इसाकमैन ने पिछले साल दुनिया के पहले निजी अंतरिक्ष चालक दल की अगुवाई की थी। अन्ना मेनन भारतीय मूल के चिकित्सक अनिल मेनन की पत्नी हैं और वह स्पेसएक्स में लीड स्पेस ऑपरेशन्स इंजीनियर हैं। स्पेसएक्स ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि अन्ना मेनन चालक दल के संचालन संबंधी कार्यक्रम का प्रबंधन करती हैं और मिशन निदेशक तथा चालक दल संवाहक के तौर पर मिशन नियंत्रण में भी सेवा देती हैं। इसाकमैन अमेरिकी भुगतान संसाधन कंपनी शिफ्ट4 के संस्थापक एवं सीईओ हैं। उन्होंने इंस्पिरेशन4 मिशन की कमान संभाली थी और पोलरिस प्रोग्राम का ऐलान किया था। कार्यक्रम में तीन मानव अंतरिक्ष यान मिशन शामिल होंगे। पहले मिशन का नाम पोलरिस डॉन है और इसे 2022 के अंत तक फ्लोरिडा में राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन (नासा) के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से भेजा जाएगा। अन्ना मेनन इस मिशन के लिए विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) MAHINDRA BLAZO40 FBT TIPPER TRAILER REG. NO. HR38W1377\HR38W1805\ HR38W1930\ HR38W2004\ HR38W2054\HR38W2125\ HR38W3109\HR38W3140\ HR38W3284\HR38W3309\ HR38W4657\HR38W6149\ HR38W6353\HR38W7125\ HR38W7812\HR38W9093\ HR38X1868\HR38X5010\ HR38X6527\HR38X6996\HR38X8545\HR38W0458\HR38W1442\HR38W2031\ HR38W3380\HR38W6160\ HR38W7067\HR38W8950\ HR38X8295\HR38W3319\ HR38X2952\HR38X9608\HR38W3853\ HR38W6023 YOM -2017

2) CONCRETE MIXER - AJAX FIORI ENGINEERING (I) PVT LTD - CB_ARGO 4000 MOB CONCRETE MIXER CHASSIS. AF1ARG405LJ006945- YOM -2018

3) SONALIKA-TRACTORS REG. NO. UP17AT3287- YOM -2018

4) MAHINDRA BOLERO PIK-UP- REG. NO. UP16GT0293-YOM-2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9711173320

# अफगान सुरक्षित पर गरीबी बढ़ी

## तालिबान राज के छह माह पूरे

भाषा। काबुल




अफगान संपत्ति पर राष्ट्रपति जो बिडेन के फैसले की निंदा करने वाले प्रदर्शनकारियों के सामने तालिबान का एक लड़ाका

**अफगानिस्तान** में तालिबान राज के छह महीने पूरे होने के दौरान कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अफगानिस्तान के लोग अब खुद को सुरक्षित मानने के साथ दशकों बाद हिंसा में कमी महसूस कर रहे हैं। लेकिन कभी विदेशी सहायता के बूते चलने वाली अफगान अर्थव्यवस्था अब पतन की तरफ बढ़ती दिख रही है। अफगानिस्तान से हजारों लोग पलायन कर चुके हैं या फिर उन्हें वहां से निकाल लिया गया है। इसमें शिक्षित अभिजात्य वर्ग के लोगों की संख्या अधिक है। ए लोग अपने आर्थिक भविष्य या स्वतंत्रता के अभाव को लेकर डरे हुए हैं। वर्ष 1990 के दशक के अंत में पिछले तालिबान शासन के दौरान लड़कियों के स्कूल जाने और महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी गई थी। मंगलवार को अफगानिस्तान में तालिबान राज के छह महीने पूरे हो गए। अमेरिका समर्थित अफगान राष्ट्रपति अचानक और गुप्त तरीके से काबुल छोड़कर चले गए थे। प्रांतों पर नियंत्रण के लिए चले एक महीने के लंबे सैन्य अभियान के बाद तालिबान ने काबुल पर भी कब्जा कर लिया। हालांकि आज भी सड़कों पर घूमते सशस्त्र तालिबान लड़ाकों का दृश्य लोगों को डराता है। लेकिन महिलाएं सड़कों पर लौट आई हैं। युवकों ने शुरू में पारंपरिक पायजामा-कमीज पहनने के लिए पश्चिमी परिधानों से पल्ला झाड़ लिया था, लेकिन युवा अब दोबारा पश्चिमी परिधान पहनने लगे हैं। 1990 के दशक के विपरीत तालिबान कुछ महिलाओं को काम करने की अनुमति दे रहा है। महिलाएं स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों के साथ-साथ काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नौकरी पर वापस आ गई हैं।



जर्मनी के शेफ्टलार्न में टक्कर के बाद दुर्घटना स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन,जर्मन पुलिस का कहना है कि सोमवारए को टक्कर में कई लोग घायल हुए हैं और कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई है

# कोविड ने दिया घरेलू पर्यटन को बढ़ावा

**अगर ऐसा कुछ है जो कोविड ने पर्यटन के लिए अच्छा किया, तो वह घरेलू यात्रा का विकास और बढ़ावा था। ''नवनीत मेंदिरत्ता'' ने ओडिशा के हीराकुंड की यात्रा की, जहां राज्य बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है।**





जब मैं अपने अग्रानुक्रम पैरामोटर सवारी की रस्सियों को कसकर पकड़ता हूं तो ठंडी हवा मेरे चेहरे पर जोर से टकराती है। मेरा पायलट धीरे से मुझे नीचे झांकने के लिए प्रोत्साहित करता है। डर और उत्तेजना है, जैसा कि मैं नीचे देखता हूं। नीचे, पानी का एक विशाल विस्तार एशिया के सबसे बड़े बांध – हीराकुंड बांध, ओडिशा का राजसी दृश्य प्रस्तुत करता है। जमीन दूर दिखाई देती है, दूर के सपने की तरह। मैं फिर ऊपर देखता हूं, मेरा दिल जोर से छाती में धडकता है। कुछ मिनट बाद, पायलट मुझे सुरक्षित लैंडिंग के लिए गाइड करता है। यह एक ऐसा अनुभव है जो लंबे समय तक मेरे साथ रहने वाला है।

लेकिन ईमानदारी से, किसने सोचा होगा कि ओडिशा इतना अद्भुत हो सकता है। जमीन पर रोमांच चाहने वालों की कतार पूर्व-कोविड समय की तुलना में अधिक लंबी होती है। आखिर सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखना होगा। ऐसे समय में जब आप दो बार सोचते हैं, या मुझे चार बार कहना चाहिए, यात्रा के लिए निकलने से पहले, भयानक महामारी की लहरों के बीच, ऑफबीट गंतव्य का लालच विरोध करने के लिए बहुत अच्छा हो जाता है।

ओडिशा में यह मेरा पहला मौका है। और मेरा प्रवास ओडिशा पर्यटन द्वारा स्थापित एक इको रिट्रीट है – वास्तव में, अधिक जागरूक और पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई में से एक। तीन महीने की छोटी अवधि के लिए स्थापित, यह पूरी तरह से चमकता हुआ अनुभव है, जो कि भुवनेश्वर, पुरी या यहां तक कि कोणार्क के पर्यटन से बहुत अलग है। हीराकुंड के अलावा, ओडिशा पर्यटन ने सतकोसिया, दरिंगबाड़ी, भितरकनिका, कोणार्क, पति सोनपुर और कोरापुट में छह इको रिसॉर्ट स्थापित किए हैं।



दो घंटे की उड़ान आपको झारसुगुडा ले जाती है। इसके बाद, यह इको रिज़ॉर्ट के लिए एक घंटे की ड्राइव पर है। शक्तिशाली महानदी नदी पर निर्मित, इस इको रिट्रीट का मुख्य आकर्षण एशिया का सबसे लंबा मिट्टी का बांध, हीराकुंड है। बांध के पीछे 743 वर्ग किमी में फैला जलाशय है। डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य और जलाशय के बीच स्थित, यह जगमगाता स्थल पश्चिमी ओडिशा के शांत पक्ष का पता लगाने का अवसर प्रदान करता है। आधुनिक सुविधाओं और प्राणी आराम से सुसज्जित पच्चीस लक्ज़री टेंट इस जंगल के नखलिस्तान में आवास के लिए बनाते हैं।

जलाशय में जेट स्कीइंग और केले की नाव की सवारी का आनंद लेने वाले जल क्रीड़ा के शौकीनों द्वारा कैंप रिसॉर्ट की शांति और शांति बीच-बीच में टूट जाती है। हालांकि यह उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो आराम करना चाहते हैं और कुछ भी नहीं करना चाहते हैं, यहां उन लोगों के लिए बहुत कुछ है जो कार्रवाई चाहते हैं। वाटर स्पोर्ट्स और पैरासेलिंग के अलावा, रिसॉर्ट में मेहमान खुद को टारगेट और बोर्ड गेम्स, एटीवी राइड और साइकिलिंग में व्यस्त रख सकते हैं। प्रवासी पक्षियों के लिए घर, आप डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में एक निर्देशित ट्रेक या सफारी भी कर सकते हैं। सूर्योदय और सूर्यास्त दिन के सबसे खूबसूरत समय को बनाते हैं।

> हीराकुंड अपने हथकरघा और हस्तशिल्प के लिए जाना जाने वाला एक विचित्र ओडिशा शहर संबलपुर से लगभग 30 मिनट की ड्राइव दूर है। संबलपुर का नाम इसके प्रमुख देवता - माँ समलेश्वरी के नाम पर पड़ा है।



हीराकुंड अपने हथकरघा और हस्तशिल्प के लिए जाना जाने वाला एक विचित्र ओडिशा शहर संबलपुर से लगभग 30 मिनट की ड्राइव दूर है। संबलपुर का नाम इसके प्रमुख देवता – माँ समलेश्वरी के नाम पर पड़ा है। और यदि आप भाग्यशाली हैं, तो आप पास स्थित मां समलेश्वरी मंदिर में शाम के प्रकाश और ध्वनि शो को देख सकते हैं। इस जगह की यात्रा कपड़ा संग्रहकर्ता के लिए एक सपना है। इस शहर के बाहरी इलाके में एक बुनकरों का गांव है। मेरे दिल के बाद साड़ी की तलाश में धूल भरी सड़क पर चलते हुए करघे की ताली मेरा स्वागत करती है।

संबलपुरी साड़ियों को पारंपरिक रूपांकनों जैसे शंख (खोल), चक्र (पहिया), फूला (फूल) के समावेश के लिए जाना जाता है, जिनमें से सभी का मूल ओडिया रंग के साथ गहरा प्रतीक है, लाल काला और सफेद भगवान कालिया के साथ वास्तविक ओडिया संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। जगन्नाथ) के चेहरे का रंग। %बंधकला% की पारंपरिक शिल्प कौशल, टाई-डाई कला उनकी जटिल बुनाई में परिलक्षित होती है, जिसे संबलपुरी इक्कत भी कहा जाता है। इस तकनीक में, धागों को पहले टाई-डाई किया जाता है और बाद में एक कपड़े में बुना जाता है, जिसमें पूरी प्रक्रिया में कई सप्ताह लगते हैं।

बिचित्र, ओडिया में, का अर्थ है अद्भुत। बिचित्रपुरी साड़ी की पहचान इसकी बड़ी पसापाली डिज़ाइन है, जो पूरे शरीर और एक सुंदर सीमा पर चलती है। पासपाली नाम शतरंज की बिसात का इस्तेमाल करते हुए पासा या जुए के खेल से लिया गया है। इन साड़ियों में शतरंज की बिसात से मिलते-जुलते कंट्रास्ट रंगों के जटिल चेक पैटर्न होते हैं, जो इसे इसका नाम देते हैं। मैं एक पारंपरिक काले और लाल संयोजन का चयन करता हूं। बाहर, स्थानीय महिलाओं को संबलपुरी और पासापाली ड्रेप्स पहने, स्थानीय शैली में ऊंचे स्थान पर देखना एक खुशी की बात है।






ईको रिसॉर्ट के लिए ड्राइव एक सुंदर है, खासकर शाम के करीब। परिदृश्य धीरे-धीरे सड़क के किनारे के बाजारों से बांध क्षेत्र के चारों ओर के जंगलों में बदल जाता है। रिसॉर्ट में, एक ओड़िया थाली मेरा इंतजार कर रही है। उड़िया का खाना सादा और पौष्टिक होता है। कार्यकारी शेफ सूर्य नायक मुझे पारंपरिक भोजन के माध्यम से ले जाते हैं।

मछली के रूप में चावल इस राज्य के लोगों के लिए एक प्रधान है। एक विशिष्ट थाली में दालमा (सब्जियों के साथ पकाई गई मटर की दाल), पखला (किण्वित पानी, दही, खीरा, जीरा, तले हुए प्याज और पुदीने के पत्तों में पके हुए चावल से तैयार), बड़ी-चुरा (वडी का एक मोटा कुचल मिश्रण) शामिल हैं। प्याज, नमक और सरसों का तेल, आलू चोखा के समान), साग, बेसरा (सरसों के पेस्ट में पकी हुई मिश्रित सब्जी), भाजा (यह कोई भी मौसमी सब्जी हो सकती है, सबसे लोकप्रिय बैंगन, या मछली भी हो सकती है), पुली पिठा (पकौड़ी) और छेना पोडा (बेक्ड चीज़ केक, एक ला इंडियन स्टाइल)।

पखाला दोपहर में सबसे अच्छा खाया जाता है। किण्वित पानी गर्मी से निपटने के लिए बहुत अच्छा खाना पकाने वाला एजेंट है और यहां तक कि मीठी नींद भी आती है। मैंने जो पखला खाया वह दो दिनों में किण्वित हो गया था। मुझे बताया गया है कि चार दिनों में किण्वित एक अधिक शक्तिशाली है और स्थानीय लोग क्या पसंद करते हैं। उड़िया अपनी मछली से प्यार करते हैं, यही कारण है कि मछली करी, मछली भाजा और यहां तक कि सूखी मछली की तैयारी भी सबसे पसंदीदा है।

अच्छा खाना हीलिंग हो सकता है, मुझे एहसास है कि मैं शहर की धूर्तता से काम कर रहा हूं, घर से काम की थकान को दूर करने की कोशिश कर रहा हूं। एक शांत अलाव दिन के बिल्कुल करीब बनाता है। कुछ ही दूरी पर, मैं लोकप्रिय ओड़िया गीत रंगबती बजाते हुए सुन सकता हूं। यह एक खूबसूरत तारों वाली रात है और मैं इससे बेहतर छुट्टी की कामना नहीं कर सकता था।

# टी-20 में वेस्टइंडीज से आज भिड़ेगा भारत

## इशान किशन और श्रेयस अय्यर पर रहेंगी नजरें, वेस्टइंडीज को कम आंकने की गलती नहीं करेगा भारत

भाषा। कोलकाता


अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को टिप्स देते कोच राहुल द्रविड़

**युवा** प्रतिभाओं की मौजूदगी वाली भारतीय टीम आठ महीने बाद होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले सही संयोजन तैयार करने के इरादे से बुधवार से यहां तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज से भिड़ेगी। भारत पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में यूएई में हुए टी-20 विश्व कप में भी खिताब का प्रबल दावेदार था लेकिन लीग चरण से ही बाहर हो गया। टीम के संयोजन में कमियां नजर आई जिससे टी-20 कप्तान के रूप में अंतिम प्रतियोगिता में जीत का विराट कोहली का सपना भी टूट गया।

आस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे टी-20 विश्व से पहले भारत का कार्यक्रम व्यस्त है और उसकी नजरें मजबूत टीम तैयार करने पर टिकी होंगी। मुंबई इंडियन्स ने रोहित शर्मा की अगुआई में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। रोहित की अगुआई में अब टीम इंडिया सलामी जोड़ी, मध्यक्रम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी को लेकर रणनीति तैयार करना चाहेगी।

भारतीय टीम में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं। आईपीएल की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियन्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को 15 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा। मौजूदा टीम में शामिल 10 खिलाड़ियों को नीलामी में बड़े करार मिले और सभी की नजरें श्रेयस अय्यर (कोलकाता नाइट राइडर्स, 12 करोड़ 25 लाख रुपए), हर्षल पटेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, 10 करोड़ 75 लाख रुपए) और शारदुल ठाकुर (दिल्ली कैपिटल्स, 10 करोड़ 75 लाख रुपए) पर टिकी होंगी। टी-20 श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में तीन मैचों की एकदिवसीय के पहले मैच में रोहित ने इशान के साथ पारी का आगाज किया जबकि बाकी दो मैच में ऋषभ पंत और शिखर धवन ने कप्तान के साथ पारी की शुरुआत की। इशान को पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है लेकिन बेहतरीन फॉर्म में चल रहे महाराष्ट्र के आक्रामक बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की दावेदारी भी मजबूत है। वेंकटेश अय्यर भी कप्तान के साथ पारी की शुरुआत करने के दावेदारों में शामिल हैं।

पूर्व कप्तान विराट कोहली अगर रोहित के साथ पारी का आगाज करने उतरते हैं तो यह रोमांचक होगा। कोहली पिछले कुछ समय से उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने पिछला शतक इसी मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में नवंबर 2019 में जड़ा था। पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को टी-20 विश्व कप के पहले मुकाबले से पूर्व भारत का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। टीम इंडिया ऐसे में पंत को आराम देकर इशान को आजमा सकती है। इससे रोहित को श्रेयस और सूर्यकुमार यादव दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में खिलाने का मौका मिलेगा। हाल में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में दोनों अच्छी फॉर्म में थे।

सूर्यकुमार एकदिवसीय श्रृंखला में 52 की औसत से 104 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। निचले क्रम में भारत के पास शारदुल ठाकुर, दीपक चाहर और हर्षल पटेल के रूप में अच्छे विकल्प मौजूद हैं। स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल पर एक बार फिर दारोमदार होगा जिन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

यह देखना होगा कि वाशिंगटन सुंदर के पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद राजस्थान के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को पदार्पण का मौका मिलता है या नहीं।

आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद बिश्नोई को टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय श्रृंखला में फ्लॉप शो के बाद कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली वेस्टइंडीज की टीम अपने पसंदीदा टी-20 प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। टी-20 विशेषज्ञों की मौजूदगी वाली वेस्टइंडीज की टीम स्वदेश में पांच मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर यहां पहुंची है। वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी क्रम लंबा है और उसके पास कुछ आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनकी बदौलत टीम को भार को कड़ी चुनौती देने की उम्मीद है। जेसन होल्डर अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम मैच में चार गेंद में चार विकेट चटाककर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर पांच विकेट चटकाए। टीम के पास होल्डर के अलावा ओडियन स्मिथ, अकील हुसैन और पोलार्ड जैसे आलराउंडर मौजूद हैं।

### रोहित ने कहा, कोहली को अकेला छोड़ दो

**कोलकाता।** विराट कोहली की खराब फॉर्म से जुड़ी चिंताओं को खारिज करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि अगर उनसे जुड़ी बातें बंद हो जाएंगी तो सभी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले जब रोहित से मीडिया ने एक बार फिर कोहली की बल्लेबाजी फॉर्म को लेकर लगातार सवाल किए तो भारतीय कप्तान इसे खुश नहीं थे। रोहित ने कहा कि मुझे लगता है कि इसकी शुरुआत आप लोगों के साथ होती है। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया कुछ समय चुप रह पाएं तो सभी चीजें ठीक हो जाएंगी। अगर आपकी तरफ से बातें बंद हों तो बाकी सभी चीजों का ध्यान रखा जा सकता है। रोहित ने कहा कि कोहली किसी तरह के दबाव में नहीं हैं और जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। कोहली की फॉर्म को लेकर लगातार सवाल पूछे जाने पर रोहित ने कहा, वह काफी अच्छी स्थिति में है और एक दशक से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतना अधिक समय बिताया है कि उसे पता है कि दबाव की स्थिति से कैसे निपटना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सभी चीजों की शुरुआत आप लोगों से होती है।

# विराट कोहली मोहाली में खेलेंगे 100वां टेस्ट

### ●श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए नया कार्यक्रम जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका के खिलाफ 25 फरवरी से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला का संशोधित कार्यक्रम घोषित करते हुए पुष्टि की कि टी-20 श्रृंखला का आयोजन दो टेस्ट मैच से पहले किया जाएगा।

शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार दो टेस्ट मैच का आयोजन टी-20 से पहले होना था लेकिन श्रीलंका क्रिकेट के आग्रह पर बीसीसीआई ने यह बदलाव किया। बीसीसीआई ने बयान में कहा कि श्रीलंका पहले तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। जिसके बाद दो टेस्ट मैच का आयोजन होगा जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 का हिस्सा हैं। विराट कोहली के अपना 100वां टेस्ट मोहाली में चार से आठ मार्च तक खेलने की उम्मीद है।

दूसरा टेस्ट बेंगलुरू में 12 से 16 मार्च तक खेला जाएगा जो दिन-रात्रि का मुकाबला होगा। भारत में गुलाबी गेंद का पिछला टेस्ट अहमदाबाद में पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया था जिसे पूरी तरह से स्पिन की अनुकूल पिच पर भारत ने दो दिन के अंदर की जीत लिया था। पहला टी-20 लखनऊ में 24 फरवरी को होगा जिसके बाद दूसरा और तीसरा मुकाबला धर्मशाला में 26 और 27 फरवरी को होगा। श्रीलंका श्रृंखला लिए कार्यक्रम की घोषणा के बाद बीसीसीआई के जल्द ही टेस्ट कप्तान की घोषणा करने की उम्मीद है।


कोच फिल सिमंस के साथ पिच का निरीक्षण करते कीरोन पोलार्ड

# वेस्टइंडीज के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं : कीरोन पोलार्ड

भाषा। कोलकाता

**उनके** खिलाड़ियों ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) की नीलामी में भले ही मोटी कमाई की हो लेकिन वेस्टइंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने मंगलवार को यहां कहा कि अब समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान देने का है क्योंकि उनकी टीम भारत से टी-20 श्रृंखला जीतना चाहती है। आईपीएल नीलामी में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों पर अच्छी खासी बोली लगी। कुल 14 कैरेबियाई खिलाड़ियों को चुना गया जबकि पोलार्ड, सुनील नारायण और आंद्रे रसेल को उनकी फ्रेंचाइजी टीमों ने पहले ही रिटेन कर रखा था। पोलार्ड ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (आईपीएल नीलामी) संपन्न हो चुकी है और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। जब आईपीएल होगा तो वे उस पर ध्यान देंगे लेकिन हमें वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को खराब फॉर्म में होने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों में सबसे मोटी कीमत पर बिके। पोलार्ड से पूछा गया कि क्या खिलाड़ी इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी मोटी कमाई को सही ठहराने की कोशिश करेंगे, उन्होंने कहा, मैं ऐसा नहीं कहूंगा। जब भी उन्हें अपनी अंतरराष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, वे अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।


अभ्यास के लिए जाते श्रेयस अय्यर

# सुरेश रैना अब चेन्नई सुपर किंग्स टीम में फिट नहीं बैठते : सीईओ

भाषा। चेन्नई



**चेन्नई** सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ कासी विश्वनाथन ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने लंबे समय से उनकी टीम की तरफ से खेलने वाले सुरेश रैना की वर्तमान फॉर्म को देखकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में नहीं खरीदा। रैना को नजरंदाज किए जाने पर सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने नाराजगी व्यक्त की लेकिन विश्वनाथन ने कहा कि टीम संयोजन और फॉर्म को देखते हुए बाएं हाथ का यह बल्लेबाज टीम में फिट नहीं बैठ रहा था। उन्होंने कहा कि रैना अतीत में हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी था लेकिन वर्तमान फॉर्म को ध्यान में रखते हुए वह टीम में फिट नहीं बैठते थे। रैना आईपीएल के सुपरस्टार रहे हैं जिसमें उन्होंने 205 मैचों में एक शतक और 39 अर्धशतक की मदद से 5528 रन बनाए। नीलामी में किसी भी टीम ने उन्हें नहीं खरीदा। उन्होंने अपना आधार मूल्य दो करोड़ रुपए तय किया था। सीएसके के एक अन्य पुराने खिलाड़ी फाफ डु प्लेसी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने खरीदा।

विश्वनाथन ने इस बारे में कहा कि हमें फाफ की कमी खलेगी जो एक दशक से हमारे साथ था लेकिन नीलामी में ऐसा होता है। दीपक चाहर को 14 करोड़ रुपए में खरीदने के बारे में सीएसके के सीईओ ने कहा, हम जानते हैं कि दीपक चाहर मैच विजेता है। उसने हमारी तरफ से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है इसलिए हमने दीपक को खरीदने को प्राथमिकता में रखा और हम उसे लेने में सफल रहे।

### बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में कोरिया से 0-5 से हारा भारत

शाह आलम (**मलेशिया**)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन की अगुआई वाली भारत की युवा पुरुष टीम को मंगलवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में कोरिया के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इंडिया ओपन विजेता लक्ष्य से काफी उम्मीदें थी लेकिन दुनिया के 13वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को जियोन हियोक के खिलाफ 42 मिनट में 11-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ओडिशा ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली रविकृष्ण पीएस और शंकर प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी इसके बाद ह्वी तेइ किम और किम जेहवान की जोड़ी के खिलाफ 8-21, 10-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया। दुनिया के 75वें नंबर के खिलाड़ी किरन जॉर्ज को इसके बाद जू वेन किम के खिलाफ 42 मिनट में 18-21, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# भारत को दूसरे वनडे में भी मिली हार

**महिला क्रिकेट**

भाषा। क्वींसटाउन

**भारत** को अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की कमी खली जिनकी गैरमौजूदगी में मंगलवार को यहां टीम दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 270 रन के स्कोर का बचाव करने में विफल रही और उसे तीन विकेट से शिकस्त का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है।

दीप्ति शर्मा ने 52 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़ और हरमनप्रीत कौर की स्पिन तिकड़ी ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी। भारत ने कप्तान मिताली राज (नाबाद 66), रिचा घोष (65) और सलामी बल्लेबाज साभिनेनी मेघना (49) की पारियों की बदौलत छह विकेट पर 270 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में अमेलिया केर (नाबाद 119) के शतक और मैडी ग्रीन (52) के साथ उनकी चौथे विकेट की 128 रन की साझेदारी की बदौलत 49 ओवर में सात विकेट पर 273 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत करते हुए नौवें ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 55 रन पर तीन विकेट कर दिया था लेकिन अमेलिया और ग्रीन ने 24.4 ओवर तक क्रीज पर टिककर मेहमान टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

ग्रीन को 23 रन के स्कोर पर तानिया भाटिया ने जीवनदान दिया जबकि अमेलिया भी कुछ मौकों पर भाग्यशाली रही। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10वें ओवर से पहले ही सोफी डिवाइन (33), पहले मैच में शतक जड़ने वाली सूजी बेट्स (16) और कप्तान ऐमी सेटरथवेट (00) के विकेट गंवा दिए। अमेलिया और ग्रीन ने हालांकि चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके न्यूजीलैंड की जीत का मंच तैयार किया। ग्रीन जब पवेलियन लौटी तब टीम को 16.3 ओवर में जीत के लिए 88 रन की दरकार थी लेकिन अमेलिया ने टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले कप्तान मिताली राज ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए नाबाद 66 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने भी अर्धशतक जड़ा। पहले मैच में हार के दौरान 59 रन बनाने वाली मिताली ने 81 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके मारे। रिचा ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 70 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा।

मिताली और रिचा ने पांचवें विकेट के लिए 17.4 ओवर में 108 रन की साझेदारी की जिससे टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज मेघना ने शेफाली वर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई।

### महिला विश्व कप विजेता को मिलेगी 13.20 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि

**दुबई।** न्यूजीलैंड में होने वाले आगामी आईसीसी महिला विश्व कप के विजेता को 13 लाख 20 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी जो इंग्लैंड में 2017 में हुए विश्व कप की विजेता को मिली राशि से दोगुनी है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि में 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आठ टीम के बीच 35 लाख डॉलर की इनामी राशि बांटी जाएगी जो पिछले टूर्नामेंट की तुलना में 15 लाख डॉलर अधिक है। टूर्नामेंट के उप विजेता को छह लाख डॉलर की इनामी राशि मिलेगी जो 2017 के उप विजेता भारत को मिली राशि से दो लाख 70,000 हजार डॉलर अधिक है।

सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीम में से प्रत्एक को तीन लाख डॉलर मिलेंगे जबकि ग्रुप चरण से बाहर होने वाले चार टीम में से प्रत्एक को 70 हजार डॉलर की राशि मिलेगी जो पिछले टूर्नामेंट के 30 हजार डॉलर की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

# महिला वनडे रैंकिंग में मिताली राज दूसरे स्थान पर बरकरार

भाषा। दुबई



**भारतीय** कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की बल्लेबाज ऐमी सेटरथवेट तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।

ऐमी ने आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को पछाड़ा। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 749 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं जबकि मिताली के 744 अंक हैं। ऐमी के मिताली से 15 अंक कम हैं। बेट्स के 11वें एकदिवसीय शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में ।-0 की बढ़त बनाई।

इस प्रदर्शन से वह छह महीने में पहली बार शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। साप्ताहिक अपडेट में बेट्स पांच स्थान की छलांग के साथ 17वें पायदान पर हैं।

# फ्रेंच ओपन और विम्बलडन से भी बाहर हो सकते हैं जोकोविच

एपी। लंदन



**दुनिया** के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि अगर उन्हें चुनने के लिए बाध्य किया गया तो वह कोविड-19 का टीका लगाने की जगह फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेलने का विकल्प चुनेंगे। जोकोविच अगर फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो रफेल नडाल के रिकॉर्ड 21 पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने का मौका भी गंवा देंगे। जोकोविच को पिछले महीने आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था क्योंकि उन्होंने कोरोना वायरस का टीका नहीं लगवाया है।

इसके बाद दुनिया भर में काफी बवाल मचा था। 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के जोकोविच ने मंगलवार को प्रसारित साक्षात्कार में बीबीसी से कहा कि उनका टीकाकरण नहीं हुआ है और अपनी इस स्थिति को बरकरार रखने के लिए वह खिताबों का बलिदान करने के लिए तैयार हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह रोलां गैरो और विम्बलडन में खिताब की रक्षा नहीं करने तथा अन्य टूर्नामेंट से बाहर रहने जैसी कीमत चुकाने को तैयार हैं। जोकोविच ने कहा कि वह टीकाकरण के खिलाफ नहीं हैं।

### जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को और पटना ने बेंगलुरू को हराया

**बेंगलुरू।** जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने स्टार रेडर अर्जुन देसवाल (17 अंक) के बेहतरीन प्रदर्शन से मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में यू मुंबा को 44-28 से पराजित किया। एक अन्य मैच में पटना पाइरेट्स ने बेंगलुरू बुल्स को 36-34 के करीबी अंतर से हराया। पटना की तरफ से सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया जिससे उसकी टीम लगातार सातवीं जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पटना ने लीग चरण में अपना पहला स्थान भी सुनिश्चित कर दिया।

इससे पहले जयपुर ने 20 मैचों में नौवीं जीत दर्ज की जिससे वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। उसकी जीत में रक्षकों ने भी अहम योगदान दिया जिन्होंने 15 अंक जुटाए। मुंबई की यह 20 मैचों में आठवीं हार है। उसकी तरफ से वी. अजीत कुमार (11 अंक) ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन रक्षकों ने उसे निराश किया जो केवल पांच अंक हासिल कर पाए।

# पंजाब किंग्स में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच की दोहरी भूमिका निभाएंगे रोड्स



भाषा। नई दिल्ली

**पंजाब** किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच जोंटी रोड्स ने वसीम जाफर के जाने के बाद टीम के बल्लेबाजी कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। रोड्स को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में शामिल किया जाता है लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए आठ हजार से अधिक रन भी बनाए हैं। पिछले हफ्ते आईपीएल की नीलामी के दौरान 52 साल का यह पूर्व क्रिकेटर मुख्य कोच अनिल कुंबले और सह मालिकों के साथ मौजूद था। रोड्स ने 245 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 5935 रन जबकि 52 टेस्ट में 2532 रन बनाए हैं।

कुंबले स्पिनरों के साथ काम करेंगे जबकि डेमियन राइट तेज गेंदबाजी कोच होंगे। पिछले सत्र में टीम के सहायक कोच रहे एंडी फ्लावर नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स से मुख्य कोच के रूप में जुड़ गए हैं। अब तक आईपीएल खिताब जीतने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम पिछली बार 2014 में फाइनल में पहुंची थी। नीलामी में हालांकि शिखर धवन, शाहरूख खान, लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टो, ओडियन स्मिथ, कागिसो रबादा और भारत के अंडर-19 स्टार राज बावा को खरीदने के बाद टीम को इस बार खिताब जीतने की उम्मीद है। पंजाब की टीम नीलामी में सबसे अधिक राशि के साथ उतरी थी क्योंकि उसने सिर्फ मयंक अग्रवाल और अर्शदीप सिंह को रिटेन किया था।

टीम जल्द ही अपने कप्तान पर फैसला करेगी। टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले मयंक अग्रवाल ने पिछले सत्र में लोकेश राहुल के चोटिल होने के बाद टीम की अगुआई की थी।